आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:14 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 9 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 61, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं 16
एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया 15

# हरियाणा में नायब, घाटी में उमर सरकार

**विधानसभा चुनाव नतीजे**

## गलत साबित हुए चुनाव बाद के सारे अनुमान हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की हैट्रिक

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सत्ता में वापसी, सरकार बनाने का भाजपा का मंसूबा अधूरा

नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों/रुझानों में मतदाताओं ने आश्चर्यचकित करते हुए दोनों ही स्थानों पर विजेताओं को निर्णायक बढ़त प्रदान की है। इसके तहत हरियाणा में भाजपा सबसे बड़े दल के तौर पर जीत की हैट्रिक की ओर अग्रसर है तो वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाता दिख रहा है।

एक राज्य, एक केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता दांव पर थी और तीन मुख्य दावेदार मैदान में थे। जून में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद हुए पहले विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल एक बार फिर गलत साबित हुए और नतीजे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए मिले-जुले रहे। कांग्रेस के लिए यह झटका साबित हुए, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को स्पष्ट जीत मिलती नजर आ रही है। जम्मू-कश्मीर में नेकां के नेतृत्व में गठबंधन सत्ता में वापसी कर रहा है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार शाम सवा चार बजे 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा 50 सीट (26 पर जीत और 24 पर आगे) पर बढ़त के साथ तीसरी बार सत्ता में वापसी करती नजर आ रही है, जबकि सुबह के शुरुआती रुझानों में वह कांग्रेस से पीछे थी। हालांकि, रुझानों में भाजपा जम्मू-कश्मीर की 90 में से महज 29 सीट (दो पर जीत 27 पर आगे) झोली में डालती दिख रही है। इस साल के अंत में महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ये नतीजे जहां भाजपा के लिए मनोबल बढ़ाने वाले हैं, वहीं कांग्रेस के लिए ये भारी निराशा वाले प्रतीत होते हैं। कांग्रेस लोकसभा के नतीजों से मिली बढ़त को बरकरार रखने की उम्मीद कर रही थी।



चुनाव जीतने के बाद पूजा कराने मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। ● एजेंसी

### लोगों ने सरकार की नीतियों पर लगाई मुहर : सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि मैं इसका पूरा श्रेय मोदी जी को देता हूं। उनके आशीर्वाद से, उनके मार्गदर्शन में, हरियाणा के लोगों ने सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है। सैनी ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व, भाजपा नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

### नेकां को खत्म करने वाले खुद खत्म हो गए

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव में घाटी में दोनों सीट बडगाम और गांदरबल से जीत दर्ज की है। उमर अब्दुल्ला 2009-14 तक मुख्यमंत्री रहने के बाद एक बार फिर इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों से जो नेशनल कॉन्फ्रेंस को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे, वे आज खुद खत्म हो गए हैं। हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है...। गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा किसे बनाया जाएगा, इस सवाल पर नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि यह परिणाम इस बात का सबूत है कि जम्मू कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ थे।



जीत के बाद अपने समर्थकों के साथ उमर अब्दुल्ला।

### जनादेश ने साजिशों को नाकाम किया : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में भाजपा की जीत को कार्यकर्ताओं की तपस्या और राज्य के लोगों के देशप्रेम का नतीजा और जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम को भारत के संविधान की जीत करार दिया है। मोदी ने हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद देर शाम को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के चुनावों ने कांग्रेस की सभी देशविरोधी साजिशों को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में भाजपा को छप्पर फाड़ कर वोट दिए हैं। इस समारोह में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे।

### सुबह खुशी, शाम को मायूसी

हरियाणा में सुबह के रुझानों में कांग्रेस आगे थी और उत्साही नेताओं ने मिठाइयां भी बांटनी शुरू कर दी थी। हरियाणा में अपने शीर्ष नेतृत्व में कलह से जूझ रही कांग्रेस को सत्ता में आने की उम्मीद थी, लेकिन वह राज्य में महज 35 सीट पर जीत या बढ़त बनाए हुए है जो पिछली बार की तुलना में सात अधिक है, लेकिन सरकार बनाने के लिए जरूरी 46 सीट से काफी कम है। जम्मू-कश्मीर में पार्टी नेकां के सहारे सत्ता तक पहुंचती दिख रही है। कांग्रेस ने यहां 32 सीट पर चुनाव लड़ा था जिनमें से छह पर सफलता मिली है।

# आरजी कर अस्पताल के 50 डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

● आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में लिया फैसला

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 50 चिकित्सकों ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इन चिकित्सकों ने बलात्कार एवं हत्याकांड की शिकार प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर पांच अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए यह कदम उठाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के अन्य चिकित्सा कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों के एक वर्ग ने कहा कि वे भी इस्तीफा दे सकते हैं। यह घटनाक्रम सात कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में उनके साथियों द्वारा एकजुटता प्रदर्शित करते हुए किए जा रहे प्रतीकात्मक 12 घंटे के उपवास के मद्देनजर सामने आया है।

राज्य-संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के संगठनों में से एक एसोसिएशन ऑफ हेल्थ सर्विसेज डॉक्टर्स के प्रतिनिधि डॉ. मानस गुमटा ने कहा कि अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित और प्रासंगिक मांगों पर ध्यान नहीं देगी तो हम सरकारी अस्पतालों के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान करने के लिए मजबूर होंगे।

### यह है आंदोलनकारी डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों की मांगों में राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाना, मेडिकल कॉलेज परिसरों में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति, चिकित्सकों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों को भरना, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन को मान्यता देना, राज्य चिकित्सा परिषद की अनियमितताओं की जांच और धमकी देने में शामिल लोगों को दंडित करने की मांग शामिल है।

### जूनियर डॉक्टरों की 12 घंटों की भूख हड़ताल

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार हुई डॉक्टर के लिए न्याय और कुछ शीर्ष अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी सरकारी अस्पतालों के सामने 12 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की। इस बीच सात डॉक्टरों का अनिश्चितकालीन अनशन चौथे दिन भी जारी रहा।

## एक नजर

### असम में 11 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग अभियानों में 11 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए और एक मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने एक्स पर कहा कि बिश्वनाथ और कछार जिलों से गांजा, हेरोइन तथा याबा गोलियों जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। असम पुलिस ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाया और मादक पदार्थों का जखीरा बरामद किया।

### दिल्ली में एक इमारत में लगी आग, 10 को बचाया

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मंगलवार सुबह एक आवासीय इमारत में लगी आग के बीच से 10 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क की लेन संख्या-3 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना सुबह साढ़े नौ बजे मिली और पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। भूतल स्थित पार्किंग में आग लग गई थी और कुछ लोग ऊपरी मंजिलों पर फंस गए थे। आग में फंसे सभी लोगों को सीढ़ियों और क्रेन की मदद से बचा लिया गया और सभी लोग सुरक्षित हैं।

### कोझिकोड में बस हादसे में एक की मौत, कई घायल

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में 50 यात्रियों को ले जा रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस मंगलवार को थिरुवंबाडी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। बस सड़क किनारे एक दीवार से टकराई और पास की एक नदी में पलट गई।

# जॉन होपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को भौतिकी का नोबेल

स्टॉकहोम, एजेंसी

● एआई तकनीक की खोज के लिए होंगे सम्मानित

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों जॉन हॉपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को उनके नाम की घोषणा की गई।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के गॉडफादर कहे जाने वाले हिंटन कनाडा और ब्रिटेन के नागरिक हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में काम करते हैं। होपफील्ड अमेरिकी हैं और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। नोबेल समिति ने कहा कि भौतिकी के लिए इस साल का नोबेल पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों ने आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की बुनियाद समझे जाने वाले तरीके विकसित करने के लिए भौतिकी के साधनों का इस्तेमाल किया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस में नोबेल समिति की सदस्य एलेन मून्स ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने कृत्रिम न्यूरोन के नेटवर्क को डिजाइन करने के लिए सांख्यिकीय भौतिकी की मौलिक अवधारणाओं का उपयोग किया जो सहयोगात्मक स्मृतियों के रूप में कार्य करती हैं।

## फर्जी प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने अम्बरपेट में एक जेरॉक्स सेंटर से चलाए जा रहे फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़ करके, दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि खुफिया जानकारी पर, अंबरपेट के ओवैसी नगर में एमएस एंटरप्राइजेज नाम के ज़ेरॉक्स सेंटर पर छापा मारा। इस दौरान, मौला अली, मलकाजगिरी के मोहम्मद महफूज इकबाल (41) और अंबरपेट के शेख इलियास अहमद (34) को पकड़ा, जो बड़ी रकम के बदले में सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट, 12वीं और स्नातक विषयों सहित नकली शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार करते थे और बेचते थे।

# दबिश देनी पहुंची पुलिस की पिटाई से अधेड़ की मौत

## ग्रामीणों में आक्रोश, तनाव के चलते कई थानों की फोर्स और पीएसी गांव में तैनात

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु होने की वजह हार्ट अटैक बताया गया

अज्ञात पुलिसकर्मी पूछताछ के लिए कमल को ले जा रहे थे, जिसका विरोध कन्हई करने लगे। इसी बीच वो गिर गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। **-नृपेंद्र कुमार**, एएसपी हरदोई।

**अमृत विचार :** कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र में पुलिस की पिटाई से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों की पुलिस के साथ झड़प हो गई, जिसके बाद पीएसी सहित चार थानों की फोर्स नटपुरवा में मौके पर तैनात है। वहीं देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस की पिटाई से नहीं, बल्कि हार्ट अटैक से मृत्यु होने की बात बताई गई है।

जानकारी के अनुसार बिलग्राम में स्कूल से आ रही छात्रा का एक बाइक सवार युवक ने दुपट्टा खींच लिया, जिससे वो गिरते-गिरते बची थी। इसी मामले में पुलिस शक के आधार पर नटपुरवा के रहने वाले कमल बाबू को पकड़ने सोमवार आधी रात बाद उसके घर पहुंची। पुलिस कमल को पकड़कर ले जाने लगी तो उसने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर कमल बाबू के मौसा कन्हई (54) उसे बचाने आ गए। कमल के परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को रोक लिया। इस दौरान कन्हई ने पूछा- कमल को किस मामले में पकड़ने आए हो। इस पर पुलिसकर्मी भड़क गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने कन्हई को बेरहमी से पीटा, उसका सिर खंभे से लड़ा दिया। कन्हई के गंभीर चोटिल होने पर परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कन्हई की मौत की खबर से पूरे गांव के लोग पुलिस के विरोध में सड़क पर उतर आए। हालत बिगड़ते देख गांव में पीएसी और बिलग्राम के अलावा साण्डी, माधौगंज और मल्लावां थाने की पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। बता दें कि पुलिस की पिटाई से आहत होकर सोमवार को कासगंज में एक अधेड़ ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। दलित तबके का रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहा था जिस पर पुलिसकर्मियों ने उसकी पिटाई कर दी। आहत दिवाकर ने बाद में खुदकुशी कर ली, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत लखनऊ निवासी युवक ने विधानभवन के सामने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया था।

# सभी मंडलों में कुंभ समिट कराएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● लखनऊ से शुरुआत, 14 दिसंबर को प्रयागराज में किया जाएगा समापन

● चित्रकला, शास्त्रीय और उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी

**अमृत विचार :** महाकुंभ-2025 से पहले राज्य सरकार सभी 18 मंडलों में कुंभ समिट कराएगी। लखनऊ से इसकी शुरुआत हो गई है। समापन 14 दिसंबर को प्रयागराज में होगा। समिट में उप्र. के कलाकारों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी इससे जुड़ने का अवसर मिलेगा। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस कड़ी में कुंभ अभिनंदन रोड शो, बाल-युवा कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, भक्ति कुंभ का भी आयोजन किया जाएगा।




कुंभ समिट के आयोजन के लिए मंडल स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान चित्रकला, फोटोग्राफी, शास्त्रीय, उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य की प्रतियोगिता कराई जाएगी। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। रंगोली आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इन आयोजनों में स्कूली बच्चों की भागीदारी प्रमुखता से रहेगी। साथ ही 12600 कलाकारों ने भी ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। ऐसी प्रतियोगिताएं और आयोजन लखनऊ, झांसी, वाराणसी, कानपुर, अयोध्या, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मीरजापुर समेत अन्य मंडलों में होंगे। मंडल स्तर पर कुंभ समिट के लिए समन्वयक भी बनाए गए हैं।

लखनऊ मंडल के समन्वयक संस्कृति निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. राजेश अहिरवार, गोरखपुर व कानपुर मंडल की जिम्मेदारी उप्र. राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला, अयोध्या के समन्वयक संस्कृति निदेशालय के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक, मीरजापुर-देवीपाटन, मेरठ की जिम्मेदारी डॉ. राकेश सिंह को सौंपी गई है। सहारनपुर-अलीगढ़ की जिम्मेदारी डॉ. शोभित नाहर, बस्ती, बरेली-आगरा के समन्वयक अतुल द्विवेदी समेत अन्य को सौंपी गई है।

## धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए अजहरुद्दीन

**हैदराबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी उनसे पूछताछ करेगी और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। इससे पहले, पूर्व सांसद को तीन अक्टूबर को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने कुछ समय मांगा था जिसके बाद उन्हें 8 अक्टूबर को बुलाया गया।

# छींटाकशी से नाराज युवती ने युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

संवाददाता, कांठ (मुरादाबाद)

● बाइक से खींचकर शुरू की पिटाई, बचने के लिए भागता रहा युवक

● पुलिस दोनों को पकड़कर लाई थाने, युवक बोला-केवल पता ही पूछा था

**अमृत विचार :** छींटाकशी करने पर युवती ने फिल्मी अंदाज में बाइक सवार युवक को खींच कर गिराने के बाद लात-घूंसों से जमकर पिटाई की। युवक बचने को चीखता-चिल्लाता भागता रहा, लेकिन युवती दौड़ा-दौड़ाकर पीटती रही।

मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गई जहां उनसे पूछताछ कर रही है। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि कांठ कस्बे में एचपी गैस एजेंसी के पास मंगलवार को बाइक सवार युवक ने युवती पर छींटाकशी कर दी। इस पर गुस्साई युवती ने युवक को बाइक से खींच लिया और बीच सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। युवक चीखता रहा लेकिन युवती उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटती रही। शोर सुनकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। किसी तरह युवक जान बचाकर स्टेशन रोड की ओर भागा। इस पर युवती ने एक लड़के की बाइक पर बैठकर उसका पीछा किया। फिर चमन सिलाई सेंटर के पास उसे रोककर लात-घूंसों से पिटाई की। लोगों ने घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना पुलिस पहुंच गई और आरोपी युवक तथा युवती को पकड़कर थाने ले गई। युवक का कहना था कि उसने छींटाकशी नहीं की है। वह पता पूछ रहा था। देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी।

# डिप्टी रेंजर की कार ने 4 को रौंदा, 2 की मौत

संवाददाता, गोंडा

**हिट एंड रन**

● घायलों की हालत गंभीर, एक को लखनऊ रेफर किया गया

● भाग रहे डिप्टी रेंजर को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



आयुषी



अंगदलाल

**अमृत विचार :** वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर की अनियंत्रित कार ने खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोपाल बाग के समीप मंगलवार की सुबह दो सगी बहनों समेत चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो की मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद भाग रहे डिप्टी रेंजर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

बहराइच जिले में वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर अमित वर्मा मंगलवार की सुबह आर्यनगर से गोकरननाथ शिवाला की तरफ जा रहे थे। गोपाल बाग कस्बे के समीप वह अपनी कार से नियंत्रण खो बैठे और कार अनियंत्रित होकर एक वेल्डिंग की दुकान पर काम रहे अंगदलाल उर्फ झुरई (40) रुपईडीह गांव की रहने वाली दो सगी बहनों गौरीशा श्रीवास्तव उर्फ परी (12) व आयुषी श्रीवास्तव उर्फ शगुन (10) तथा कमडावा गांव के रौनक कुमार (14) पुत्र लवकुश तिवारी को रौंद दिया। इसमें अंगदलाल तथा आयुषी की मौत हो गई। हादसे के बाद डिप्टी रेंजर ने भागने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें दबोच लिया। गंभीर रूप से घायल गौरीशा उर्फ परी को लखनऊ रेफर किया गया है जबकि रौनक मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में डिप्टी रेंजर को भी चोट आई है।

## हथियार तस्करी का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर पुलिस ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, इसके सरगना को गिरफ्तार कर पांच देसी पिस्तौल भी बरामद किए हैं। एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार उर्फ जियोना निवासी गांव मंडयाला, थाना लोहियां, जिला जालंधर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सुनील कुमार के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जबकि उसके किट बैग से तीन अतिरिक्त पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस मिले।

# अब ई-कोर्ट से होगा औद्योगिक वादों का निपटारा

## चक्कर लगाने से मुक्ति, औद्योगिक न्यायाधिकरण में व्यापक डिजिटल समाधान विकसित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● समय और धन दोनों ही बचेगा, चार चरण में होगा वाद का समाधान

● राज्य सरकार ने परियोजना पर शुरू किया काम, श्रीट्रॉन को जिम्मा



**अमृत विचार :** तारीख पर तारीख लगने के साथ अब मुकदमों को लेकर अदालत के न तो चक्कर लगाने होंगे और न ही बेवजह धन खर्च होगा। खासकर औद्योगिक न्यायाधिकरण में ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म से अब विवादों का निपटारा तय समयसीमा में किया जाएगा।

ई-कोर्ट नामक डिजीटल प्लेटफार्म पर ही औद्योगिक विवाद से संबंधित मामले दर्ज करने और सभी पक्षों के लिए एक सहज इंटरफेस विकसित करने का प्रयास है। इस प्लेटफॉर्म पर पक्ष अपना इनपुट व दस्तावेज अपलोड कर यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी प्रस्तुतियां कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं या नहीं। इस प्रणाली के निर्माण व विकास का जिम्मा श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया है। इस डिजिटल प्रक्रिया में स्वचालित रूप से प्रस्तुतियों के सही पाए जाने पर एक यूनीक केस नंबर जेनरेट होगा जो आवेदकों को यह आश्वासन देगा कि संबंधित केस की समीक्षा शुरु हो गई है। न्यायालय के कर्मचारियों के लिए मामलों की समीक्षा और सत्यापन के लिए भी उपकरण होंगे ताकि वादों को अलग-अलग वर्गीकृत किया जा सके। इस प्लेटफॉर्म में सुनवाई के लिए तारीख और समय निर्धारित करने के लिए एक शेड्यूलिंग सिस्टम होगा।

### संवेदनशील जानकारी रहेगी सुरक्षित

मजबूत सुरक्षा उपायों के माध्यम से विकसित किए जा रहे ई-कोर्ट प्लैटफॉर्म व इंटरफेस को संवेदनशील जानकारी की रक्षा करने में भी सक्षम बनाया जाएगा और वह सभी कानूनी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। उपयोगकर्ताओं को सहायता के लिए ट्यूटोरियल और गाइड सहित प्रशिक्षण सामग्री यहां मिल जाएगी। सबसे खास पहलू यह कि इस प्रकिया में चार चरण में वाद का निपटारा हो जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### अनुपूरक पुष्टाहार वितरण आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार वितरण 9 अक्टूबर को होगा। शहर के विभिन्न वार्डों में संचालित सभी 87 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जुलाई से सितम्बर तक के तीन माह का राशन नौ से पांच बजे तक वितरित होगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी एके त्रिपाठी ने दी।

### कोटे के चयन में फर्जी मार्कशीट लगाने का आरोप

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** विकासखंड रुदौली के कोपेपुर गांव के चयनित उचित दर विक्रेता पर फर्जी मार्कशीट लगाने की शिकायत जिलाधिकारी से गांव के निवासी अब्बू तलहा ने की है। ग्राम पंचायत कोपेपुर की उचित दर विक्रेता की दुकान के आवंटन की खुली बैठक में बुशरा बानों पत्नी जावेद का चयन किया गया। आरोप है कि चयनित उचित दर विक्रेता ने हाई स्कूल की समकक्ष की फर्जी मार्कशीट पूर्ति निरीक्षक को आवेदन के समय दी है। उप जिलाधिकारी प्रवीण यादव ने बताया मामला संज्ञान में है। नायब तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक को जांच सौंपी गई है।

### चिकित्सक के पिता का निधन, शोक

**अयोध्या, अमृत विचार :** बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश सुरतानी के पिता भोजराज मल सुरतानी (85) का मंगलवार को निधन हो गया। उनका बुधवार को यमथरा घाट पर सुबह 11 बजे अंतिम संस्कार होगा। निधन पर साई नितिन राम, संत भावन दास, महंत गणेश दास, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी, पवन जीवानी, भीमन दास, गिरधारी चावला, राजा हेमनानी, हरीश मनध्यान समेत सिंधी समाज के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।


भोजराज मल सुरतानी

# दहशत : हिंसक जानवर ने बदली लोकेशन, सिंधौरा गांव पहुंचा

## दर्जनभर गांवों में चल रहा रतजगा, 15 से ज्यादा को घायल कर चुका है जंगली जानवर



मिल्कीपुर के खड़भड़ेपुर गांव में कांबिंग करते टीम के लोग व जांच करती वन विभाग की टीम। अमृत विचार

संवाददाता, मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर के हैरिंग्टनगंज क्षेत्र में आदमखोर जंगली जानवर की जबरदस्त दहशत है। करीब दर्जन भर गांवों में हिंसक जंगली जानवर का खौफ है। शाम होते ही घरों में दुबक रहे हैं। मंगलवार को वन विभाग के अधिकारियों की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। जंगली जानवर के बारे में खोजबीन की। आस-पास के लोगों से जानकारी ली।

लोगों का कहना है कि हिंसक जानवर ने अपना स्थान बदल दिया है। सोमवार की रात उसकी लोकेशन जिले के दक्षिणी सीमा पर स्थित बिसुही नदी के किनारे बसे सिंधौरा गांव में रही। सिंधौरा के पूर्व प्रधान हरिवंश सिंह, भानु प्रताप सिंह, रोजगार सेवक सोनू आजाद, ग्राम प्रधान सुशील सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को रात में भेड़िया बीच गांव में घुस आया था। हालांकि लोग पहले से ही दहशत में जग रहे थे, गुहार लगी और उसे खदेड़ दिया गया, भेड़िया गांव के बाहर झाड़ी में घुस गया, फिर किसी की हिम्मत नहीं पड़ी, वहां से उसे खदेड़ा जाए। मंगलवार को सुबह में भेड़िया गांव के किनारे चहलकदमी करते देखा गया।

बता दें कि क्षेत्र के आदिलपुर, उरुवा वैश्य, स्वर्णवर्षा, महोलिया, खड़भड़ेपुर, जमोलिया, भिच्छु का पुरवा एवं लाला का पुरवा में हिंसक जानवर के हमले में करीब 15 लोग घायल हो चुके हैं। इसके अलावा हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के गनेशपुर, परसपुर सथरा, पलिया लोहानी, सिंधौरा, बसवार कला, हरीरामपुर, घुरेहटा, परवरपारा, सोहवल सलोनी, नियामतपुर, चौधरीपुर सराय मजरा सहित करीब दर्जन भर गांवों में हिंसक जानवर का खौफ लोगों के जेहन में बस गया है।

### अफसरों के साथ जांच करने पहुंची वन विभाग की टीम

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** मंगलवार को वन विभाग के एसडीओ केएन सुधीर के साथ वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। जंगली जानवर के बारे में पता लगाने का प्रयास किया। आदिलपुर के पूर्व प्रधान सियाराम ने बताया कि मंगलवार की रात में वनविभाग और पुलिस विभाग के लोगों ने आदिलपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के साथ मिलकर सघन तलाशी अभियान चलाया। वन विभाग कुमारगंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वन विभाग एवं पुलिस विभाग से संयुक्त रूप से मिलकर जगह जगह तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक कहीं भी भेड़िया के पग चिन्ह या उसके क्षेत्र में होने का सुराग नहीं लग पाया है। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे रात्रि में अकेले न घूमें और यदि उन्हें कोई वन्य जीव दिखाई देता है, तो वे उसके पास जाने का प्रयास कदापि न करें। उसकी सूचना तत्काल क्षेत्रीय वनाधिकारी, कुमारगंज रेंज के मो. नं. 8299689204 पर दें।

### खौफ से स्कूलों में घटी बच्चों की संख्या

आदमखोर जंगली जानवर के खौफ से क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों की संख्या घट गई है। अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय तक छोड़ने और स्कूल छूटने के बाद स्कूल से लाने जा रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय बसवार कलां के प्रधानाध्यापक उमाशंकर यादव ने बताया कि स्कूल के बगल में बसवार कलां मुख्य गांव के बच्चों में तो भेड़िया आने का ज्यादा डर नहीं है लेकिन जो दूर के मजरों से आने वाले बच्चे हैं, उनमें भेड़िया को लेकर डर दिख रहा है। बताया कि रोजाना करीब 80 बच्चे आते थे लेकिन मंगलवार को 62 बच्चे आए हैं। सेमरा प्रायमरी स्कूल के शिक्षक राकेश तिवारी ने बताया कि स्कूल हैरिंग्टनगंज कस्बे में है, फिर भी बच्चे काफी डरे सहमें है। विद्यालय का मुख्य गेट बंद करके पठन-पाठन का कार्य किया गया। प्राथमिक विद्यालय हरीरामपुर के प्रधानाध्यापक अनुराग प्रजापति ने बताया कि विद्यालय में पास के गांव भटौली के बच्चों के माता पिता स्वंय बच्चों को स्कूल से लाने ले जाने का कार्य कर रहे हैं।

#### नवरात्र विशेष

# आस्था का केंद्र है मां पाटेश्वरी का मंदिर


मंदिर में विराजमान मां पाटेश्वरी


रंग-बिरंगी झालरों से सजा मां पाटेश्वरी देवी मंदिर। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या कैंट थाना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक सिद्धपीठ पाटेश्वरी मंदिर लोगों के लिए आस्था का केंद्र बन गया है। नवरात्र पर इस मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों की भारी भीड़ होती है। यह मंदिर वर्षों पुराना है। इस मंदिर के गर्भगृह में स्थापित मां के अलावा परिसर में ही हनुमान, शंकर की भी मूर्ति स्थापित है। मुख्य मंदिर में शिवसागर है, जिसका जल लोग आज भी प्रसाद के रूप में लेते हैं।

कहा जाता है कि उज्जैन के एक राजा अपने पुत्र और पत्नी के साथ अयोध्या आये थे। उनके पुत्र की तबीयत ज्यादा खराब थी। वापस जाते समय उनके बेटे की मौत हो गयी थी। राजा अपने परिवार के साथ पुत्र को नीम के नीचे लेटाकर विलाप कर रहे थे। उसी समय अचानक एक बुजुर्ग महिला आई और बोली मठिया में बने शिवसागर का थोड़ा जल बच्चे को पिला और माथे पर लगा दो। कहते हैं बच्चे के ठीक होने पर राजा से यहां मंदिर और कुंड निर्माण कराने का वचन लिया था। मंदिर की देखरेख गौरापट्टी के डॉ. मथुरा प्रसाद चौबे को मिली तो बाद में उन्होंने इसे बालकराम कॉलोनी के राघवराम पांडेय को सौंप दिया। इसका संचालन ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा है।

# महिला अस्पताल में तैयार होंगे बाल रोग विशेषज्ञ

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** महिला अस्पताल में अब इलाज ही नहीं चिकित्सक पढ़ाई भी कर सकेंगे। इसके लिए अस्पताल को डीसीएच (डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ) की तीन सीटें मिली हैं। यहां दाखिला लेने वाले एमबीबीएस विद्यार्थियों को एकेडमिक के साथ क्लीनिकल की भी जानकारी दी जाएगी। उनके रहने और खाने का भी इंतजाम किया जाएगा।

शासन की मंशा के अनुरूप जिला महिला चिकित्सालय में गत दिनों नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन की टीम ने भ्रमण व निरीक्षण किया था। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद महिला अस्पताल में डीसीएच की तीन सीटें देने का निर्णय लिया गया है। इसकी मान्यता वर्ष 2024 से 2028 तक रहेगी। सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने बताया कि तीनों सीटों पर पढ़ाई के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। उनका कहना है एमबीबीएस का जो भी विद्यार्थी यहां दाखिला लेगा उसके हॉस्टल का भी प्रबंध रहेगा। पढ़ाई एमसीएच विंग में ही होगी। डॉ. विभा ने बताया कि महिला अस्पताल जिले में डीसीएच की पढ़ाई कराने वाला पहला चिकित्सालय बनेगा।

# किसान यूनियन के संगठन का विस्तार

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** पूरा बाजार ब्लॉक प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की एक बैठक में संगठन पर विस्तार से चर्चा के बाद मुख्य अतिथि पूर्वांचल प्रभारी देवनारायण सिंह ने पदाधिकारियों को मनोनीत किया। पदाधिकारियों में राम अवध जिला उपाध्यक्ष, राम सिंगार यादव ग्राम अध्यक्ष राजेपुर, संतोष सिंह ग्राम अध्यक्ष मडना, राघवेंद्र प्रताप सिंह ग्राम अध्यक्ष नारा, गुरुदीन वर्मा ग्राम अध्यक्ष सिरसिन्डा तथा चंद्रभान महासचिव पूरा, रामतेज निषाद संगठन मंत्री पूरा, हरिश्चंद्र ब्लॉक सचिव पूरा, मंगरु कोषाध्यक्ष पूरा को मनोनीत किया।

# पीड़ित महिला तक स्वयं पहुंचने का आयोग का प्रयास : अंजू

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आयोग की सदस्य बोलीं- जल्द शुरू होगी जिला मुख्यालय व ब्लाक स्तर पर जनसुनवाई

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने कहा कि आयोग का प्रयास है कि आयोग स्वयं पीड़ित महिला तक पहुंचे। पीड़ित को न्याय दिलाएं। वह सरकिट हाउस में पत्रकारों से बात कर रही थीं।


अंजू प्रजापति

उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाएं एवं बच्चियां पूर्णतः सुरक्षित हैं। आयोग के माध्यम से सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है, जो महिला अपराध में संलिप्त है। कहा कि जल्द ही जिले में मुख्यालय व ब्लाक स्तर पर जनसुनवाई शुरू की जाएगी। आयोग की सदस्य हर महीने जिले में प्रवास करेंगी। पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुलझाएंगी। जो महिलाएं लखनऊ नहीं पहुंच पाती हैं, उन तक राज्य महिला आयोग पहुंचेगी। कहा कि महिलाओं की जो भी समस्या हो, चाहे असुरक्षा की भावना हो, आत्मनिर्भरता हो व स्वरोजगार, सरकार इसका समाधान कर रही है।

# कॉलेजों से मांगी गई छात्रों की फोटोयुक्त नामावली

## बोर्ड परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद के नए निर्देश से मची खलबली

अयोध्या कार्यालय

▸▸ सभी कॉलेजों को 10 तक की दी गई है मोहलत

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर बोर्ड परीक्षा को लेकर इस बार छात्रों की फोटो युक्त नामावली तलब किए जाने से माध्यमिक विद्यालयों के जिम्मेदारों के पसीने छूट रहे हैं। इसे लेकर जिले भर के 461 कालेजों में खासी खलबली मची हुई है। इसके लिए सभी कालेजों को केवल 10 अक्टूबर तक की मोहलत दी गई है। बताया जाता है परीक्षा में पारदर्शिता को लेकर यह कदम उठाया गया है। इसे लेकर कालेजों के प्रबंधक और प्राचार्य चक्कर लगाने के लिए मजबूर हो गए हैं।

बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए प्रक्रिया तेजी से चल रही है। कक्षा 10, 12 की परीक्षा के लिए पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राओं की फोटोयुक्त नामावली इस बार मांगी गई है। निर्देश दिया गया है कि संबंधित विद्यालय प्रधानाचार्य पंजीकृत विद्यार्थियों की नामावली एवं अभिलेख 10 अक्टूबर तक हर हाल में राजकीय इंटर कालेज में उपलब्ध करा दें। इसे लेकर डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए 57,103 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। इसमें 12वीं के 28,494, 10वीं के 28,614 विद्यार्थी शामिल हैं। ऑनलाइन पंजीकृत इन छात्र-छात्राओं की फोटोयुक्त नामावली माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजी जानी है। इसके लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि ऑनलाइन नामावली को देखकर उससे संबंधित डाटा 10 अक्तूबर तक राजकीय इंटर कालेज में जमा करा दें। इससे नामावली और डाटा को क्षेत्रीय कार्यालय भेजा जा सके। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रधानाचार्यों को दो लिफाफे जमा करने है। एक संख्या लिफाफा क्षेत्रीय बोर्ड कार्यालय, लिफाफा संख्या दो डीआईओएस कार्यालय के लिए भेजा गया है। इन लिफाफे में बोर्ड परीक्षार्थी की फोटोयुक्त नामावली, परीक्षा शुल्क की मूल एवं तीन छायाप्रति, 10 और 12वीं के फेल विद्यार्थियों के अंकपत्रों की छायाप्रति, संख्या सूचक चक्र, बाहरी छात्रों के प्रवेश को लेकर डीआईओएस का अनुमति पत्र, बाहरी प्रवेशित छात्रों के अंकपत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति, लिफाफे के ऊपर पंजीकृत छात्रों का संख्या वितरण लिखना हैं।

## सार-संक्षेप

### बॉब किंडर किड अंतरविद्यालयीय प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्तर की अंतरविद्यालयीय बॉब किंडर किड प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। ब्रेन-ओ-ब्रेन लॉजिकल स्किल के तत्वावधान में जिंगल बेल स्कूल में शनिवार को हुए पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि ब्रेन-ओ-ब्रेन के निदेशक अनुराग खेतान ने विजेताओं को एक हजार से पांच हजार तक के नकद पुरस्कार, मेडल व ट्रॉफी से सम्मानित किया। केन्द्र प्रभारी रेखा राजपाल ने बताया कि सामान्य ज्ञान, लॉजिकल एबिलिटी व हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या सिविल लाइन्स व देवकाली शाखा के सभी बच्चों ने मेडल हासिल किया। अशोक, समृद्धि, अविराज, विराट, अविरल, अच्योत व कुशाग्र ने नकद पुरस्कार, मेडल व ट्रॉफी हासिल की। प्रतियोगिता के मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों में अयांश मिश्र, अभिज्ञान सिंह, समृद्धि पांडेय, विराट सिंह, अश्युत वर्मा, अविरल जायसवाल, विभव शर्मा, अशोक कुमार, अविराज सिंह, कुशाग्र अग्रवाल, हार्दिक, प्रखर, प्रत्युष, आयुष्मान, अभितंद्र लविक राजपाल, रूद्र त्रिपाठी, शिवांश त्रिपाठी, शिवाय रस्तोगी, व्योम घोष, आरुष पांडेय, प्रत्यांश मिश्र, सार्थक, नातिक शर्मा, गर्वित श्रीवास्तव, विवान पटेल, इवान जायसवाल, अनुराग उपाध्याय, शौर्य राजे, आश्री सिंह, तेजस पांडेय शामिल रहे। रेखा राजपाल, मीना राजपाल, ओम प्रकाश व सोनिया ने विजेताओं को बधाई दी।


प्रतियोगिता के विजेता छात्र मेडल के साथ। अमृत विचार


सम्मानित ब्रह्मकुमारी मुकुट पहने हुए। अमृत विचार

### चैतन्य देवियों का चुनरी व मुकुट पहनाकर किया गया सम्मान

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** नवरात्र के अवसर पर ब्रह्मा कुमारी वज़ीरगंज और रानी बाज़ार केंद्र पर सदस्यों ने चैतन्य देवियों का चुनरी, माला, तिलक, मुकुट पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी बीके शशि दीदी ने नवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य के बारे में जानकारी दी। कहा कि देवियों के पूजन के साथ-साथ उनके जैसा बनने के लिए हमें अपने अंदर के विकार जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार का त्याग करना अत्यंत आवश्यक है। इससे घर-घर मंदिर हो जाएगा, हर मानव देवी-देवता बन सकता है। नवरात्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को शक्ति आराधना के जरिए अपने आत्मबल को बढ़ाने के लिए कहा।

### कंट्रोल रूम शुरू करने से पहले गार्डों को मिला वाकी-टॉकी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल के बाद अब पुरुष चिकित्सालय में भी कंट्रोल रूम बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में चिकित्सालय के गार्डों को वाकी-टॉकी से लैस कर दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से ये गार्ड अब किसी भी आपात स्थिति में एक दूसरे से जुड़े रहेंगे। दरअसल कोलकाता प्रकरण के बाद देश भर के चिकित्सकों में सुरक्षा को लेकर आक्रोश पनप गया था। उसके बाद प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने सभी चिकित्सालयों में कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया था। इस क्रम में महिला अस्पताल ने निगरानी के लिए सबसे पहले कंट्रोल रूम स्थापित करा दिया। 30 से भी अधिक सुरक्षा गार्डों को वाकी-टॉकी से लैस कर दिया। जिला अस्पताल में अभी कंट्रोल रूम बनाने की जगह चिह्नित नहीं हो पाई है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि अस्पताल के सभी 29 गार्डों को वाकी-टॉकी मुहैया करा दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें आपात स्थिति में काम करने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अग्निशमन प्लांट को हैंडओवर करने के लिए विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को निरीक्षण किया।

### पलक झपकते बाइक ले उड़ा चोर, पुलिस से शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामपथ पर साकेत कॉलेज के सामने से शहर में सक्रिय वाहन चोरों ने पलक झपकते मोटरसाइकिल पर हाथ साफ़ कर दिया। पीड़ित ने लिखित शिकायत अयोध्या कोतवाली पुलिस को दी है। पड़ोसी जनपद बस्ती के छावनी थाना क्षेत्र स्थित विक्रमजोत बाजार निवासी दीपांशु कसौधन का कहना है कि उनकी बहन साकेत महाविद्यालय में अध्ययन कर रही है। सोमवार को वह कालेज में बहन का फार्म जमा करने के लिए गया था। दोपहर लगभग 12.22 बजे अपनी बाइक यूपी 42 एई 1349 को कालेज के सामने सड़क किनारे खड़ी कर फार्म जमा करने के लिए परिसर में चला गया। चंद मिनट बाद वापस लौटा तो मौके से उसकी बाइक गायब मिली। मंगलवार को चौकी प्रभारी रानोपाली बृजभूषण पाठक ने बताया कि मामले की शिकायत पर जांच कराई जा रही है।

# नहीं दिया सभागार तो धरने पर बैठे शिक्षक

## अवध विवि के कुलपति के आश्वासन पर धरना किया समाप्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय और आवासीय शिक्षक संघ के बीच मंगलवार को तनातनी का माहौल बन गया। विभिन्न मांगों को लेकर बुलाई गई साधारण सभा की बैठक के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने संत कबीर सभागार देने से इंकार कर दिया। जिससे खफा होकर शिक्षकों ने गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना देकर आक्रोश जताया। हालांकि दोपहर बाद कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल के साथ हुई वार्ता के बाद स्थिति सामान्य हुई।


अवध विश्वविद्यालय में गांधी प्रतिमा के समक्ष जमीन पर बैठे आवासीय शिक्षक।

बता दें कि आवासीय शिक्षक संघ लंबे समय से मूल वेतन 57700 दिए जाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा पीएफ, जीपीएफ और एरियर की भी मांग उठा रहा है। इसी को लेकर संघ की साधारण सभा की बैठक मंगलवार को बुलाई गई थी। संघ की ओर से इसके लिए संत कबीर सभागार की मांग की गई थी। मंगलवार को जब संघ के पदाधिकारी शिक्षकों के साथ पहुंचे तो सभागार की अनुमति नहीं मिली। जिसके बाद संघ के पदाधिकारी सभागार के समक्ष गांधी प्रतिमा के निकट चिलचिलाती धूप में धरने पर बैठ गए और आक्रोश जताया।

# गड्ढे में मिला लापता युवक का शव

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बैसिंह गाव में मंगलवार सुबह एक युवक का शव गांव के किनारे खेत के बगल में गड्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बैसिंह गांव निवासी श्रीनाथ पुत्र राम सरन सोमवार दोपहर घर से निकला और रात में घर वापस नहीं आया। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह लोगों ने गड्ढे में शव देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गड्ढे से से बाहर निकाला तो उसकी पहचान श्रीनाथ के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फार्मासिस्ट की मौत मामले में नया मोड़

संवाददाता, रुदौली, अयोध्या

▸▸ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की रिपोर्ट कराई दर्ज

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुजागंज के फार्मासिस्ट साकेत त्रिपाठी की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के भाई ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है और प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीएचसी परिसर में ही आवास में फार्मासिस्ट साकेत त्रिपाठी का शव शुक्रवार की दोपहर प्रयोगशाला कक्ष में बरामद हुआ था। बंद कमरे में शव के पास से विषाक्त पदार्थ भी मिला था। परिवार सहित लखनऊ में रहने वाला मृतक मूल रूप से बस्ती जिले के बस्ती जिले के कप्तानगंज का रहने वाला था। मृतक के भाई मंगलेश त्रिपाठी ने बताया कि गोंडा जिले के रहने वाले वीरेंद्र सिंह व विवेक सिंह सहित पांच लोगों का भाई के पास आना-जाना था। इन लोगों से भाई का लेनदेन चलता था। आरोप है कि इसी लेनदेन को लेकर उनको मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसके चलते उन्होंने मजबूर होकर आत्महत्या कर ली। रुदौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि मृतक के भाई ने मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की बात कही है।

# हरियाणा में हैट्रिक से भाजपा कार्यालय में मना जश्न

अयोध्या कार्यालय

▸▸ बजे ढोल नगाड़े, फोड़े गए पटाखे व बांटी गई मिठाई

**अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव परिणाम आ गए। हरियाणा में भाजपा ने हैट्रिक लगाई। जम्मू में मुख्य विपक्षी दल बनकर उभरी तो भाजपाई खुश हो गए। पार्टी कार्यालय सहादतगंज में जश्न मनाया। ढोल-नगाड़े बजे। पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। पटाखे फोड़े, बधाई दी।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यह भाजपा की नीति और जनता के मन की जीत है। हरियाणा की जीत ने साबित किया कि भाजपा के प्रति आम लोगों में लगाव है। यह पीएम मोदी और भाजपा के प्रति विश्वास की जीत है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हरियाणा की जीत सरकार के योजनाओं और उसके क्रियान्वयन पर जनता की मुहर है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मोदी के विजन और जनता की जीत है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह प्रतिनिधि आलोक सिंह ने कहा कि मोदी के विकास की विजन का परिणाम है हरियाणा की हैट्रिक और जम्मू में दूसरे नंबर की पार्टी बनने का इतिहास है। अयोध्या के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि मोदी के कार्यो पर जम्मू की जनता की पहली मोहर तो हरियाणा कि जनता का तीसरी बार आशीर्वाद विपक्षी के कारनामों व दुष्प्रचार का परिणाम है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रवाद की विचारधारा जातिवाद की राजनीति पर भारी पड़ी है। जनता विकास चाहती है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि चुनाव में जीत भाजपा का जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने कहा कि हरियाणा की जीत भाजपा के विकासवाद पर जनता की मुहर है। वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह, इंद्र भान सिंह, श्रीकृष्ण, राजेश सिंह, मन्नू ने रोडवेज पर राहगीरों में मिष्ठान वितरण किया।


भाजपा कार्यालय में मिठाई खिलाते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, दिवाकर सिंह, कमला शंकर पांडेय, देवेंद्र मिश्र दीपू, शक्ति सिंह, अमल गुप्ता, विशाल सिंह बाबा, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, अखंड प्रताप सिंह डिंपल, सुनील तिवारी शास्त्री, राघवेंद्र पांडे, शैलेंद्र कोरी, अरविंद सिंह, राकेश मणि त्रिपाठी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभान सिंह, बबलू मिश्रा, बालकृष्ण वैश्य, एसपी सिंह आदि भी जश्न में मौजूद थे।

### सहकारी बैंक में मिठाई बांटकर जताई खुशी

हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर जिला सहकारी बैंक में जीत का जश्न मनाया गया। चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू की मौजूदगी में मिष्ठान वितरण किया गया। लोगों ने जीत पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में बैंक कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोग थे।

# बच्चों ने ली खादी वस्त्रों को अपनाने की शपथ

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** खादी वस्त्र को बढ़ावा देने की मुहिम के तहत मंगलवार को पंडित हृदय राम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कालेज सोनैसा में खादी वस्त्रों को अपनाने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं को खादी वस्त्रों को अपनाने तथा खादी को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों, कर्मचारी तथा छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। कहा कि खादी हमारे आत्म सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस अवसर पर अरविंद वर्मा, अनिल पांडेय, विनीत मिश्रा, शशिकांत पांडेय, संदीप चक्रवर्ती, राजकुमार कारूष, सच्चिदानंद शुक्ला, रामाशंकर यादव, अरुण द्विवेदी, सुनील दुबे, राधेश्याम वर्मा, सुनील वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र- क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः

नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने एवं वर्षा की संभावना नहीं है।

| 34.0° | 23.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## आज के कार्यक्रम

- जनपदीय विद्यालयीय बालक खो-खो प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से मकबरा के राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में
- उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ का मंडलीय शिक्षा भवन पर धरना प्रातः 11 बजे से
- समाजवादी पार्टी की साइकिल यात्रा मिल्कीपुर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रातः 11 बजे से
- रुदौली की ऐतिहासिक श्री रामलीला समिति की रामलीला में लंका दहन का मंचन सायं 7 बजे से

## एक नजर

### डेंगू के नौ और मरीज मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में मंगलवार को डेंगू के नौ मरीज मिले हैं। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक नगर क्षेत्र व मसौधा में तीन-तीन, बीकापुर में दो व सोहावल में एक मामला सामने आया है। अब तक 187 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें से 161 का इलाज हो चुका है, जबकि 26 अभी उपचाराधीन हैं।

### चक रोड पर बन रहा था कॉलेज एसडीएम ने रोकवाया

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** सोहावल क्षेत्र के अरकुना बाजार के करीब बंधुआपुर गांव में स्थित एक महाविद्यालय के निर्माण की शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी व थाना प्रभारी रौनाही पंकज कुमार सिंह ने राजस्व कर्मियों और पुलिस की टीम के साथ पहुंचकर निर्माण की जांच करवाई। निर्माण ढाई मीटर चकमार्ग में निकला। जिससे निर्माण तत्काल रुकवा दिया गया। एसडीएम अशोक सैनी ने बताया कि विवादित निर्माण की लगातार ग्रामीण शिकायत कर रहे है। जिसका पहले भी दो बार पैमाइश कराई गई थी। अंतिम नाप सोमवार को की गई। जिसमें चकमार्ग पर अवैध कब्जा करते पाया गया।

# आठ ग्राम पंचायतों में एक ही तस्वीर पर करा लिया लाखों का भुगतान

## जिले में हैंडपंप मरम्मत व रिबोर में भ्रष्टाचार के बड़े खेल का अंदेशा, हैंडपंप के काम में बार-बार अपलोड की गई एक ही तस्वीर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले में हैंडपंप रिबोर और मरम्मत में बड़े खेल का अंदेशा है। एक ही फोटो को अलग-अलग ग्राम पंचायतों में अपलोड करके लगभग 15 लाख रुपये का भुगतान कर लिया गया। अब तक तारुन ब्लाक की आठ ग्राम पंचायतों में इस तरह का मामला पकड़ में आया है। मामला सामने आने के बाद हलचल शुरू हो गई है।

मनरेगा में बारिश के दौरान ग्राम पंचायतों में फोटो अपलोड कर कथित भ्रष्टाचार का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ। ग्राम पंचायतों में फोटो के जरिए एक और बड़ा खेल सामने आ गया। जिले के विकास कार्यों में फोटो अपलोड के जरिए ऐसे खेल और भी हो सकते हैं। इस बार अलग-अलग ग्राम पंचायतों में एक फोटो को अलग-अलग बार-बार अपलोड किया गया। इसके बाद इसका चरणवार भुगतान कर दिया गया। जिले में ऐसी आठ ग्राम पंचायतें अब तक पकड़ में आ चुकी है। जिनमें हैंडपंप मरम्मत और रिबोर में काम करने वाले लोगों की तस्वीर एक है। किसी में इसे काट कर छोटा करके लगाया गया तो कुछ में तो एक ही तस्वीर को लगभग हूबहू ग्राम पंचायतों की साइट पर अपलोड कर दिया गया। इसके बाद इसी तस्वीर के आधार पर संबंधित को ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया। यह खेल कोई एक दिन का नहीं है। पिछले कई महीनों से चल रहा है, लेकिन व्यवस्था की नजर इस पर नहीं पड़ी। कहने के लिए तो कार्यों का सत्यापन करके भुगतान की व्यवस्था है, लेकिन इस खेल पर किसी की नजर इस पर नहीं गई या फिर देखकर भी नजर अंदाज कर दिया गया। फिलहाल मामला विभाग के पास पहुंच गया है। जांच के बाद तस्वीर साफ होगी।

**कैसे होता है गांव में हैंडपंप का कार्य :** ग्राम पंचायतों में हैंडपंप के रिबोर और मरम्मत का कार्य राज्य वित्त आयोग से मिले धन से कराया जाता है। इसके लिए ग्राम पंचायतें प्रस्ताव के जरिए काम का प्रस्ताव करती है। फिर कार्य कराती हैं। और इसे ग्राम पंचायत में स्वराज एप पर कार्य स्थल से ऑनलाइन फीड किया जाता है। इसके बाद संबंधित फर्म या व्यक्ति को भुगतान किया जाता है।

**हो सकता है जांच का विषय यह भी :** जानकारी के मुताबिक एक नया हैंडपंप लगाने में लगभग 53 हजार और जीएसटी का खर्च होता है। ऐसे में एक हैंडपंप की मरम्मत और रिबोर पर अधिकतम कितना खर्च हो सकता है। यह जांच का विषय हो सकता है।




ग्राम पंचायत जाना से हुआ राशि का भुगतान।




ग्राम पंचायत ककोली से भुगतान की गई राशि।




ग्राम पंचायत बालापुर से भुगतान की गई राशि।




ग्राम पंचायत बारा से राशि का भुगतान।

### इन गांवों में जिओ टैग की गई एक ही तस्वीर

तारून ब्लाक की ग्राम पंचायत बालापुर 16 मार्च 2022 को, ग्राम पंचायत बारा में 14 जुलाई को 2021 को, जाना में 19 नवबंर को, ग्राम पंचायत ककोली में 15 मार्च 2022 को, ग्राम पंचायत कोरो राघवपुर में 28 मार्च 2022 को, ग्राम पंचायत नसरतपुर में 14 जुलाई 2021 को, ग्राम पंचायत परमानंदपुर में 12 जुलाई 2021, ग्राम पंचायत फखरपुर में 14 मार्च 2022 को स्वराज एप पर अपलोड किया गया।

> व्हाटसएप पर ऐसा मामला आया है। उसे निकलवा रहा हूं। देखते हैं क्या है। देखने के बाद जांच जैसी आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> 
> -अविनाश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, अयोध्या

### मेल नहीं खा रहा अक्षांश और देशांतर

व्यवस्था यह है कि ग्राम पंचायत में काम कराते समय काम वाले स्थान से काम के पहले और काम के बाद की फोटो अपलोड की जाए। इससे काम और स्थान के अक्षांश और देशांतर का पता चलता है लेकिन सूत्रों की मानें तो हैंडपंप के इन मामलों में अक्षांश और देशांतर इन गांवों से मेल नहीं खा रहा है। यह कहीं और का अक्षांश और देशांतर बता रहा है।

### विकास कार्यों में फोटो अपलोड के जरिए खेल

#### हैंडपंप मरम्मत में किया गया 15.10 लाख भुगतान

ग्राम पंचायत बालापुर में 116581 रूपये, बारा में 434866, जाना में 316876, काकोली में 158076, कोरो राघवपुर में 164545, नसरतपुर में 117014, परमानंदपुर में 84881, फखरपुर में लगभग 118042 रुपये निकाले गए। यूं कुल राशि लगभग 15 .10 लाख बनती है।

# पर्यटन विकास की कई योजनाओं का बजट जारी

## दीपोत्सव को लेकर योजनाओं को पूरा करने की तैयारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेले को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से रामनगरी में चल रही लंबित परियोजनाओं की निगरानी तेज हो गई है। दीपोत्सव के पूर्व परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए शासन की ओर से कई योजनाओं के लिए बजट जारी किया गया है।

पर्यटन विकास के तहत रामनगरी में विभिन्न मठ-मंदिरों का सौंदर्यीकरण और मरम्मत कराया जा रहा है। साथ ही पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर अयोध्या के इर्द-गिर्द स्थित धार्मिक और पौराणिक स्थलों का विकास और निर्माण कराया जा रहा है। उपनिदेशक पर्यटन राजेंद्र यादव ने बताया कि ज्यादातर परियोजनाओं पर कार्य राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से कराया जा रहा है। चालू योजनाओं के लिए अग्रिम किस्त जारी हुई है।

**मठ-मंदिरों के सौंदर्यीकरण योजना में मिली धनराशि :** शासन की ओर से जानकीघाट स्थित बड़ा स्थान के पर्यटन विकास के लिए 50 लाख, दिगंबर अखाड़ा के लिए 4.78 लाख और राम कचहरी मंदिर के लिए 16.59 लाख की तीसरी किश्त अवमुक्त की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जानकीघाट स्थित बड़ा स्थान के लिए 303.23 लाख स्वीकृत हुआ था और पहली किश्त 0.50 लाख व दूसरी किश्त 137 लाख जारी किया गया था। वहीं दिगंबर अखाडा के लिए स्वीकृत 161. 91 लाख में पहली किश्त एक लाख व दूसरी किश्त 112.35 लाख की जारी हुई थी, जबकि 197.33 लाख से चल रहे रामकचहरी मंदिर के सौंदर्यीकरण योजना में पहली किश्त 0.50 लाख व दूसरी किश्त 137 लाख की अवमुक्त हुई थी।

▸▸ जानकीघाट बड़ा स्थान, दिगंबर अखाड़ा और परिक्रमा मार्ग के साथ धर्म स्थलों का चल रहा है विकास

### परिक्रमा मार्ग स्थित स्थलों के लिए मिले 250 लाख

पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक और पौराणिक स्थलों के विकास और निर्माण के लिए पर्यटन विभाग की ओर से जीएसटी के अलावा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1867 .28 लाख रुपये स्वीकृत किया गया था और 25 मार्च 23 को 400 लाख की पहली किस्त जारी की गई थी। इसके बाद शासन ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को 24 नवंबर 23 को 400 लाख की दूसरी किस्त दी थी। अब शासन ने अगली किस्त के रूप में 250 लाख रुपये का बजट अवमुक्त किया है।

# रामपथ पर बुलेट से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामपथ पर एक बुलेट और एक बाइक के बीच हुई टक्कर में बुलेट सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दोनों वाहन पर सवार दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है और रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोमवार की देर रात बुलेट पर सवार दो युवक हनुमानगढ़ी से रामपथ के रास्ते नयाघाट की ओर जा रहे थे। रात लगभग 10 बजे जैसे ही वह पुराने पोस्ट आफिस से आगे प्रमोद वन मोड़ के पास पहुंचे कि एक बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। माजरा देख आसपास के लोग दौड़े और घायलों को श्रीराम अस्पताल भेजवाया, जहां डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया,जबकि घायलों का इलाज किया है। अयोध्या कोतवाली के ही दंतधावन कुंड निवासी मीना सिंह पत्नी लल्लन सिंह का कहना है कि हादसे में जान गंवाने वाला उनका बड़ा बेटा जितेंद्र सिंह था। उनका कहना है कि रात में उनके बड़े पुत्र जितेंद्र सिंह और छोटे पुत्र रवि सिंह अपनी बुलेट मोटरसाइकिल यूपी 42 बीएम 7021 से हनुमानगढ़ी से नया घाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान 9.50 बजे मोटरसाइकिल यूपी 42 बीएम 4770 सवार प्रकाश सिंह निवासी कान्हा रसोई बड़े हनुमान मंदिर जानकी घाट ने अपनी बाइकको बुलेट में लड़ा दिया। जिसके चलते जितेंद्र सिंह की मौत हो गई।

मंगलवार को अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। मृतका की मां मीना सिंह की शिकायत पर लापरवाही से वाहन चला दुर्घटना कर मौत कारित करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

▸▸ अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में प्रमोद वन मोड़ पर हुआ हादसा

# अधिकारियों को डीएम की चेतावनी

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में गोल्डन कार्ड का लक्ष्य पूरा करने पर जोर

अयोध्या कार्यालय

**अमत विचार :** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, नियमित टीकाकरण, क्षय रोग मुक्त कार्यक्रम की समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिये। गोल्डन कार्ड का लक्ष्य पूर्ण न करने वाले अधिकारियों और ब्लॉक अधीक्षकों को चेतावनी दी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण अभियान में बच्चों का समय से टीकाकरण किया जाए। बाल विकास पुष्टाहार एवं शिक्षा विभाग से समन्वय कर नियमित टीकाकरण की वैक्सीन दी जाए। सभी पात्र बच्चों का सही से हेड काउंट सर्वे कराने और शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत टास्क फोर्स का गठन किया जाए। एक्टिव केस फाइंडिंग प्रोग्राम्स के तहत पाए गए मरीजों का त्वरित इलाज किया जाए। राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों से दी जा रही सेवाओं/सर्जरी की समीक्षा और भी सेवाओं सहित सर्जरी को बढ़ाने का निर्देश दिया। जननी सुरक्षा योजना में संस्थागत प्रसव में प्रगति का निर्देश दिया। लाभार्थियों का भुगतान शत-प्रतिशत भुगतान कराएं। जो ब्लॉक समय से पेमेंट नहीं कर रहे हैं, उन को नोटिस दी जाए। गोल्डन कार्ड का लक्ष्य पूर्ण न करने वाले अधिकारियों और ब्लॉक अधीक्षकों को चेतावनी दी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीपीओ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह।

### मतदाता सूची पर आईं चार आपत्तियां अंतिम प्रकाशन आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समितियों की मतदाता सूची पर केवल चार आपत्तियां आईं। दो समितियों में कोई आपत्ति नहीं आई। केवल मसौधा समिति पर चार आपत्तियां आई। फैजाबाद और गनौली समिति के सचिव के मुताबिक उनकी समिति से प्रकाशित की गई मतदाता सूची पर कोई आपत्ति नहीं आई। मसौधा समिति के सचिव के मुताबिक सूची पर चार आपत्तियां आई हैं। बताया कि आपत्तियों का निस्तारण करके सूची का अंतिम प्रकाशन बुधवार को किया जाएगा।

# भदरसा प्रकरण में तय नहीं हो पाया आरोप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के चर्चित भदरसा गैंगरेप के मामले में मंगलवार को अदालत में आरोप तय नहीं हो सका। अभियुक्त मोईद अहमद के अधिवक्ता ने पैरवी के लिए वकालत नामा दाखिल किया,जबकि राजू की ओर से पैरवी के लिए कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ। जिसके चलते अदालत ने आरोपी राजू की अधिवक्ता मुहैया कराने के लिए कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र लिखने का आदेश दिया है। साथ ही मामले में अगली पेशी 10 अक्टूबर नियत की है।

▸▸ आरोपी राजू की ओर से पैरवी के लिए कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुआ

प्रकरण में मोईद अहमद की जमानत अर्जी का निस्तारण करते समय उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने मामले में पीड़िता और वादी मुकदमा का बयान एक माह के अंदर दर्ज करने का निर्देश दिया है। साथ ही जब तक दोनों का बयान न दर्ज हो जाए,तब तक मुकदमे की सुनवाई दिन-प्रतिदिन करने का आदेश दिया है।

मंगलवार को भदरसा गैंगरेप कांड में आरोपियों की पेशी थी। दोनों अभियुक्तों मोईद खान तथा राजू को मंडल कारागार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में लाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया। मोईद खान की ओर से वकालत नामा दाखिल हुआ,जबकि दूसरे अभियुक्त की तरफ से कोई अधिवक्ता उपलब्ध नहीं था। उसकी तरफ से पैरवी करने के लिए राज्य की तरफ से अधिवक्ता मुहैया कराने के लिए पत्र लिखा जाएगा। यह पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखा जाएगा। उनके द्वारा अधिवक्ता मुहैया करवाने के बाद मामले में अगली कार्रवाई होगी।

# मान-मनौव्वल के बाद दोनों पक्ष माने, शुरू हुई रामलीला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली के फतेहगंज क्षेत्र निवासी व्यापारियों के बीच उपजे विवाद का मंगलवार को दूसरी पहर पटाक्षेप हो गया। इसके बाद शाम को रामजानकी मंदिर पर रामलीला का प्रदर्शन शुरू हुआ है। विवाद के निपटारे के लिए पुलिस के हस्तक्षेप पर कई चक्र मान-मनौव्वल हुई।

फतेहगंज क्षेत्र के रामजानकी मंदिर के पास रामजानकी रामलीला समिति की ओर से प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता है।

▸▸ फतेहगंज में व्यापारी से विवाद के बाद नाराज आयोजकों ने रोका था मंचन

आयोजन समिति में अधिकतर क्षेत्र के ही गल्ला व्यापारी शामिल हैं। बताया गया कि रविवार को दोपहर बाद फतेहगंज क्षेत्र में व्यापारी विनोद कुमार गुप्ता की ओर से अपने प्रतिष्ठान पर माल उतरवाया जा रहा था। इसी बीच रामलीला आयोजन से जुड़े राजेश बंसल ने दोनों पिकप चालकों को अपना वाहन मौके से हटाने को कहा तो एक पिकप चालक ने अपना वाहन हटा लिया लेकिन दूसरा वहीं पर माल उतरवाता रहा। इस बात को लेकर राजेश बंसल ने विरोध जताया तो प्रतिष्ठान संचालक से विवाद हो गया। जिसके बाद पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई तो पुलिस ने मामला एनसीआर में दर्ज कर लिया। रिपोर्ट और कार्रवाई की मांग पर अड़े आयोजन समिति के लोगों ने सोमवार को रामलीला का प्रदर्शन ठप कर दिया। मामले में एक तरफ गोलबंदी शुरू हो गई तो दूसरी तरफ व्यापारियों के बीच सुलह-समझौते की कवायद। कई चक्र की मान-मनौव्वल के बाद दोनों पक्ष समझौता करने को राजी हो गए। सीओ सिटी कार्यालय में दोनों पक्षों ने सुलह-समझौता कर लिया।

रामलीला के सह आयोजक प्रेमनाथ राय ने बताया कि आपस का मामला था। गलती मानने के बाद दोना पक्षों में सुलह-समझौता हो गया। सभी मिलजुलकर कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे। उन्होंने बताया कि रामलीला का प्रसारण शुरू कर दिया गया है। वहीं सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि दो व्यापारियों के बीच आपसी विवाद हुआ था। कोई खास बात नहीं थी। दोनों पक्षों ने आपस में सुलह-समझौता कर लिया है।

शिलान्यास | ग्रीन फील्ड टाउन योजना के तहत शाहनवाजपुर में दो वर्ष में बनकर तैयार होगा भवन

# अयोध्या में महाराष्ट्र भक्त निवास के निर्माण का श्रीगणेश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में आवास विकास परिषद के द्वारा आवंटित ढाई एकड़ भूमि पर महाराष्ट्र सरकार 250 करोड़ की लागत से 12 मंजिल के भक्ति निवास का निर्माण कराएगी। इसके लिए मंगलवार को विधिविधान पूर्वक शिलान्यास कर निर्माण कार्य को प्रारम्भ किया गया। यह दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा।

महाराष्ट्र सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री रविंद्र दत्तात्रय चव्हाण मंत्रालय के अधिकारियों के साथ अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले हनुमान गढ़ी और फिर रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद नव्य अयोध्या के ग्रीन फील्ड टाउन योजना के तहत शाहनवाजपुर में प्रस्तावित महाराष्ट्र सदन निर्माण के लिए भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ किया। इस दौरान अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह के साथ आवास विकास परिषद के अधिकारी भी मौजूद रहे।

मंत्री रविंद्र दत्तात्रय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी द्वारा अयोध्या में एक महाराष्ट्र भवन बनाने के लिए आमंत्रित किया था, जिसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यहां एक भवन बनाने का निर्णय लिया था। इसके लिए सरयू तट के पास ढाई एकड़ भूमि योगी सरकार के द्वारा प्राप्त हुई।



भूमि पूजन के बाद जय श्रीराम का जयकारा लगाते महाराष्ट्र सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री रविंद्र दत्तात्रय चव्हाण।

### 250 करोड़ में बनेगा 12 मंजिला भवन महाराष्ट्र के मंत्री ने किया भूमिपूजन

#### 96 वीआईपी व चार वीवीआईपी रूम की होगी सुविधा

12 मंजिल वाले भक्त निवास बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें 96 वीआईपी और चार वीवीआईपी रूम बनाने, 50 लोगों की क्षमता वाला 40 डारमेट्री बनाने की योजना है। इसके साथ ही दो किचन और एक रेस्टोरेंट बनाने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि 250 करोड़ की योजना में यह कार्य 2 वर्ष पूरा कर लिया जाएगा। यह भक्ति सदन महाराष्ट्र से आने वाले लोगों के साथ पूरे भारत से आने वाले लोगों के लिए भी खुला रहेगा।

#### उत्तराखंड व गुजरात सरकार भी ले चुकी है भूमि : विधायक

अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रस्तावित नव्य अयोध्या के निर्माण कि शुरुआत किया गया। महाराष्ट्र के साथ उत्तराखंड और गुजरात सरकार ने भी भूमि ली है। अयोध्या धार्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक के साथ-साथ पर्यटन नगरी के रूप में भी स्थापित हो रही है। अब यहां पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी बन गया है।

# पखवाड़े के सातवें दिन अभियान में 1286 वाहनों का चालान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा पखवाड़े सातवें दिन परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने बिना हेल्मेट, मोबाइल फोन, गलत दिशा से वाहन चलाने और अनधिकृत संचालित बसों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। लोगों को सड़क पर चलने के दौरान नियमों के पालन की जानकारी दी गई।

चेकिंग अभियान के तहत हेल्मेट 368, बिना इन्श्योरेंश के 67, धारा-184 के 163, नो पार्किंग के 274, अन्य धाराओं के नौ, तीन सवारी के 123, यातायात उल्लंघन के 105, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने के 17, वायु प्रदूषण का एक, बिना नम्बर प्लेट 34, सेफ्टीबेल्ट के 31, फिटनेस के 22, परमिट का एक, बिना लाइसेंस के 692, ध्वनि प्रदूषण के दो समेत कुल 1286 वाहनों का चालान किया गया।

▸▸ नियमों का पालन करें, बचाएं जान और जुर्माना : एआरटीओ

एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का पालन कर जान के साथ जुर्माने को भी बचाया जा सकता है। यातायात के छोटे-छोटे नियम बड़े सड़क हादसों को टालने में सहायक है। टीआई अजय कुमार ने बताया कि गलत साइड पर वाहन चलाने पर तीन महीने तक की कैद या कोई दुर्घटना होती है, तो आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (2) के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इस धारा के तहत कम से कम 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है।

# पूरे शहर में एक साथ बजेंगे घंटे-घड़ियाल

## रात्रि 8 बजे एक साथ पूजा पंडालों में की जाएगी रामलला व मां दुर्गा की आरती

अयोध्या कार्यालय


देवकाली में मां काली की प्रतिमा की आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली पहली बार होगा अभिनव प्रयोग**

**अमृत विचार :** राम की नगरी में शक्ति आराधना अपने चरम की ओर बढ़ रहा है। शहर के तीन चौथाई पूजा पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित कर दी गई हैं। भक्तों का रेला आना शुरू हो गया है। बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी में पहली बार अभिनव प्रयोग होगा। रात्रि ठीक आठ बजे पूरे शहर में घंटे घड़ियाल बजेंगे, शंखध्वनि से पूरा शहर गूंजेगा। एक समय, एक साथ शहर के सभी पूजा पंडालों में राम लला और मां दुर्गा की आरती होगी। समिति के लोगों का कहना है कि इसकी तैयारी की जा रही है।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम नगरी में शक्ति पूजा का महत्व पुरातन है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दुर्गा पूजा महोत्सव है। लोगों में उत्साह है। पूजा पंडालों में भीड़ बढ़ गई है। देवी मंदिरों के साथ ही पूजा पंडालों महिलाएं पूजन-अर्चन के लिए पहुंच रही हैं। जयकारे लग रहे हैं। रात में भक्तों की भीड़ बढ़ रही है।

पहली बार आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर पूजा समितियों के लोग सक्रिय हैं। आरती के वृहद आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह था। ठीक आठ बजे एक साथ शहर के पूजा पंडालों में घंटे-घड़ियाल, शंखध्वनि बजेगी। पूरा शहर घंटे-घड़ियाल से गूंजेगा। धूप दीप के साथ आरती होगी। प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के लोग पंडालों में मौजूद रहेंगे।

## राम का चरित्र सभी के लिए अनुकरणीय : लल्लू सिंह



**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** विकासखंड पूरा बाजार के अमर शहीद मंगल पांडेय रामलीला समिति दुगवा की रामलीला का समापन हो गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भगवान राम के जीवन और उनके चरित्र पर गहन प्रकाश डाला। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने जनसमूह को प्रभु राम के जीवन मूल्यों और आचरण को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कहा, श्रीराम का चरित्र हर किसी के लिए आदर्श है, उनके जीवन से हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन की प्रेरणा मिलती है।

## मुमताज नगर में शुरू हुई रामलीला


रामलीला के मंचन की शुरुआत कराते सपा नेता अनूप सिंह। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** मुमताज नगर में पिछले 60 वर्षों से चल रही रामलीला मंचन की शुरुआत पहले दिन सपा नेता अनूप सिंह ने फीता काटकर की। वहीं मुख्य संगीत निर्देशक बलधारी यादव, ओमप्रकाश शर्मा और अन्य साथियों ने मिलकर भगवान की आरती की प्रस्तुति दी। रामलीला मुमताज नगर के अध्यक्ष डॉ. सैयद माजिद अली, अनिल तिवारी, गिरधारी यादव, अमरनाथ यादव, बनवारी यादव, चंद्र शेखर तिवारी, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, उतरौला-बलरामपुर**

पत्रांक: 486/न0पा0प0उ0/ग्ा0नामान्तरण/2024-25 दिनांक- 28.09.2024

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद उतरौला में श्रीमती जुबेदा पत्नी श्री कमरूद्दीन निवासी ग्राम-जाफराबाद, बारिहहाल मोहल्ला-गाँधीनगर उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर यह अनुरोध किया गया है कि नगर पालिका परिषद उतरौला के मोहल्ला-गाँधीनगर वार्ड नं0-25 में एक खण्डहरनुमा मकान है जिसे उन्हें श्रीमती साफिया बेगम पत्नी अब्दुल्ला निवासी कस्बा उतरौला जनपद बलरामपुर के द्वारा बजरिये गोदनामा श्री कमरूद्दीन पुत्र इस्माईल निवासी ग्राम जाफराबाद परगना व तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर को प्राप्त हुआ है। श्री कमरूद्दीन की मृत्यु दिनांक-14-10-2020 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु के उपरान्त में उनकी पत्नी श्रीमती जुबेदा जायज वारिस हैं। श्रीमती जुबेदा पत्नी श्री कमरूद्दीन द्वारा मोहल्ला गाँधीनगर वार्ड नं0-25 उतरौला में स्थित खण्डहर को दर्ज किये जाने हेतु आवेदन किया गया है, जो निकाय कार्यालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त दशा में समस्त सम्बन्धित को सूचना दी जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को नगर पालिका अभिलेख में उपरोक्त का नाम दर्ज किये जाने पर कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत समय के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार सम्भव न हो सकेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, उतरौला-बलरामपुर


## कामाख्या मंदिर से निकाली चुनरी यात्रा


रुदौली में चुनरी यात्रा में शामिल विधायक रामचंद्र यादव व श्रद्धालु।

संवाददाता, रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** सिद्धपीठ मां कामाख्या देवी मंदिर पर तीसरे वर्ष विधायक रामचंद्र यादव की अगुवाई में 261 मीटर लंबी चुनरी यात्रा ग्राम हरिहरपुर से मंगलवार को निकाली गई। यात्रा हजारों श्रद्धालुओं के साथ सिद्धपीठ मां कामाख्या देवी मंदिर पहुंची। जहां विधिवत पूजा पाठ के बाद चुनरी माता को अर्पित की गई।

चुनरी यात्रा हरिहरपुर से सामाजिक कार्यकर्ता आलोक चन्द्र यादव द्वारा पूजा अर्चना के बाद शुरू हुई। श्री हंस इंटर कॉलेज व सरजू प्रसाद स्मारक विद्यालय की छात्राओं ने डांडिया व गरबा की प्रस्तुति दी। चुनरी यात्रा के उपरांत को 101 देवियों स्वरूप में आई कन्याओं के पैर धोए गए। सामाजिक कार्यकर्ता आलोक चंद्र यादव, दिनेश यादव, डॉक्टर दयाराम यादव, विकास वीर यादव, राज यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फिल्मी रामलीला में सीता हरण का मंचन

अयोध्या कार्यालय


फिल्मी रामलीला में राम वन गमन का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** फिल्मी सितारों की रामलीला के छठे दिन मंगलवार को शबरी के जूठे बेर और सीता हरण लीला का मंचन किया गया। मंचन की शुरूआत गणेश वंदना से किया गया। जिसके बाद सीता हरण और शबरी मिलन की लीला का मंचन किया गया।

लीला की भावपूर्ण प्रस्तुति में जब खर दूषण राम लक्ष्मण के हाथों मारे जाते हैं, तब सूर्पनखा अपने भाई रावण के पास जाती है। रावण से कहती है कि राम लक्ष्मण ने मेरी नाक काट दिया। तब रावण कारण पूछता है, तब सारी बात बता देती है। रावण मारीच को सोने का हिरण बना कर पंचवटी में जाता है। सीता हिरण को देख कर कहती है कि हे प्रभु आप मुझे यह सोने का हिरण ला दो। रावण साधु के वेश में सीता से भिक्षा लेने आता है। इस दौरान रावण छल से सीता का हरण कर लेता है। तब रास्ते में सीता अपने आभूषण डाल देती है। जटायु रावण से युद्ध करता है, लेकिन रावण उसके पंख काट देता है। राम लक्ष्मण सीता को खोजते हुए जाते हैं तो जटायु रास्ते में घायल अवस्था में मिलता है। जटायु राम को बताता है कि रावण सीता का हरण कर ले गया। इसके बाद राम लक्ष्मण को मार्ग में शबरी मिलती है।

रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि प्रसंग में श्रीराम की भूमिका में वेद, माता सीता की भूमिका में मांगिसा, लक्ष्मण अनिमेष, रावण की भूमिका में मनीष शर्मा, शबरी की भूमिका में ममता जैन शामिल रहीं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत धनघटा विकास खंड- हरैंया सतघरवा, जनपद-बलरामपुर**

पत्रांक: मेमो — दिनांक: 08.10.2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत धनघटा विकासखंड हरैंया सतघरवा, बलरामपुर में वितीय वर्ष 2024-2025 हेतु मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/राज्य वित्त/केंद्र राज्य वित्त आयोग/15वां राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/आर.जी.एम.ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण, कायाकल्प, SLWM, अन्त्येष्टी स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गौ पशु आश्रय, भूसा, दाना/चूनी- चोकर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईट/इंटर लॉकिंग ईट/ईट गिट्टी/बालू/मोरंग/ ग्रेनाईट/मारिया/पत्थर गिट्टी/हयूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी, अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि। स्ट्रीट लाइट, सौर्य ऊर्जा, डस्टबीन इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं कम्प्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है और JCB मशीन किराये पर, ट्रेक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05/10/2024 से दिनांक 09/10/2024 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक- 11/10/2024 ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10 बजे से 11 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

नियम/शर्ते निम्न हैः- 01- निविदा शुल्क रु0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 02- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे काम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्ति करता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 03- फर्म की जी.एस.टी. पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 04 - ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5-जो दरें प्रस्तुत की जाए वह दरें जीएसटी तथा डुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7-सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्तिआदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृति दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

ग्राम प्रधान — ग्राम पं0 धनघटा, वि0ख0 हरैंया सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

सचिव — ग्राम पं0 धनघटा, वि0ख0 हरैंया सतघरवा, जनपद- बलरामपुर


# राम वन गमन पर भावुक हुए श्रद्धालु

## रुदौली की ऐतिहासिक रामलीला छोड़ रही अलग छाप

संवाददाता, भेलसर, अयोध्या


रामलीला के मंचन में प्रभु श्रीराम के पांव पखारते केवट। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रुदौली में श्री रामलीला समिति द्वारा ऐतिहासिक रामलीला में पांचवे दिन राम वनगमन एवं दशरथ मरण का मंचन किया गया।

मंचन में दिखाया गया कि राजा दशरथ एक दिन दर्पण में अपने कुछ सफेद बालों को देख लेते हैं तथा गुरु वशिष्ठ से परामर्श करने के बाद वो अयोध्या का राज सिंहासन राम को सौंपने का निर्णय लेते हैं। इस सूचना से सारी अयोध्या में उत्सव जैसा माहौल हो जाता है। देवताओं के अनुरोध पर मां सरस्वती ने कैकई की दासी मंथरा की जिह्वा पर बैठकर उसकी बुद्धि को भ्रमित कर दिया। कैकई ने राजा दशरथ से राम के लिए बनवास और भरत को राज गद्दी का वरदान मांग लिया। दशरथ के बहुत समझने के बाद भी रानी जिद पर खड़ी रही। बृज किशोर ने दशरथ और संदीप शुक्ल ने कैकेई का अभिनय किया। दशरथ कैकई संवाद दर्शकों को खूब पसंद आया। रघुकुल की रीति को निभाते हुए राजा दशरथ रानी कैकेयी को वरदान दें देते हैं। माता की आज्ञा को मानते हुए प्रभु श्री राम, माता जानकी और लक्ष्मण वन गमन के लिए निकल जाते हैं। श्रीराम सरयू नदी पार करने केवट के पास पहुंचते हैं। केवट कहता है कि आप वही राम हैं जिनके छूने से ही शिला नारी बन गई। इस पर श्रीराम केवट के भाव को समझते हुए समझाते हैं कि इसके बाद केवट ने उनके पांव पखारे। अंत में दशरथ के विलाप के जीवंत अभिनय ने आये हुए दर्शकों के नेत्रों से अश्रुधारा निकाल दी।

# जय कन्हैया लाल के जयकारे से गूंज उठा रामकथा पार्क

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** श्रीराम कथा पार्क में तिवारी मंदिर के तत्वावधान में चल रही रामकथा के पंचम दिवस व्यास पीठ से जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज ने जैसे ही कृष्ण के जन्म के अद्भुत प्रसंग की व्याख्या की, पूरा परिसर नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारे से गुंजायमान हो उठा।

कथा की शुरुआत से पहले शिवेश्वरपति त्रिपाठी, श्रीषपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व्यास पीठ और कथा व्यास जगतगुरू स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा के पंचम दिवस प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया।


श्रीराम कथा के दौरान व्यास पीठ की आरती करते यजमान परिवार के परिजन।


**हाईकोर्ट इलाहाबाद लखनऊ बेन्च, लखनऊ**
(अध्याय 12 नियम 1 और 7)
**दीवानी विभाग**
प्रकीर्णांक (मुतफर्रिक) प्रार्थना पत्र सं0
CM.A. No. 19/24 , FAFOD- 119/2019
Vikram Pratap Bahadur Singh & Others ... अपीलकर्ता
प्रति
Harish Chandra & others ... उत्तरदायी
To, Harish Chandra S/o Tulsi Ram R/o- Vill- Pure Buddhi Mishra Hamlet of Rajapur, Pargana- Miranpur, Tehsil- Sadar, Distt- Sultanpur

1. Harish Chandra, adult, son of Tulsi Ram, 2. Lal Chandra, adult, son of Tulsi Ram, 3. Suresh Chandra, son of Ram Anjore, 4. Vijay Chandra, son of Ram Anjore, 5. Akhilesh Chandra son of Ram Anjore, चूँकि ऊपर लिखे प्रार्थी ने इस न्यायालय में उपयुक्त मुकदमे के सम्बन्ध में... के नाम ... के लिये प्रार्थना पत्र दिया है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप दिनांक 04 माह 11 सन 2024 ई0 को या उससे पूर्व उपस्थित होकर कारण बतायें कि प्रार्थना पत्र क्यों न स्वीकार कर लिया जाये उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई उसके बाद नियमानुसार विज्ञप्ति किसी और दिन होगी। विदित हो कि आप ऊपर लिखे दिनांक पर या उससे पहले स्वयं अथवा किसी एडवोकेट या ऐसे व्यक्ति द्वारा, जो आपकी ओर से कार्य करने के लिये कानूनन अधिकृत हो उपस्थित न होंगे तो उसे प्रार्थना-पत्र की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में हो जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर से आज दिनांक 01 माह 10 सन् 2024 ई0 का जारी किया गया।

डिप्टी रजिस्ट्रार
इलाहाबाद/लखनऊ



**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर बिरतिहा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024- 25 — दिनांक-08.10.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामपुर बिरतिहा , विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर राज्यवित्त /केंद्रीयवित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-09.10.2024 से 15.10.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत रामपुर बिरतिहा , विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-15.10.2024 को सायं 04: 00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रा0पा0 रामपुर बिरतिहा में बाउंड्रीवाल रिपेयर एवं पेंटिंग कार्य। | 1,20,900 रुपये। | सीमेंट, बालू , मोरंग, गिट्टी, पेंट, पुट्टी, डिस्टमपर, व्हाइट सीमेंट आदि सामग्री । | 100 |
| 02 | डब्लू के घर से दीपक कुमार के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य । | 1,27,700 रुपये। | एस0ओ0बी0 ईट आदि सामग्री । | 100 |
| 03 | दीपक कुमार के गेट से गुरु दयाल के घर से होते हुए बाग तक तक इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण कार्य । | 2,76,000 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री । | 100 |
| 04 | विनय कुमार के घर से RRC सेन्टर तक नाली निर्माण कार्य। | 1,70,600 रुपये। | ईट, बालू, मोरंग, गिट्टी,सीमेन्ट, ईट गिट्टी, आदि सामग्री | 100 |

नोट- शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0- रामपुर बिरतिहा, वि0खं0-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर


## सार-संक्षेप

### सपा की पीडीए साइकिल यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत


यात्रा में शामिल जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की संविधान बचाओ, पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा आजमगढ़ से चलकर सोमवार शाम को गोसाईगंज पहुंची। इस दौरान जगह जगह साइकिल यात्रा का स्वागत किया गया। जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेल ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा व संयोजक कुणाल मौर्य सहित अन्य सपाइयों का स्वागत किया। मंगलवार को जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेल के संयोजकत्व में शुरु हुई यात्रा में जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, राम सागर वर्मा, विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष सियाराम निषाद, रोली यादव अमित वर्मा, अजय वर्मा शामिल हुए। सपा नेता सच्चिदानंद पांडे व डॉ एमपी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अगुवाई कर रहे छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि इस समय सपा के पक्ष की लहर चल रही है। अपने वादे पर विफल सरकार को 2027 में बदल देना जरूरी है।

### बापू बालिका, जीजीआईसी व मेथोडिस्ट रही खो-खो विजेता


जनपदीय खो-खो प्रतियोगिता की विजेता टीम। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जनपदीय विद्यालयीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता मंगलवार को डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बापू बालिका, जीजीआइसी व मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज टीमों ने अपने वर्ग का खिताब जीता। जिला विद्यालयीय क्रीड़ा समिति की देखरेख में हुई जपनदीय विद्यालयीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन एसजीएफआई के तकनीकी सदस्य विनोद सिंह ने परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा समिति के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह सिंह, विजेन्द्र सिंह, परमेन्द्र सिंह, राजहव मैथ्यूज, अनुज विश्वकर्मा, वन्दना चौधरी, नीलम निषाद, पुष्पा खरे, माला यादव, पुष्पा यादव आदि मौजूद रहीं।

## महिलाओं को दिए गए हेल्पलाइन नंबर

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से मिशन शक्ति अभियान का पांचवां अध्याय शुरू किए जाने के बाद महिला पुलिस ने चौपाल व पाठशाला का आयोजन शुरू कर दिया है। इसके माध्यम से महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए जिले के सभी थाना व कोतवाली क्षेत्र में महिला पुलिस टीम की ओर से महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है।

## विशाल सिंह व राहुल यादव मनोनीत

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र लेखपाल संघ इकाई तहसील सोहावल की बैठक में दो पदों पर मनोनयन हुआ। तहसील अध्यक्ष सुशील कुमार की मौजूदगी में सर्वसम्मति से विशाल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व राहुल यादव को लेखपाल संघ का मंत्री चुना गया।


अमृत विचार — एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने भाई समीम पुत्र अब्दुल अजीज व भतीजा मेहताब आलम पुत्र मो0 समीम निवासी ग्राम व पो0 बरांव परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या से 2022 से अलग निवास करता हूँ। मेरा अपनी भाई व भतीजे से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **वकील अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम व पो0 बरांव परगना राठ तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या**

**सूचना**
मेरी पुत्री संजना जायसवाल के हाईस्कूल के अंक पत्र/प्रमाण पत्र में माता का नाम सन्नो जायसवाल त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड में सन्नो देवी है। मेरी पुत्री के अंक पत्र/प्रमाण पत्र में माता का नाम सन्नो देवी किया जाय। **शपथी- सन्नो देवी पत्नी सतीश जायसवाल, निवासी बनकेपुर, थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
मैं मो. इसराइल पुत्र अब्दुल हक निवासी ग्राम बनगवां थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर का हूँ। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मैंने अपने छोटे पुत्र मोहम्मद फिरोज जो मेरे कहने सुनने से बाहर है। इनके क्रियाकलाप से तंग आकर अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिया है। यदि इनके द्वारा कोई कृत्य किया जाता है तो उसकी जवाबदेही मेरे व मेरे परिवार की नही होगी। वे अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
मेरा वास्तविक नाम JITENDRA KUMAR S/O RAM KUWAR है परन्तु त्रुटि वश मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम BHIKKHU JITENDR VARDHAN व मेरे पिता का नाम KUWARE दर्ज हो गया है। जिसे संशोधित करके मेरे सभी अभिलेखों में JITENDRA KUMAR S/O RAM KUWAR लिखा पढ़ा व समझा जाये। **निवासी कनकहा, मोहनलाल गंज, लखनऊ**

**सूचना**
मेरे बेटे का नाम आधार कार्ड में आरुष पटेल लिखा है जबकि उसका सही नाम आरुष वर्मा है। मेरी पत्नी का नाम विद्यालय में गुड़िया वर्मा लिखा है जबकि उनका सही नाम रूबी वर्मा है। **विकास कुमार वर्मा पुत्र शिव कैलाश वर्मा ग्राम महरुपुर जनपद बाराबंकी वर्तमान पता जनपद कारागार बलरामपुर**

**सूचना**
वक्फ कनीज कुलसूम बेगम पंजीकरण संख्या-1-832 स्थित जमुनियांबाग, फैजाबाद जनपद अयोध्या जो वक्फकत्री के रजिस्ट्रीशुदा वक्फनामा दिनांक 14.07.1933 के अन्तर्गत शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड, इन्दिरा भवन, लखनऊ में विधिवत् पंजीकृत वक्फ है जिसका गजट नोटिफिकेशन दिनांक 23 जनवरी, 1954 में हो चुका है। उपरोक्त वक्फ सम्पत्ति मकान नम्बर-पुराना 6/2/119 व नया नम्बर 6/2/164 पर अगर कोई अनुबन्ध, रजिस्ट्री आदि कोई व्यक्ति करता है तो वह अवैधानिक होगा।
(अहसन मेहदी रिज़्वी)
मुतावल्ली
वक्फ कनीज कुलसूम बेगम जमुनियांबाग, फैजाबाद जिला अयोध्या मो.नं.-8931833083



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच**

पत्रांक-666/ मु0न0सू0 योजना /नि0का0/ ई-टेण्डर/2024 — दिनांक 07.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-65 मु0न0 सृ0 योजना / नि0का0/ई-टेण्डर/2024 दिनांक अक्टूबर, 2024 द्वारा मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद, बहराइच की कार्ययोजना मे से स्वीकृत अवशेष 01 निर्माण कार्य हेतु जी0एस0टी0 सहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक को अपरान्ह 2:30 बजे से दिनांक 29/10/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद बहराइच के एच0डी0एफ0सी0 बैंक में मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना के नाम से संचालित बचत खाता संख्या 50100494491581 IFS code HDFC0007523 में अथवा एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0 / सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक हो जमा की जायेगी। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा किया जायेगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों ( जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 29/10/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। उक्त ई-निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर भी उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बहराइच

## एक नजर

### एलडीएम ने लोगों को किया जागरूक

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक एलडीएम कमलेश भास्कर ने अकबरपुर में उपभोक्ताओं को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी कई तरह की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं में कई तरह की व्यवस्थाएं अब हो गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं को लेन-देन में आसानी हुई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वह बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाएं। कोई समस्या होगी तो उसका निस्तारण कराया जाएगा।

### संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन की तैयारी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद के कटेहरी बाजार में आगामी 17 अक्टूबर को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसकी तैयारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी अभी से जुटे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी और सत्यनारायण पटेल ने कटेहरी ब्लॉक के खजावा गांव, भीटी के पिछ्वारा गांव, टांडा ब्लॉक के सामुदायिक बरातघर और टांडा के एनटीपीसी गेट नंबर एक के समक्ष समिति बैठक कर सभी में जोश भरा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा कि संविधान बचाने के लिए हम सभी को यूं ही मोर्चा संभाले रखना होगा। वहीं वक्ताओं ने समाज के अलग-अलग वर्गों की उपेक्षा पर नाराजगी जताई है।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए दो जोड़े

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय और महिला हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के दो जोड़े के मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया गया। बता दें कि महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय और महिला हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के कुल दो जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक पारिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझायाा गया। जिसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

# वंचितों को योजनाओं से करें लाभांवति

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव मंगलवार को जनपद के एक दिवसीय दौरे पर रहे। युवा कल्याण एवं खेलकूद मंत्री गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता और जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा की उपस्थिति में पंचायत भवन ग्राम पंचायत जगदीशपुर विकासखंड कटेहरी में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

जन चौपाल के दौरान मंत्री ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल किया। उन्होंने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विद्युत आपूर्ति, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और अन्य योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणों से वार्ता कर जानकारी हासिल किया। ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हम सभी को मिल रहा है। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव में जो भी वंचित पात्र लाभार्थी किसी योजना से छूटे हैं उन्हें चिन्हाकिन करते हुए तत्काल सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इसमें किसी प्रकार के लापरवाही ना बरती जाए।

इस दौरान मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के पांच लाभार्थियों को चाबी का वितरण और पांच लाभार्थियों को शौचालय स्वीकृत पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री ने दो बच्चों का अन्नप्राशन और एक गर्भवती महिला की गोद भराई करायी।



जन चौपाल में लाभार्थी को पीएम आवास की चाबी देते मंत्री गिरीश चंद्र यादव व साथ में डीएसटीओ अनुपम सिंह। अमृत विचार

### चौपाल में ये भी रहे उपस्थित

चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी खंड विकास अधिकारी कटेहरी अनुपम सिंह, डीपीआरओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान और अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे

# आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में जनपद को प्रदेश में मिला पहला स्थान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर माह सितम्बर में प्राप्त शिकायतों को नियत समय में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के लिए जनपद को प्रदेश में 115 अंक में से 115 अंक मिला है। शिकायतों के निस्तारण में जनपद प्रदेश में पहले स्थान पर है।

समय-समय पर उच्च अधिकारियों और प्रभारी आईजीआरएस महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी द्वारा समीक्षा कर आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में आ रही कमियों को दूर किया गया और आईजीआरएस सेल व सर्किल और थानों में नियुक्त कर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शासन के मंशानुरूप शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया गया और जनपद की पुलिस आगे भी प्रत्येक क्षेत्र में इसी तरह से निरंतर कार्य करती रहेगी। जनपद के थाना कोतवाली अकबरपुर, थाना बेवाना, थाना बसखारी, थाना सम्मनपुर, थाना टांडा, थाना इब्राहिमपुर, थाना अलीगंज, थाना हंसवर, थाना कटका, थाना जलालपुर, थाना मालीपुर, थाना जैतपुर, थाना भीटी, थाना अहिरौली, थाना महरुआ, महिला थाना ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के थानों की रैंकिंग में सयुंक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। माह सितम्बर में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त समस्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण किया गया। जिसके कारण से जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने आईजीआरएस में कार्य कर रहे सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की है। आईजीआरएस टीम में उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी प्रभारी आईजीआरएस, महिला कांस्टेबल पूजा सिंह, महिला कांस्टेबल मंजू पटेल, कांस्टेबल ललित मोहन यादव, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल हैं।

# निर्माणाधीन कार्यों को जल्द कराएं पूर्ण : गिरीश चंद्र

## मंत्री ने अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** युवा कल्याण एवं खेलकूद मंत्री गिरीश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के प्रभारी मंत्री के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता भी उपस्थित रहे।

बैठक में मंत्री ने कृषि विभाग, पशुपालन, दुग्ध विकास, वन विभाग, सहकारिता, पंचायती राज विभाग, परिवार कल्याण, नगर विकास, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग, खादी व ग्रामोद्योग, बेसिक शिक्षा, खेलकूद, विद्युत विभाग, रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण स्वच्छता, सडक़, चिकित्सा व जन स्वास्थ्य, ग्रामीण पेयजल ग्राम्य विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा किया। बैठक के दौरान मंत्री ने विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर के खराब होने पर उसे तत्काल बदलने और जनपद में रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं के अधिक बिल से संबंधित संशोधनों को अभियान चलाकर व शिविर लगाकर संशोधित किए जाने के निर्देश दिए है।

मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जनपद में पूर्ण हो चुके टैंकों, परियोजनाओं से संबंधित ग्रामों में निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वहीं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में कार्य के गुणवत्ता की चेक कर ली जाए और निर्माणधीन परियोजनाओं के कार्य में और तेजी लाई जाए। मंत्री ने जनपद में 50 लाख रुपए से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की योजनावार गहन समीक्षा किया और संबंधित कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से व निर्धारित समय में सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा करते जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र वसाथ में जिलाधिकारी व सीडीओ।

### एसपी ने दी सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव को जनपद में कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में विभिन्न दुर्गा पंडालों, धार्मिक मंदिरों और आयोजनों में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### धनराशि खर्च न करने वाले प्रधान व सचिव को दें नोटिस

मंत्री ने 15वें वित्त आयोग और 5वें राज्य वित्त आयोग आदि के तहत ग्राम विकास के लिए प्राप्त धनराशि को समय से व्यय किए जाने, एक वर्ष से अधिक समय से धनराशि खर्च न करने वाले ग्राम प्रधानों और सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### वंचित किसानों को सम्मान निधि से करें लाभांवित

मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि किसान सम्मान निधि से वंचित पात्र कृषकों से समन्वय स्थापित कर योजना से लाभान्वित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना में मनरेगा मजदूरी का भुगतान समस्त लाभार्थियों को समय से किया जाए। मनरेगा के समस्त जॉब कार्ड धारकों को जॉब कार्ड उपलब्ध कराने और उन्हें मांग के अनुरूप कार्य भी उपलब्ध कराया जाए।

### सड़कों पर न दिखाई दें गोवंश

जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंशों को आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी निराश्रित गोवंश सड़को पर दिखाई न दे। उन्होंने निर्माणाधीन बृहद गौशाला के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने और सभी विकास खंडों में वृहद गौशाला के निर्माण के लिए भूमि का चयन कर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह और संबन्धित विभाग और कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### किसानों को उचित दर पर मिले खाद : जिलाधिकारी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिला उर्वरक समिति की बैठक उर्वरक विनिर्माताओं और जनपद के खाद विक्रेतायों के साथ की गई। समीक्षा बैठक के दौरान पाया गया कि जनपद की आवश्यकता से अधिक खाद की उपलब्धता है। किसानों की आवश्यकता के अनुसार जनपद में उचित दर पर खाद की आवश्यकता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान उप निदेशक कृषि डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय और संबन्धित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### बीईओ ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन



बीईओ मीनाक्षी सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट करतीं प्रधानाध्यापक प्रेमा देवी।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय उफरौली में खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने स्मार्ट क्लास का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में नई तकनीक का सहारा लेकर स्मार्ट टीवी से बच्चे रुचिपूर्ण ढंग से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रेमा देवी ने बीईओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्मार्ट टीवी की व्यवस्था विद्यालय के समस्त स्टाफ के निजी सहयोग से किया गया। इस अवसर पर ए आर पी मित्र सेन वर्माए सहायक अध्यापक मानवेन्द्र वर्माएअनुपम शाहीए लुबना मरियमएमुरली वर्माए सीमा सिंह समेत तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

### बिजली का खंभा गिराने के मामले में दस लोगों पर मुकदमा



सीहमऊ मोलनापुर गांव में जबरन खंभा गिराते लोग।

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** सीहमऊ मोलनापुर गांव में कुछ मनबढ़ किस्म के लोगों ने बिजली का खंभा रस्सा से खींच कर जबरन गिरा दिया। ग्रामीणों की मौखिक शिकायत पर विभाग ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि सीहमऊ मोलनापुर गांव को अकबरपुर बिजली केंद्र से विद्युत आपूर्ति होती है। वर्षों से गांव के कनक भवन यादव के घर के पास लगा बिजली के पोल को लेकर कुछ लोग लंबे समय से आपत्ति जता रहे हैं। विभाग से बार-बार उक्त स्थान से खंभा हटाने की मांग की जाती रही है। विभाग की अनदेखी के बाद गांव के कुछ मनबढ़ किस्म के लोगों ने बिजली का खंभा जबरन खींचकर गिरा दिया। जमीन पर गिरने के बाद खंभा टूटकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान किसी ने उक्त घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कुछ ग्रामीणों की मौखिक शिकायत पर अवर अभियंता सतीश ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की तो मामला सही पाया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अवर अभियंता सतीश की तहरीर पर जबरन बिजली का खंभा गिराकर क्षतिग्रस्त करने पर राम लौट, नेपाल, राम तीरथ, जगपाल समेत दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एमएलसी ने बाल बिहार पार्क का फीता काटकर किया उद्घाटन

**अंबेडकनगर, अमृत विचार।** एमएलसी डॉक्टर हरिओम पांडेय ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में न्याय पथ पर डॉ. भीम राव आंबेडकर प्रतिमा के पास स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल बिहार पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके निर्माण हो जाने से यहां के नन्हे-मुन्हें बच्चों को खेलने का एक अच्छा पार्क उपलब्ध हुआ है। इसी के साथ ही इस छायादार बाल-बिहार में सिविल लाइन और उसके आसपास के निवासियों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं को भी योगा व प्राणायाम की सुविधा प्राप्त होगी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और अन्य अधिकारियों ने पार्क में मौजूद बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। बाल बिहार पार्क में बच्चों के खेलने के लिए स्पाइरल स्लाइड, फाइबर स्लाइड, स्टैंडिंग प्लेटफार्म झूला, जाइंट स्विंग, सी-सा आदि सहित बेंच और विभिन्न बहुउद्देशीय और आकर्षक खेल उपकरणों को लगाया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, ईओ नगर पालिका अकबरपुर बीना सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

### दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, दो गंभीर

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अकबरपुर-जलालपुर मुख्य मार्ग पर नैली झील के पास मंगलवार को हजपुरा निवासी राम जवाहर उर्फ मागिर अपने गांव के ही राजेश के साथ अकबरपुर किसी काम से गया था। वापस घर आते समय जलालपुर की तरफ से एक बाइक सवार जो कि साड़ी बेचने का फेरी का काम करता है और सीतापुर का निवासी बताया जा रहा है नैली झील के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों में भीषण टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों बाइकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया और क्षतिग्रस्त हो चुकी बाइकों को थाने ले गई। उक्त दुर्घटना में राम जवाहिर उर्फ मागिर व राजेश की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### योजना के तहत बकाया जमा करके ले सकते हैं लाभ

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत जिन किसानों के आवेदन 25 जून 2024 तक स्वीकृत हो चुके थे, लेकिन वह 9 जुलाई 2024 तक अपनी बकाया राशि जमा नहीं कर पाए हैं, उन्हें एक और अवसर दिया जा रहा है। ऐसे किसान 10 अक्टूबर को फिर से टोकन जारी कर अपनी शेष बकाया राशि जमा करके योजना का लाभ उठा सकते हैं। बता दें कि सरकार किसानों को सिंचाई की सुविधा प्रदान करने के लिए पीएम कुसुम योजना चला रही है। इस योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए सब्सिडी पर सोलर पंप उपलब्ध कराए जाते हैं। योजना के अंतर्गत तीन हॉर्स पावर, 5 हॉर्स पावर, 7 .5 हॉर्स पावर और 10 हॉर्स पावर के सोलर पंप उपलब्ध कराए जाते हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पीएम कुसुम योजना के तहत आवेदन करने वाले किसानों को अतिरिक्त समय दिया गया है। जिन किसानों ने अवशेष राशि 9 जुलाई तक जमा नहीं किया है उनकी बुकिंग को 10 अक्टूबर को फिर से कंफर्म करने की प्रक्रिया की जाएगी। इस संबंध में जानकारी किसानों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पोर्टल द्वारा भेजी जाएगी। उन्होंने किसानों को चेतावनी दिया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अवशेष राशि जमा करने के लिए फोन किया जाता है, तो इसे अनदेखा करें और सही जानकारी के लिए कृषि विभाग से संपर्क करें। किसानों को जालसाजों से सावधान रहने की भी सलाह दी गई है।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सिसानी अखईपुर गांव के बाहर बाग में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फंदे से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। बताया जाता है कि युवक सोशल मीडिया पर रील बनाता था।

वहीं देर शाम परिजनों ने अकबरपुर-मालीपुर मार्ग पर शव को रखकर जाम लगा दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और आनन-फानन में उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला और सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराने में जुटे रहे। काफी मान-मनौव्वल के बाद क्षेत्राधिकारी के तीन-चार दिन में मामले का खुलासा करने की बात पर परिजन शव को उठाने को तैयार हुए तब जाकर सड़क जाम खुला। जबकि पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या का मामला सामने आया है। बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सिसनी अखईपुर निवासी 18 वर्षीय अमन पुत्र शिवचरन का गांव के बाहर स्थित बाग में पेड़ से लटकता संदिग्ध परिस्थिति में शव ग्रामीणों ने देखा। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं मामले में युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। बताया जाता है की युवक सोशल मीडिया पर रील बनाता था।

क्षेत्राधिकारी देवेद्र कुमार मौर्य ने बताया कि मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सडक़ पर रखकर जाम लगा दिया था। उन्हें समझा-बुझाकर मामले को शांत करा कर जाम को खुलवा दिया गया है।

# बालिकाओं को उनके हक के बारे में किया जागरूक



मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते पुलिसकर्मी।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** नारी शक्ति मिशन के तहत नगर और क्षेत्र में लगातार पुलिस के द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अमर गांधी बालिका इंटर कालेज में कोतवाली जलालपुर की पुलिस टीम ने बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया।

कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा सतर्क रहती है। अगर किसी महिला या बालिका को कहीं कोई समस्या होती है तो वह तत्काल पुलिस की सहायता ले सकती हैं। इसके लिए सरकार की तरफ से जारी 1090 समेत कई टोल फ्री नंबरों पर शिकायत दर्ज कर सहायता ले सकती हैं। महिलाएं और बालिकाएं थाना परिसर में महिला हेल्प डेस्क पर निःसंकोच पहुंच कर शिकायत दर्ज करा कर सहयोग पा सकती है। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक सविता ने भी छात्राओं को शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पलाइन नंबर और महिला साइबर सेल की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उपनिरीक्षक रमेश शुक्ला, मनीष कुमार, राहुल कुमार, कांस्टेबल धनंजय यादव, महिला कांस्टेबल कल्पना देवी, राजेश कुमार, रमेश सिंह, रोहित सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



छात्राओं को जागरूकता का पाठ पढ़ाते वन स्टॉप सेंटर के मैनेजर।

### योजनाओं के बारे में किया गया जागरूक

**अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान फेस-5 के अंतर्गत मंगलवार को मां ब्रह्मा देवी रमाशंकर इंटर कॉलेज तमसा मार्ग अकबरपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर के द्वारा छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरांत महिला पेंशन योजना कार्यक्रम का आयोजन कर उनके सामने आई चुनौतियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में और स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन को विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टाप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली व वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने और उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके अधिकारों के बारे में भी बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया।

**आयोजन** जिलाधिकारी ने जनचौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# ग्राम पंचायत में खराब सड़कों को कराएं ठीक : जिलाधिकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड कटेहरी के ग्राम पंचायत तुलसीपुर के ग्राम सचिवालय में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्राम वासियों के अच्छादन की स्थिति का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड आदि के लाभार्थियों से वार्ता किया और विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों के अनुरोध पर वहां स्थित ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत में खराब रास्तों को ग्राम पंचायत सचिव सर्वे कराकर ठीक कराए। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा कोटेदार की शिकायत की गई कि इनके द्वारा राशन में घटतौली की जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने कोटेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होनी चाहिए अन्यथा कोटा निरस्त करके किसी महिला को कोटा आवंटित कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओ का बीमा कराए। जिससे पशु के मृत होने पर बीमा का लाभ मिल सके।



विकासखंड कटेहरी के ग्राम पंचायत तुलसीपुर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में परियोजना निदेश अनिल कुमार सिंह।

### जिलाधिकारी ने गांव का किया भ्रमण, दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में पैदल भ्रमण कर ग्रामीणों के घर-घर जाकर उनकी समस्याओं, साफ-सफाई और ग्रामीण तक विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के पहुंच को सुना और परखा। ग्राम भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने एक बुजुर्ग महिला के पेंशन बंद हो जाने का प्रकरण पाए जाने पर तत्काल ग्राम सचिव, खंड विकास अधिकारी और एडीओ समाज कल्याण को वृद्ध महिला का पेंशन के लिए आवेदन कराकर उसे पेंशन प्रदान कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भीटी पवन कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी टांडा, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार टांडा, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित विद्युत विभाग और अन्य विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

### समूह सखी को दें स्कूटी और सिलाई मशीन

भ्रमण के दौरान ही जिलाधिकारी को एक समूह सखी ने वार्ता के दौरान बताया कि उनकी तीन बेटियां हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बच्चियों की पढ़ाई बंद हो गई है। जिस पर जिलाधिकारी ने उन बच्चियों का आवेदन अभ्युदय योजना में करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया, जिससे उन्हें निशुल्क शिक्षा प्रदान हो सके। साथ ही साथ उन्होंने समूह सखी पूनम भारती को ई-स्कूटी और सिलाई मशीन दिए जाने को कहा जिससे वह अपना स्वयं का रोजगार कर आय में वृद्धि कर सके और अपने जीवकोपार्जन में सुधार ला सके।

## एक नजर

### महिला लापता, केस दर्ज

परसपुर : अमृत विचार : महिला रहस्य परिस्थितियों में ससुराल से लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद सुराग न मिलने पर उसके ससुर द्वारा गुमशुदगी की सूचना दर्ज करायी गयी है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दुरौनी पूरे सरदार निवासी चन्द भान सिंह के द्वारा थाने पर दर्ज करायी गयी सूचना के अनुसार उनकी 24 वर्षीय बहू सोमवार को समय लगभग दिन में 3 बजे घर से निकली और देर शाम वापस नहीं आयी। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि सूचना दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गयी है।

### चोरी का आरोपी सामान के साथ गिरफ्तार

मनकापुर :अमृत विचार : चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को नगदी व जेवरात सहित गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया की बीते 6 सितंबर की रात ग्राम भिटौरा के बरई पुरवा निवासी राधेश्याम के घर मे चोरी हुई थी। चोरी करने का मुख्य आरोपी ग्राम धुसवा चैनपुरा निवासी आकाश सिंह को पीएनबी बैंक के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से नकद 1240 रुपए, एक जोड़ी पायल व एक जोड़ी बिछुवा बरामद हुआ है।

### गन्ना समिति संचालक पद के लिये नामांकन 10 को

रुपईडीह : अमृत विचार : सहकारी गन्ना विकास समिति मैजापुर के संचालक क्षेत्र मनोहरजोत व फरेंदा शुक्ल से दो –दो प्रत्याशियों ने संचालक पद का चुनाव लड़ने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इन दोनों क्षेत्रों मे संचालक पद के लिए आगामी 10 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। मनोहरजोत क्षेत्र से संचालक पद के लिए मनोहरजोत से निर्वाचित गन्ना प्रतिनिधि अवनींद्र कुमार मिश्र व पूरे चयनकुवरिं के अनिल कुमार पाण्डेय ने तैयारी शुरू कर दी।

# पेंट कंपनी के सेल्समैन ने नदी में कूदकर जान दी

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, गोंडा


ध्रुव कुमार तिवारी (फाइल फोटो)

अमृत विचार: एक निजी कंपनी में सेल्समैन का काम करने वाले एक युवक ने मंगलवार को टेढी नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को बाहर निकाला और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के परवानपुर गांव निवासी ध्रुवकुमार उर्फ शुभम तिवारी एक निजी पेंट कंपनी में सेल्समैन था। मंगलवार की सुबह वह ड्यूटी पर जावे के लिए घर से निकला था। बालपुर स्थित टेढी नदी के पुल पर पहुंचने के बाग उसने बाइक को किनारे खड़ी कर दिया और मोबाइल फोन निकालकर पुल पर रख दिया। इसके बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक को नदी में छलांग लगाते देख लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। मृतक के पास से बरामद परिचय पत्र से इसकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी तो कुछ देर बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक के भाई महेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि ध्रुव कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार के सभी लोग मुख्यालय स्थित हाइडिल कालोनी में रहते हैं। मंगलवार को ध्रुव काम पर जाने के लिये घर से निकला था। वह बेहद मेहनती और सुलझा हुआ था। ऐसे मे वह नदी पर कैसे पहुंचा और उसने जान क्यों दी यह पता नही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की छानबीन में जुटी है।

## एडीजे ने बालगृह का किया निरीक्षण

गोंडाः अमृत विचारः अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने मंगलवार को पोर्टरगंज स्थित बालगृह बालक/बालिका का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद बालक, बालिकाओं से उनके स्वास्थ्य, भोजन व शिक्षा की जानकारी ली। उन्होंने बालक, बालिका गृह में दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी परखी। इस दौरान अपर जिला जज ने बालक ,बालिका गृह के कर्मचारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा और कागजातों को व्यवस्थित रखने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला जज ने मौजूद बालक/बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान असिस्टेंट एलएडीसी बृज लाल तिवारी, अंकित वर्मा व बालगृह के प्रदीप गुप्ता और अर्चना श्रीवास्तव सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# नदी में उतराता मिला युवक का शव

▸▸ तीन दिन से लापता था युवक, नदी में शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचारः मोतीगंज थाना क्षेत्र के पेडारन गांव के मजरे परतिहनपुरवा के रहने वाले युवक का शव मंगलवार को मनवर नदी में उतराता मिला। युवक 5 अक्टूबर से लापता था। सोमवार को उसकी मां की तरफ से मोतीगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मंगलवार को ग्रामीणों ने उसका शव मनवर नदी में उतराता देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के पेडारन गांव के मजरे परतिहनपुरवा का रहने वाला अमरजीत पांच अक्तूबर को घर से अचानक लापता हो गया था। परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। सोमवार को उसकी मां उर्मिला देवी ने मोतीगंज थाने में अमर जीत के गायब होने की सूचना दी थी। पुलिस भी युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी।

प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव वे बताया कि मंगलवार की सुबह गांव के लोगों ने मनवर नदी में एक शव उतराता देखा तो इसकी सूचना थाने पर दी। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। कुछ देर बाद सीओ शिल्पा वर्मा भी मौके पर पहुंच गयीं। उन्होने डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर छानबीन करायी। आसपास के लोगों से पहचान कराई गयी तो शव की शिनाख्त अमरजीत पुत्र राजमन के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी और मौके बुलाया तो उसके भाई विकास, मां उर्मिला व परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। बेटे का शव देख मां उर्मिला गश खाकर गिर पड़ी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना की जांच की जा रही है।

### सागौन के बाग में मिला युवक का शव

संवाददाता, धानेपुर : अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरदा के देवदहवा तालाब के बगल स्थित सागौन के बाग में मंगलवार को एक युवक का शव पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक मानसिक बीमार था और कई महीनो से बाबागंज बाजार में घूम रहा था। हालांकि वह कहां का रहने वाला था इसकी जानकारी नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# शिकायतों के निस्तारण में गोंडा पुलिस अव्वल

संवाददाता, गोंडा


कार्यालय में वर्चुअल मीटिंग करते एसपी विनीत जायसवाल।

अमृत विचारः आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज करायी जाने वाली शिकायतों के निस्तारण में गोंडा पुलिस को पूरे प्रदेश मे पहला स्थान मिला है। जिले के 18 थानों में से 17 थानों ने शत-प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया है। इस सफलता पर एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा प्रतिमाह शासन की तरफ से की जाती है। फीडबैक के आधार पर ही शासन सभी जिलों की रैंकिंग जारी करता है। सभी प्रकार के शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की एक समय सीमा निर्धारित होती है। समय सीमा के बाद भी अगर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है तो वह डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाता है। शिकायतों के त्वरित और बेहतर निस्तारण पर जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। एसपी ने बताया कि इस माह की रैंकिंग नें गोंडा पुलिस ने शत प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। जिले के कुल 18 थानों में से 17 थानों ने शत-प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया है। मंगलवार को उन्होंने वर्चुअल मीटिंग कर पुलिस कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। आईजीआरएस सेल प्रभारी निरीक्षक राजेश चौधरी व उनकी टीम को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत कर जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। टीम में आईजीआरएस प्रभारी निरीक्षक राजेश चौधरी, कांस्टेबल विवेक कुमार सिंह, महिला कांस्टेबल नम्रता कुशवाहा, शिखा वर्मा, नैन्सी गुप्ता व प्रीति देवी शामिल रहीं।

## संगिनी से परेशान आशा ने की शिकायत

तरबगंजः अमृत विचारः स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात आशा संगिनी से परेशान होकर आशा बहू ने सीएचसी अधीक्षक से जांच की मांग करते हुए शिकायत की है। तरबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशाबहु का कार्य कर रही सोनिया तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी तैनाती आशाबहु के पद पर 2016 में हुई है। पहले से आशा रही कान्ता को संगिनी बना दिया गया है, जो कार्य में बाधा उत्पन्न कर रही है। इस संबंध में अधीक्षक नवनीत सिंह गौरव ने बीसीपीएम को दो दिन में समस्या निस्तारण का निर्देश दिए है।

# सीडीओ ने किया बीएसए कार्यालय का निरीक्षण



संवाददाता, गोंडा

अमृत विचारः मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने मंगलवार को पंतनगर स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित मिले।

सीडीओ ने पत्रावलियों को समुचित ढंग से रखने, सभी पटल सहायकों के नाम की पट्टिका लगाने, सभी कक्ष के सामने अनुभाग बोर्ड लगाने तथा परिसर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

# कोर्ट परिसर में आर्मी पिस्टल के साथ धरा गया युवक, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचारः कोर्ट की सुरक्षा में बड़ी एक लापरवाही का मामला सामने आया है। सोमवार को एक युवक पिस्टल लेकर कोर्ट रूम तक पहुंच गया। विधिक सेवा प्राधिकरण कक्ष के बाहर युवक को जब पुलिस ने चेक किया तो उसके पास मेड इन इटली की पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल पर ओनली आर्मी सप्लाई लिखा हुआ मिला। यह देख सुरक्षा कर्मियों के होश उड़ गए। पकड़े गए युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है और उसकी पिस्टल जप्त कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

नवाबगंज कस्बे के रहने वाला आशीष सिंह वर्तमान में नगर कोतवाली को सिविल लाइन मोहल्ले में रहता है। आशीष सोमवार को कचहरी गया था। वह विधिक सेवा प्राधिकरण के कोर्ट के पास घूम रहा था। इसी दौरान पुलिसकर्मियों को उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी तो उसे रोककर उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान उसके पास से मेड इन इटली की पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल पर ओनली आर्मी सप्लाई लिखा हुआ था। पुलिसकर्मियों ने उससे पिस्टल के संबंध में पूछताछ की तो वह जवाब नहीं दे सका। पिस्टल मिलते ही कचहरी में हड़कंप मच गया। आशीष को तत्काल कोतवाली ले जाया गया। नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि न्यायालय सुरक्षा प्रभारी शरेन्दू कुमार पांडेय को सूचना मिली कि एक युवक असलहे के साथ न्यायालय के अंदर आया हुआ है। जब पकड़ करके पूछताछ की तो आरोपी अपने गलती की माफी मांगने लगा और उसके पास से एक मेड इन इटली की पिस्टल बरामद की गई है। जिसके स्लाइड पर मेडिकल नंबर एन070001 और बैरल के ऊपर ऑन आर्मी सप्लाई दर्ज है। जो भी सुरक्षा के दौरान चूक हुई है। इसको लेकर के जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य वस्तुओं में मिलावट की आशंका पर छापेमारी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के अनुपालन में नवरात्रि पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थ के बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए जांच करते हुए सैंपलिंग की जा रही है। गुणवत्ता सुनिश्चित कराए जाने के संजय कुमार सिंह मुख्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम अंबेडकर चौराहा व जेल रोड पर चौबे जनरल स्टोर, गणेश कुमार मिश्रा के यहां निरीक्षण कर मौके पर विकृय के लिए मौजूद कुट्टू आटा का नमूना लिया गया है।

आकाश ट्रेडर्स निर्मल साहू पुत्र बाबू साहू सिविल लाइन जेल रोड नमूना कुट्टू कांटा डेढ़ किलो सीज किया गया। सिंघाड़ा आटा 40 किलो सीज किया गया तथा हरिराम जनरल स्टोर जिला पंचायत मार्केट से कुट्टू आटा का नमूना किया गया तथा 8 किलो सीज किया गया। अभियान के दौरान अब तक कुल सात नमूने कुट्टू आटा के संग्रहीत किए गये। छापेमारी टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार, संतोष कुमार, प्रमोद कुमार, संजय सिंह रहे। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश के क्रम में मिलावट की समान को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-216

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।

5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।

6. 1. 'घम–घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।

9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।

3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।

4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।

7. एक प्रकार का दलहन।

8. 1. कम मात्रा का, अल्प; न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा–सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।



### वर्ग पहेली -215 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | | 2 अँ | | | |
| मीं | | 3 जु | 4 बा | द | |
| | 5 ज़ | ली | ल | | 6 आ |
| | | | वा | | ति |
| | 7 घ | रा | ड़ी | | श |
| | | | | | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | | ज़ी |

## सुडोकू -129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | | 7 | | 8 |
| | 2 | | 4 | | | | | |
| 7 | 6 | | 3 | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 7 | | 5 | 9 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 7 | | 9 | | 3 | | | 4 |
| | | | | 3 | 1 | | 2 | 5 |
| | | | | | 6 | | 3 | |
| 4 | | 1 | | 9 | | | 7 | |

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 6 | 7 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 |

## पांच किसानों को दिया गया कर्ज

रुपईडीह : अमृत विचारः पिछले दो सप्ताह मे किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पंजाब नेशनल बैंक की शाखा कौड़िया बाजार ने पांच किसानों को मिलाकर छः लाख पचास हजार रुपए का ऋण वितरित किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि उक्त योजना के तहत प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जांच कृषि अधिकारी कमलेंद्र कुमार द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद उन किसानों को भी ऋण वितरित कर दिया जाएगा।

# धनुषयज्ञ महोत्सव में शचींद्रनाथ अध्यक्ष, रोहित बने महामंत्री

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : क्षेत्र के सकरौरा नगर में होने वाला प्रसिद्ध श्री धनुषयज्ञ महोत्सव समिति के लिए कार्य समिति की एक बैठक सोमवार की देर शाम रामलीला भवन में आयोजित हुई।

बैठक में इस वर्ष के लिए समिति का चयन किया गया। पंडित घनेश मिश्र के मंगलाचरण के बाद समिति का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा समिति का अध्यक्ष शचींद्रनाथ मिश्र और महामंत्री रोहित जयसवाल को बनाया गया। बैठक में कार्यसमिति का गठन करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष व महामंत्री का चयन होने के बाद उपाध्यक्ष शिवेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट, अंबुज शुक्ल, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, मनोज कुमार शुक्ल, दीपेंद्र कुमार सोनी सोनू को नामित किया गया। कोषाध्यक्ष सचिन सोनी भोला को नामित किया गया। मंत्री पद पर धीरज जायसवाल, भगौती गुप्ता, अवनीश सोनी पीटर, अनिकेत मिश्र एडवोकेट, पुनीत कुमार वैश्य, हिमांशू श्रीवास्तव, गंगेश्वर वैश्य नामित किया गया। वहीं लेखा निरीक्षक गिरीश कुमार शुक्ल को नामित किया गया। लीला निर्देशक श्री भगवान साह व लीला संचालक पन्नालाल सोनी, संतोष कुमार पांडेय, गणेश प्रसाद कसौंधन को नामित किया गया। साथ ही व्यवस्थापक पद पर होली सविता, राकेश जायसवाल, टिंकू सविता, कमलेश कुमार श्रीवास्तव मामा, विजय कुमार जायसवाल मोनू, दुर्गेश सविता, सियाराम जायसवाल, राजेश जायसवाल, ज्ञानेश्वर पाठक, राजेश निषाद, घनेष कुमार मिश्र, सचिन सेन अनूप जायसवाल को नामित किया गया। वहीं स्वागताध्यक्ष पद पर सतेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, राकेश कुमार मिश्र एडवोकेट, जगजीवन प्रसाद श्रीवास्तव, विजय कुमार मिश्र प्रधान, राम प्रकाश सोनी राजू, दीपक कुमार वैश्य दीपू को नामित किया गया। संरक्षक पद पर रामसभा मिश्र एडवोकेट, रामजीलाल मोदनवाल, महेश कुमार दीक्षित,नीरज कुमार दीक्षित, बिंद्रा प्रसाद सोनी, रामधन निषाद, हरे कृष्ण ओझा, वीरेंद्र कुमार भट्ट, विश्वनाथ, शिवकुमार, अरुण कुमार वैश्य, अशोक कुमार शुक्ल, चंदा नारायण राव को बनाया गया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आश्विन, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–षष्ठी 12.14 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–शरद। चन्द्रबल–मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–मूल 10 अक्टूबर 05.15 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।


मेष

आज प्रेम संबंध काफी संवेदनशील रहेंगे। विदेश यात्रा में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। रूढ़िवादी विचारों को त्यागें व लचीलापन अपनाएं। नजदीकी संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।


वृष

आज किसी ही दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह से पढ़ लें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राजनीति से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। आपके निजी खर्चों में अचानक वृद्धि हो सकती है। यात्रा के दौरान परेशानियां होगी।


मिथुन

आज बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सभी काम समय पर हो जाएंगे।


कर्क

आज विवादों में मध्यस्थता करने से आपको बचना चाहिए। बनते कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। परिजनों की चिंता रहेगी। कानूनी मामले अटक सकते हैं।


सिंह

आज म्यूचुअल फंड में निवेश करना शुभ नहीं है। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। बच्चे माता–पिता की आज्ञा का पालन अवश्य करें। आपके विचारों में नवीनता आएगी, लेकिन फिर भी लोग आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे।


कन्या

आज कारोबार सामान्य गति से आगे बढ़ता रहेगा। मन में उत्साह भाव कम रहेगा। मन में अनहोनी की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य समस्याओं को हल्के में न लें। सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। नींद भरपूर मात्रा में लें।


तुला

आज बॉस आपका उत्साहवर्धन करेंगे। धार्मिक स्थल की यात्रा करने के लिए दिन शुभ है। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। सहकर्मी आपसे प्रसन्न रहेंगे। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर नया टाइमटेबल बना सकते हैं।


वृश्चिक

आज किसी घनिष्ठ व्यक्ति को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। अपनी बात मनवाने के लिए किसी पर जोर न डालें। आप भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं। आंखों में कुछ समस्या हो सकती है।


धनु

आज शारीरिक परेशानियों का निवारण हो सकता है। बॉस आपकी तरफ काफी ध्यान देंगे। पारिवारिक प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। किसी के प्रति दुर्भावना न रखें।


मकर

आज अचानक खर्च आपको प्रभावित कर सकते हैं। चित्त में व्याकुलता का भाव रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य व व्यवहार थोड़ा नकारात्मक हो सकता है।


कुंभ

आज बेरोजगारों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। परिवार के साथ उत्तम समय का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर हल्कापन महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु अचानक से सक्रिय हो सकते हैं।


मीन

आज अपनी कमियों पर गौर करें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें। छोटे बच्चे घर में शोरगुल मचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी कनफ्यूज हो सकते हैं, किंतु आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राज तिलक
सुबह : 10.34
रन
शाम : 05.33

&pictures
शिवम
सुबह : 10.51
जुदाई
रात : 07.30

SONY PIX
पैसिफिक रिम
दोपहर : 12.01
गूसबम्प्स
रात : 09.00

ZEE CINEMA
सीटीमार
सुबह : 11.36
सूर्या 3
रात : 08.00

ZEE ACTION
सरदार गब्बर सिंह
सुबह : 10.54
जंग
रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर– आपको क्या समस्या है?
पत्नी– मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर– और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी– नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा– तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला– बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव–कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

# सन्नाटे में डूबा रहा बेलसरडीहा गांव, घायलों की हालत नाजुक

## बम निरोधक दस्ते ने खंगाला घटनास्थल, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत, चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिस कर्मी निलंबित

उमानाथ तिवारी, गोंडा



घटनास्थल की जांच पड़ताल करता बम निरोधक दस्ता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** पटाखा विस्फोट के दूसरे दिन मंगलवार को बेलसरडीहा गांव सन्नाटे में डूबा रहा। विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के परिजन गम में डूबे रहे। वहीं लखनऊ के केजीएमसी में भर्ती कराए गए तीन घायलों में से एक की मौत हो गयी जबकि दो की हालत अभी भी नाजुक बनी है। उधर, मामले में एसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रगडगंज चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है और घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

मंगलवार को बम निरोधक दस्ते के साथ डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीमें गांव में पड़ताल करती रहीं। पुलिस इस बात की भी छानबीन कर रही है कि कहीं यह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी तो नहीं हो रही थी।

सोमवार को बेलसर बाजार से सटे बेलसर डीहा गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गयी थी। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को लखनऊ के केजीएमसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है घायलों में शामिल एक 12 वर्ष के किशोर अयास ने देर रात मे दम तोड़ दिया। वहीं फैक्ट्री संचालक इशहाक व कृष्ण की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। दोनों 70 फीसदी से अधिक झुलसे हैं। उधर घटना के दूसरे दिन बेलसर डीहा गांव में सन्नाटा पसरा रहा। मृतकों के परिजन गम में डूबे रहे। बाजार में भी इसी विस्फोट की चर्चा होती रही।

हर एक की जुबां पर बस एक ही बात थी कि पुलिस को फैक्ट्री की पूरी जानकारी थी। अगर समय रहते इस पर कार्रवाई होती तो यह घटना नहीं होती। जिस तरह से इस मामले में पुलिस की किरकिरी हो रही है उससे एसपी विनीत जायसवाल खासे नाराज हैं। उन्होने रगड़गंज चौकी प्रभारी सुनील तिवारी समेत बीट कांस्टेबल गौरव मिश्र व कृष्णदेव को निलंबित कर दिया है। जबकि तरबगंज थाने के पुलिसकर्मी भी एसपी के निशाने पर हैं। पूरे घटना के जांच की निगरानी भी खुद कर रहे हैं। मंगलवार को पुलिस टीम बेलसर डीहा गांव में डटी रही। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम के साथ बम निरोधक दस्ते ने भी घटनास्थल व उसके आसपास जांच पड़ताल की। पुलिस की टीमें मामले की जांच के लिए गांव की खाक छानती रहीं। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम के साथ बम निरोधक दस्ते ने भी घटनास्थल समेत पूरे इलाके को खंगाला और सबूत जुटाए। जांच टीम ने पीड़ित परिवारों का बयान दर्ज किया और गांव के लोगों से भी पूछताछ की।

### विस्फोट में 6 लोगों के खिलाफ दर्ज की गयी एफआईआर

**अमृत विचार :** बेलसरडीहा गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की घटना में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। रिपोर्ट तरबगंज थाने के उपनिरीक्षक सुभाष वर्मा की तरफ से दर्ज कराई गई है। एफआईआर में फैक्ट्री संचालक इशहाक समेत कृष्ण कुमार, आकाश, अय्यूब, अयाज व आजाद को नामजद किया गया है। इनमें से आकाश, अय्यूब व अयाज की मौत हो चुकी है जबकि इशहाक व कृष्ण कुमार का लखनऊ में इलाज चल रहा है।

# परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, छिना सहारा



घटनास्थल पर ग्रामीणों से घिरे खरगूपुर प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी।

संवाददाता, रुपईडीह

- घर का अकेला कमाऊ सदस्य था सड़क हादसे में जान गंवाने वाला अंगदलाल
- बुजुर्ग मां-बाप बेहाल, पत्नी और बच्चे बेसहारा

**अमृत विचारः** मंगलवार की सुबह गोपालबाग में हुए हादसे ने एक परिवार का सहारा छीन लिया। मृतक अंगदलाल उर्फ झुरई अपने परिवार का अकेला कमाने वाला सदस्य था। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। घर का सारा बोझ उसी के कंधों पर था। गोपाल बाग में वह वेल्डिंग का काम करता था। मंगलवार को भी वह अपनी दुकान के सामने काम कर रहा था तभी हादसा हो गया। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

बुजुर्ग माता-पिता व भाइयों का रो रोकर बुरा हाल है। पति की मौत ने पत्नी राधा देवी को बदहवास कर दिया है। उसने रोते हुए कहा कि परिवार में सास ससुर के अलावा बेटी निधि (14), मोहनी (12) बेटा राज (11) व विशाल (9) है। अब बच्चों की पढाई लिखाई और पालन पोषण कैसे होगा।

वेल्डिंग का कान करने वाला अंगदलाल उर्फ झुरई रोज की तरह मंगलवार को भी काम कर रहा था। इसी बीच आर्यनगर की तरफ से एक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर उसे रौंद डाला। जब तक लोग कुछ समय पाते कार ने सडक किनारे जा रही दो सगी बगनों समेत तीन बच्चों को भी ठोकर मार दी। अंगदलाल उर्फ झुरई(40) व आयुषी उर्फ शगुन(10) की सांसे थम चुकी थी।

### दर्शन करने मंदिर जा रही थीं गौरीशा व आयुषी

**अमृत विचार :** हादसे का शिकार होने वाली दोनों सगी बहनें गौरीशा उर्फ परी व आयुषी उर्फ शगुन रुपईडीह गांव के रहने वाले पुनीत श्रीवास्तव की बेटियां हैं। मंगलवार की सुबह दोनों बहनें गोपाल बाग स्थित सिद्धपीठ सम्मय माता मंदिर मे पूजा पाठ व दर्शन के लिए जा रही थीं। अचानक तेज रफ्तार कार उनकी मौत बनकर सामने आ गयी और उन्हे रौंद दिया। इसके बाद कार ने साइकिल से जा रहे रौनक तिवारी को भी ठोकर मार दी। मौके पर पहुंचे खरगूपुर प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में अंगदलाल उर्फ झुरई(40) व आयुषी उर्फ शगुन(10) की मौत हुई है।

# मनकापुर, नवाबगंज और नगर क्षेत्र में मिला पटाखों का जखीरा

## जिले भर में की छापेमारी, तीन गिरफ्तार, 9 क्विंटल पटाखा बरामद

संवाददाता, मनकापुर/नवाबगंज, गोंडा



पकड़ा गया पटाखों का जखीरा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के बेलसरडीहा गांव में मंगलवार को हुए विस्फोट के बाद पुलिस की नींद टूटी है। हादसे के बाद एसपी को निर्देश पर पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए जिले भर में छापेमारी की। इसमें नगर कोतवाली, मनकापुर व नवाबगंज में पटाखों का जखीरा बरामद किया गया है। मनकापुर पुलिस ने दो दुकानों से करीब 9 क्विंटल व नवाबगंज पुलिस ने तीन बोरी सुतली बम बरामद किया। पकड़े गए पटाखों को सीज कर इनकी बिक्री करने वालों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है।

मवकापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया सोमवार को कस्बे के राजेन्द्र नगर निवासी अंजनी गुप्ता उर्फ शालू के घर मे अवैध पटाखे रखे जाने की सूचना मिली थी। रात करीब आठ बजे क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी के साथ अंजनी गुप्ता के घर छापा मारा गया तो मौके से 48 किलो सुतली बम बरामद हुआ। इसी क्रम में मोहल्ला शास्त्री नगर में संचालित एक परचून की दुकान पर छापेमारी की गयी तो वहां 7 क्विंटल 64 किलो विस्फोटक बरामद हुआ। दुकान संचालक दुर्गेश कसौंधन ने बिना लाइसेंस के भारी मात्रा में पटाखे का भंडारण कर रखा था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज निर्भय नरायन सिंह ने बचाया कि नवाबगंज पुलिस टीम ने मोहल्ला मुट्ठीगंज के रहने वाले सुमित गुप्ता की दुकान पर छापा मारा तो वहां 3 सफेद बोरी सुतली बम जिसका वजन करीब 15 किलो है बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। नगर कोतवाली पुलिस ने भी शहर के सुभाष नगर मोहल्ले में छापा मारकर भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली ठीक ही सुभाष नगर मोहल्ले में कुछ लोगों ने अवैध रूप से पटाखे और गोला बारूद का भंडारण कर रखा है सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर बाबू पुत्र गफूर तथा पप्पू पुत्र मुमताज उर्फ कुदारे को गिरफ्तार कर लिया।

### 13 साल पहले जिस घर में हुआ था विस्फोट उसी में चलती मिली पटाखा फैक्ट्री, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**कटरा बाजार :** कटरा बाजार थाना क्षेत्र के जिस गांव में 13 साल पहले विस्फोट हुआ था मंगलवार को उसी घर में पटाखा फैक्ट्री चलती मिली है। मौके से पटाखा बनाने की सामग्री समेत पटाखों का जखीरा भी बरामद हुआ है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज माधवपुर संजीव चौहान के नेतृत्व में छापेमारी की गई जिसमें भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद हुआ। पुलिस ने नफीस व तजम्मुल के घर पर छापेमारी की जिसमें से दोनों के घरों से गोला बारूद व बनाने का सामान भी बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि तजम्मुल उसकी पत्नी नजमा व नफीस की पत्नी नूरजहां के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### यति नरसिंहानन्द व अनिल यादव पर कार्रवाई की मांग

**करनैलगंज, गोंडा। अमृत विचार :** यति नरसिंहानन्द व उनके शिष्य अनिल यादव के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को तहसील करनैलगंज में अंजुमन शैदाये मुहम्मद कमेटी के अध्यक्ष फहीम अहमद पप्पू व जमीयत उलेमा के अध्यक्ष अकील अहमद कुरैशी की अगुवाई में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि मानवता व धार्मिक सदभाव के दुश्मन गाजियाबाद के तथाकथित साधू नरसिंहानन्द व अनिल यादव द्वारा पैगम्बर मुहम्मद साहब व उनके चारों खलीफा के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। ज्ञापन सौंपते हुए सख्त कार्यवाही की माँग की गई है। इस मौके पर इमाम ईदगाह व पूर्व नपाप अध्यक्ष शमीम अहमद अच्छन, नजीर इंडियन, मुजीब सिद्दीकी, अबरार अहमद एडवोकेट, मोहम्मद साबिर सभासद, मोहम्मद नासिर, तौकीर अहमद, कलीम अहमद, इरफ़ान सभासद, जुबेर कुरैशी, आदि लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ केस

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति की मृत्यु के 25 साल बाद मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर उसके नाम की संपत्ति हड़पने की साजिश के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी और संपत्ति हड़पने के साथ-साथ मारपीट और धमकी देने का मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर गढ़वार निवासी बड़कऊ मिश्रा की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पुष्पा, साहब शरण निवासी ग्राम चंद्रभानपुर, देवमणि, संदीप, पेशकर उर्फ संतोष निवासी मोहम्मदपुर गढ़वार तथा निवर्तमान ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम काशीपुर के विरुद्ध पुलिस ने धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। जिसमें वादी का कहना है कि राम प्रसाद निवासी ग्राम नकार ने अपने जीवन काल में अपनी जायदाद का वसीयतनामा 19 फरवरी 1992 को लिख दिया। उसके बाद 11 मार्च 1992 में इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में उनकी मृत्यु हो गई। आरोपियों ने 3 अक्टूबर 2017 को तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी से सांठगांठ कर 18 फरवरी 1992 को रामप्रसाद की मृत्यु होने का प्रमाण पत्र जारी कराया। उनकी समस्त संपत्तियां हड़पने की साजिश करने लगे। जबकि उनकी मृत्यु जिला चिकित्सालय में हुई थी। जिसका प्रमाण पत्र बना हुआ है। 25 वर्षों बाद ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा फर्जी तरीके से दूसरी तिथि दिखाकर प्रमाण पत्र जारी किया गया। जिसका अनुचित लाभ लेते हुए उनके हिस्से की जमीन को हड़पना चाह रहे हैं।

# राजस्व निरीक्षक व दो लेखपाल निलंबित

संवाददाता, गोंडा

- जनता दर्शन में मिली शिकायतों पर डीएम ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** गलत वरासत दर्ज करने के दो अलग-अलग मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एक राजस्व निरीक्षक व दो लेखपालों को निलंबित कर दिया है एक राजस्व निरीक्षक के खिलाफ जांच शुरू की गई है। एक सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक को भी दोषी पाया गया है।

जिलाधिकारी के जनता दर्शन में 2 सितंबर को ग्राम रमवापुर गोविंदा निवासी रामकिशुन ने शिकायत की थी कि मृतक हरीनाम की पत्नी के जीवित होते हुए वरासत उनके भाई शोभाराम और सहजराम के नाम दर्ज कर दी गई। जबकि मृतक के भाई सहजराम द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में माया मौर्या को हरीनाम की पत्नी बताया गया था। इस मामले पर जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में पाया गया कि वरासत प्रक्रिया को ठीक से पूरा किए बिना विपक्षियों से मिलीभगत कर आदेश पारित किया गया। इस अनियमितता के चलते तहसील गोंडा के लेखपाल विजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच तहसीलदार गोंडा सदर को सौंपी गई है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक राम प्रकाश पांडेय को भी इस गलती का दोषी पाया गया है। एक अन्य मामले में तहसील गोंडा के लेखपाल बाबूराम को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि वसीयतनामा का मामला तहसीलदार न्यायिक गोंडा सदर की अदालत में लंबित होने के बावजूद, लेखपाल बाबूराम ने ग्राम लोनावादरगाह में खातेदार पिंडी राम की मृत्यु के बाद खाता संख्या 304 और गाटा संख्या 700 के साथ-साथ राजस्व ग्राम सिसई जंगल के खाता संख्या 122 और गाटा संख्या 13 पर मृतक के वारिसानों के नाम पर वरासत दर्ज कर दी। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर लेखपाल बाबूराम को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, राजस्व निरीक्षक तहसील गोंडा सदर दिनेश प्रताप तिवारी को भी उनके पदीय कर्तव्यों में गंभीर लापरवाही और कर्मचारी नियमावली के उल्लंघन के चलते निलंबित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### संसाधन बढ़ाने की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर किया कार्य



काली पट्टी बांधकर काम करते पूर्ति विभाग के कर्मचारी।

**गोंडा कार्यालय। अमृत विचार :** समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पूर्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते हुए कार्य किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में रबिन्द्र सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, जुगल किशोर सुनील दिवाकर , दिनेश कुमार वर्मा, रवि रंजन, चन्द्र प्रकाश, रवि कश्यप,फैजल पूर्ति लिपिक आदि रहे। आपूर्ति विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांध कर काम के साथ विरोध दर्ज करा रहे हैं। आरोप है कि सरकार सुविधा नहीं उपलब्ध करा रही है,काम पूरा लें रही है। प्रत्येक ब्लाक में पूर्ति निरीक्षक तैनात हैं, लेकिन ब्लाकवार पूर्ति लिपिक नहीं है। पूर्ति लिपिक नहीं है तो ब्लाकवार कम्प्यूटर आपरेटर सरकार की ओर से दिया जाना चाहिए। इसी तरह प्रवर्तन के लिए वाहन भत्ता नहीं मिल रहा है। कार्यालय में कम्प्यूटर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों का कार्यालय एवं अन्य स्टाफ की तैनाती की जाए। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारीयों को वाहन भत्ता दिया जाए आदि मांगे है। इसके लोकल काली पट्टी बांधकर विरोध जताया जा रहा है।

### मंडल स्तरीय खोखो में श्रावस्ती ओवर ऑल चैंपियन

**गोंडा कार्यालय। अमृत विचार :** मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता शहर के मारवाड़ इंटर कॉलेज बड़गांव में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मारवाड़ इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राकेश मोहन श्रीवास्तव व संचालन शालिनी चौधरी ने किया। प्रतियोगिता के आयोजक मारवाड़ इंटर कॉलेज बड़गांव के क्रीड़ा अध्यापक शत्रुघ्न शुक्ला रहे। अंडर- 17 बालक वर्ग में विजेता श्रावस्ती, उपविजेता बहराइच, अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता गोंडा, उप विजेता श्रावस्ती, अंडर-19 बालक वर्ग में विजेता श्रावस्ती, उप विजेता गोंडा, अंडर-19 बालिका वर्ग में विजेता श्रावस्ती, उप विजेता बहराइच, अंडर 14 बालक वर्ग में विजेता श्रावस्ती अंडर 14 बालिका वर्ग में विजेता श्रावस्ती रही। प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र वर्मा और संदीप शुक्ला ने रेफरी की भूमिका निभाई। शिव शंकर स्कोरर रहे। इस प्रतियोगिता में जिला क्रीड़ा सचिव गोंडा राजेश चंद्र पांडे, बलरामपुर के क्रीड़ा सचिव मोहम्मद सोहेल, श्रावस्ती के क्रीड़ा सचिव आशीष कुमार, प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, जिला मंत्री सहदेव सिंह, शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला मंत्री राधा मोहन पांडे, वरिष्ठ क्रीडा अध्यापक रामजीत राम, अतुल कुमार सिंह, इमरान, शांतनु विक्रम सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, पूजा रावत, अरविंद कुमार, राहुल,रेनू मौर्य, राकेश मिश्रा, उमेश कुमार तिवारी, राधेश्याम पांडे, रूपेश कुमार श्रीवास्तव, पवन कुमार मिश्रा, शिव सागर श्रीवास्तव, अमित कुमार यादव, अश्विनी कसेरा, रक्षा राम, महेंद्र मिश्रा, सतीश चंद्र पांडे, राकेश कुमार पांडे,अलख राम, पारस आदि उपस्थित रहे।

# विनेश की जीत पर बृजभूषण का तंज

संवाददाता, गोंडा

- कहा- विनेश फोगाट ने कांग्रेस का किया सत्यानाश

**अमृत विचारः** हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर विधायक चुनी गयी अंतर्राष्ट्रीय रेसलर विनेश फोगाट पर पूर्व सांसद व डब्लूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने तंज कसा है। पूर्व अध्यक्ष ने विनेश फोगाट को पनौती बताते हुए कहा कि वह जहां जाती हैं वहां सत्यानाश ही होता है। पहले दो साल तक उन्होने कुश्ती का सत्यानाश किया और अब हरियाणा में कांग्रेस का सत्यानाश कर दिया। विनेश की जीत पर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा हमारा नाम लेकर अगर वह (विनेश फोगाट) जीत गईं तो इसका मतलब हम महान आदमी हैं। कम से कम मेरे नाम में इतना दम तो है कि मेरा नाम लेकर उनकी नईया पार हो गई, लेकिन कांग्रेस को तो डुबो दिया...अब राहुल बाबा का क्या होगा?

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर बधाई देते हुए उन्होने कहा कि मोदी जी का जो नाम है, काम है, भाजपा की जो नीति है उस पर मोहर लगाने का काम वहां की जनता ने किया है।

विनेश की जीत पर डब्लूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मंगलवार को अपनी प्रतिक्रिया दी। पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि विनेश उनका नाम लेकर ही चुनाव में जीती हैं। खुद को महान बताते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि कम से कम उनके नाम में इतना दम तो है लेकिन उन्होने कांग्रेस का सत्यानाश कर दिया। विनेश को पनौती बताते हुए उन्होने कहा कि वह जहां जाती हैं वहां सत्यानाश ही करती हैं। पहले कुश्ती का किया और जब कांग्रेस का। जब राहुल बाबा का क्या होगा? भाजपा की जीत पर पूर्व सांसद ने कहा कि "हरियाणा की जनता को बधाई"। किसान आंदोलन और पहलवानों के आंदोलन के नाम पर हरियाणा की जनता को भ्रमित करने का बहुत प्रयास किया गया लेकिन इसके बाद भी हरियाणा की जनता ने भाजपा की सरकार बनाई है। सभी लोग बधाई के पात्र हैं। पूर्व सांसद ने अपने धुर विरोधी भूपेंद्र हुड्डा को भी जीत की बधाई दी।

# कड़ी मेहनत से मिलता है मुकाम : सिंह

संवाददाता, नवाबगंज ,गोंडा



प्रशस्ति पत्र के साथ छात्र-छात्राएं व मौजूद पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

- प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी

**अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के नंदिनी नगर महाविद्यालय में शनिवार को छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने हलधरमऊ ब्लाक के 10 विद्यालयों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में मेधा का परचम लहराने वाले 1400 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर सभी मेधावी छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मौजूद मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी बेहद खुश नजर आए।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि छात्रों के कड़ी मेहनत से यह मुकाम मिलता है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका मार्गदर्शन करना ही उनका उद्देश्य है। यह छात्र देश के भविष्य हैं। पूर्व सांसद ने छात्रों से कड़ी मेहनत करने और चुनौतियों का सामना करने की सलाह दी। इस मौक पर अयोध्या से आए जगतगुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य, आचार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य, कटरा विधायक बावन सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान रंजन सिंह प्रधान, राकेश सिंह प्रधान, ज्ञान बहादुर सिंह,चंद्र बदन तिवारी, बृजेश सिंह, सुशील कुमार मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# धनुष टूटते ही स्वयंवर में पहुंचे परशुराम, दिखाया क्रोध

गोंडा कार्यालय



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- रानी बाजार में आयोजित हो रही है रामलीला, जुट रही हैं हजारों की भीड़

**अमृत विचारः** रानी बाजार मे श्री राम लीला कमेटी के तत्वाधान मे रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला का मंचन मिथिलांचल अवध आदर्श रामलीला फाउंडेशन के कलाकारों कर रहे है। रामलीला में सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर संवाद, धनुष यज्ञ का मंचन किया गया।

स्वयंवर स्थल पर सभी राजा बैठे थे, एक एक कर धनुष के समीप पहुंचकर तोड़ने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन तोड़ने के बात दूर धनुष को उठा ही नहीं पा रहे थे, यह स्थिति देखकर राजा जनक चिंतित होने लगे । तभी राम लक्ष्मण में बातचीत होती है । प्रभु राम आगे बढ़कर धनुष को उठा लेते हैं, और एक ही झटके में तोड़ देते हैं। धनुष टूटते ही फूलों की वर्षा होने लगती है। देवता भी मंगल गान करने लगते हैं। धनुष टूटने की जानकारी होने पर स्वयंवर स्थल पर परशुराम आते हैं। शिव धनुष तोड़ने से वह दुखी हैं, और ललकार कर कहते हैं कि किसने धनुष को तोड़ा है । सभी लोग शांत रहते हैं लेकिन परशुराम का गुस्सा बढ़ता ही जाता है। तभी लक्ष्मण आगे आते हैं और उनका जवाब देने लगते हैं। अचानक प्रभु राम आगे जाकर परशुराम को प्रणाम करते हुए धनुष तोड़ने की बात कहते हैं। धीरे-धीरे परशुराम को जानकारी होती है और वह शांत हो जाते हैं । रामलीला मंचन में रावण व बाणासुर का संवाद भी हुआ, जिसको सुनकर दशकों में बड़ा ही कौतूहल रहा। धनुष यज्ञ के लीला देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए । इस दौरान सभासद वैभव नारायण लाल जी तिवारी पुरनचंद गुप्ता, राज नारायण राजू, गौरी शंकर, मंटू, अरविंद मिश्रा, ध्रुव कमलापुरी, विशाल, चंद्रप्रकाश, बबलू साहू, भोला मोदनवाल, संतोष मोदनवाल, समेत कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामलीला में हुआ अंगद पदारोपण की लीला का मंचन

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा



करनैलगंज में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- श्रीराम नाम के उद्घोष से राममय हुआ रामलीला मैदान, दर्शकों की उमड़ी भीड़

**अमृत विचार :** श्री रामलीला महोत्सव में मंगलवार को अंगद पदारोपण एवं मोर्चाबंदी की लीला का मंचन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

रामलीला में समुद्र पार करने के पश्चात श्रीराम ने रावण को समझाने के लिए अंगद को दूत बनाकर भेजा। रावण की सभा में अंगद पहुंचते है और रावण को बहुत समझाते है। परंतु अहंकारी रावण कुछ भी मानने को तैयार नहीं और अंगद ने रावण को चुनौती देते हुए कहा की सभा में कोई भी वीर योद्धा हो तो मेरा पैर हिला कर दिखाए, तो मैं श्रीराम के तरफ से हार मानकर श्रीराम सेना सहित अयोध्या वापस लौट जाएंगे। ये सुनकर रावण की सभा में अनेक वीरों ने पैर उठाने का प्रयास किया परंतु कोई भी पैर को उठाना तो दूर पैर को हिला न सका। ये देख रावण स्वयं पैर उठाने को आगे बड़ा परन्तु अंगद ने कहा पैर छुना है तो श्रीराम के छुओ उसी में तुम्हारा कल्याण होगा और रावण का मुकुट उतार कर अंगद रामादल में फेक देते है और अंगद पुनः रामादल की ओर प्रस्थान करते है। वही से लंका की मोर्चाबंदी शुरू हो जाती है। उसके बाद श्रीराम व रावण की सेना में युद्ध प्रारंभ हो जाता है। राम की सेना के श्रीराम नाम के उद्घोष से पूरा मैदान राममय हो गया। लीला संचालन पंडित रामचरित्र महाराज ने कराया। रावण का अभिनय कन्हैया लाल वर्मा, अंगद का आयुष सोनी किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, महामंत्री कामतानाथ वर्मा, बरसाती लाल कसेरा, अनुज जायसवाल, रितेश सोनी बड़े, शिव भगवान मिश्रा, अंकित जायसवाल, नीरज जायसवाल, त्रिलोकी नाथ जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, विशाल कौशल, राजन सोनी, अभिषेक पुरवार, अरमान पुरवार, सुमित वैश्य, आशीष गिरी, रामकुमार मौर्य, शिव पूजन गोस्वामी, तीरथ राम गुप्ता, मनु यज्ञसेनी, दीपक सोनी, कृष्ण प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### एसपी ने सिपाही को किया लाइन हाजिर

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि सर्विलांस शाखा के सिपाही आदर्श भट्ट को लाइन हाजिर कर दिया गया है। सिपाही को शाखा से पुलिस लाइन में आमद दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### सीएचसी में आंखों के आपरेशन की सुविधा

बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में नव सृजित नेत्र शल्य कक्ष में डॉक्टर प्रशांत नेत्र शल्य चिकित्सक द्वारा 2 नेत्र सर्जरी कीं। सीएमओ डॉ. संजय कुमार शर्मा ने बताया कि नेत्र चिकित्सा के लिए कैसरगंज की जनता निजी अस्पतालों अथवा जिला चिकित्सालय पर निर्भर थी, नई सेवा की शुरुआत से ये निर्भरता भी खत्म हुई। सीएमओ ने बताया कि कैसरगंज तहसील के साथ अन्य तहसीलों को मिलाकर लगभग 10 लाख की आबादी को नेत्र सर्जरी की सेवा देने हेतु कैसरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्षम हो गया है।

### टीडीएस कटौती के लिए कार्यशाला आयोजित

बहराइच। जनपद के आहरण वितरण अधिकारियों को टीडीएस की प्रक्रिया, नियम एवं सुधार के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में कार्यशाला हुआ।

### पत्नी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

मोतीपुर, बहराइच। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलसिंहपुर निवासी महिला को उसके पति और अन्य ने तीन दिन पूर्व हमला कर घायल कर दिया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस क्षेत्राधिकारी हीरालाल कनौजिया ने बताया कि पुलिस ने सतनाम उर्फ सत्यनरायन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पूजा पंडालों में देवी मां के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

कैसरगंज/जरवलरोड


जरवल रोड में पूजा पंडाल में कथावाचक को सम्मानित करते थानाध्यक्ष।


कैसरगंज में मां की आरती करते श्रद्धालु।

**अमृत विचार।** जिले के दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडाल में मंगलवार मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप की पूजा अर्चना हुई। माता के जयकारे से क्षेत्र से गुंजायमान रहा। पंडाल में एकत्रित भीड़ जय माता के जयकारे लगाते दिखे।

जरवलरोड में जगदंबा धर्माथ दुर्गा पूजा समिति जरवल रोड तुफानी चौराहा पर राम कथा का शुभारंभ थानाअध्यक्ष जरवल रोड ने कथा वाचक पूर्णिमा मिश्रा दीदी का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। विकासखंड कैसरगंज के ग्राम पंचायत वैरीमहेशपुर में स्थित बाबा मिठ्ठान दास मंदिर में शारदीय नवरात्र पर माता जगदम्बा का भव्य दरबार सजाया गया है। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन,समाजसेवी डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह व कौशलेंद्र चौधरी ने फीता काटकर किया। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है, जहां श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे है। पण्डाल परिसर में कीर्तन व भजनों की मधुर ध्वनि से वातावरण गूंजायमान हो रहा है। माता रानी के दरबार को सुंदर फूल व दीपों और रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया गया है, जिससे दरबार का दृश्य और भी भव्य हो गया है। मां के गगनभेदी जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। नवरात्र के पर सजी इस दरबार की दिव्यता श्रद्धालुओं के आकर्षण केन्द्र है। स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर से श्रद्धालु भी मां के दर्शन और पूजा का लाभ उठा रहे हैं। श्रद्धालुओं का यह मानना है कि मां जगदम्बा का आशीर्वाद उन्हें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करेगा। कार्यक्रम में प्रबन्धक विष्णुचन्द्र श्रीवास्तव पूर्वप्रधान अध्यक्ष राजेश सोनी, ऋषभ श्रीवास्तव, अभय मौर्या, करन मौर्य, विवेक श्रीवास्तव मनीष कश्यप, विक्कू श्रीवास्तव, मोहित गौड़, मोनू गौतम, अनिल राजपूत कमलेश सैनी सहित सैकड़ो भक्त उपस्थिति रहे। गोडहिया नम्बर एक के महावीर पुरवा मे भाजपा के वरिष्ठ नेता कौशलेंद्र विक्रम सिंह मॉ दुर्गा की आंखो की पट्टी खोली। इस मौके पर गजेंद्र सिंहशिव सहाय सिंह, जितेंद्र विक्रम सिंह, जैनेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह, विनीत सिंह, अभेन्द्र सिंह, अभय, पवन यादव, अजय बहादुर यादव, बृजेश यादव, वासुदेव यादव, गंगाराम मिश्रा संजय यादव, केशव राम यादव, पतिराज पेंटर सहित और गांव के गणमन व्यक्ति वृद्धजन महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

# जल्द होगा सुजौली-हरखापुर संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य

बिछिया, बहराइच


बैठक करते सांसद डॉ.आनंद कुमार गोंड।

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग की बैठक में बिछिया क्षेत्र के लोगों ने सांसद से सड़क और नहरों की सफाई की मांग की। सांसद ने जल्द ही सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। बहराइच सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड के आवास पर बैठक हुई। सांसद ने कहा कि जल्द ही सुजौली हरखापुर संपर्क मार्ग का निर्माण शुरू होगा। कल्पी पारा कालोनी के फील्ड हॉस्टल सभागार में सिंचाई बंधु की बैठक हुई। इस बैठक में घाघरा नदी के कटान एवं की समस्याओं और क्षेत्र की जर्जर सड़क तथा त्रिमुहानी घाट वाली सड़क सुजौली से हरखापुर मार्ग के बारे में प्रस्ताव लिखकर अवगत कराया गया। बैठक में सिंचाई बंधु के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू सिंह, प्रमोद आर्य, जंगल गुलरिया के प्रधान प्रतिनिधि शिवकुमार, चफरिया के मंडल अध्यक्ष व सुजौली प्रधान राजेश गुप्ता एवं किसान जितेंद्र सिंह और राज किशोर मिश्रा तथा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डूबने से दो बालिकाओं की मौत

## रानीपुर व खैरीघाट क्षेत्र में खेलते समय पैर फिसलने से घाट व बाढ़ के पानी में डूबीं

हुजूरपुर/खैरीघाट


नैंसी की (फाइल फोटो)


खैरीघाट में बालिका की मौत के बाद जमा भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के रानीपुर और खैरीघाट थाना क्षेत्र में सहेलियों के साथ खेल रही दो बालिकाओं की मंगलवार को पानी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालिकाओं की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिलहरिया निवासी नैंसी (5) पुत्री धर्मेंद्र मंगलवार सुबह 11 बजे अन्य सहेलियों के साथ खेल रही थी। बाबा गोविंद प्रसाद ने बताया कि खेलते हुए बालिका घाट के पास चली गई और पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद पानी के अंदर शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्राम पंचायत के मजरा मक्कापुरवा गांव निवासी गुड़िया (6) पुत्री लवकुश गांव निवासी अनूप (8), करिश्मा (4) और मोहित (3) के साथ खेल रहे थे। सभी खेलते सरयू नदी के बांध के पास पहुंच गए। खेलते समय गुड़िया पहले से भरे बाढ़ के पानी में डूब गई। पास मौजूद अन्य बच्चे बाल-बाल बच गए। सभी ने सूचना परिवार के लोगों को दी। परिवार के लोग रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। बालिका के शव को गांव के लोगों ने पानी से बाहर निकाला। ग्राम प्रधान वारिस अली और थाने के उप निरीक्षक राजेश पांडेय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालिका की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# नानापारा में शांति, दुकानें खुलीं

नानपारा, बहराइच


कोतवाली नानपारा में बैठक करते विधायक, डीएम और एसपी।

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र नानपारा में सोमवार को धार्मिक टिप्पणी को लेकर बवाल हो गया था। दुकानों को बंद कर समुदाय विशेष के लोगों ने प्रदर्शन किया था। मंगलवार को डीएम और एसपी ने बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील की। दूसरे दिन दुकानें खुलीं।

कोतवाली में आयोजित बैठक में डीएम मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि अभी तक जिले में सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए हैं, जिला प्रशासन को आशा है कि सभी के सहयोग से आगामी त्यौहार भी सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। डीएम-एसपी ने कहा कि एक-एक गतिविधि पर दृष्टि रखी जा रही है। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने अपील की कि भाईचारे के साथ त्यो हार मनायें। श्री वर्मा ने सुझाव दिया कि दोनों सम्प्रदाय के पांच-पांच संभ्रान्तजनों की एक समिति बना दी जाय।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, तहसीलदार अजय यादव, कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह व अन्य अधिकारी तथा कस्बे के गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे। बैठक के उपरान्त डीएम व एसपी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण भी किया।

# ग्राम प्रधान के मकान से लाखों की चोरी, केस दर्ज

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के ग्राम पंचायत सिदरखी में ग्राम प्रधान के घर में सोमवार रात को चोर घुस गए। चोरों ने नकदी और जेवरात समेत लाखों की संपत्ति पार कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिदरखी के ग्राम प्रधान राघवेन्द्र प्रताप सिंह हैं। सोमवार की रात जब ग्राम प्रधान अपने परिवार के साथ घर मे सोये हुए थे। तभी अज्ञात चोर उनके घर मे घुस आये। चोरों ने अलमारी के लॉकर और बेडवाक्स से सोने के आभूषण, चांदी के जेवरात,36 हजार रूपये नगद, पांच जोड़ी पैंट-शर्ट, जूते और एक मोबाइल चोरी कर लिया। घटना के बाद मंगलवार सुबह घर का सामान बिखरा पड़ा मिला।जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ग्राम प्रधान ने बताया कि चोरी मे लगभग 20 लाख रूपये की नगदी व जेवरात चोरी होने का अनुमान है। इस घटना से ग्रामीणों में चिंता और भय का माहौल है।प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# एक दिन की डीएम बनीं कामिनी तो सीडीओ सुमेधा

संवाददाता, बहराइच


कलेक्ट्रेट में बैठक कर दिशा निर्देश देती एक दिन की डीएम कामिनी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला कल्याण विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट में सीडीओ मुकेश चन्द के नेतृत्व में बाल शिक्षा निकेतन बहराइच की कक्षा 10 की छात्रा कामिनी सिंह को एक दिन की जिलाधिकारी बनाया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में छात्रा सुमेधा सिंह को एक दिन के लिए सीडीओ बनाया गया।

जिलाधिकारी कामिनी सिंह द्वारा जन सुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापरक ढंग से त्वरित निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द द्वारा बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक दिन का अधिकारी बनाया गया। सीडीओ द्वारा महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19), स्पान्सर योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टाप सेन्टर तथा चाइल्ड लाइन की कार्य प्रणाली एंव वहां से प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित सभी महिला हेल्प लाइन नंम्बर 1076, 112, 181, 1098, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को स्कूल बैग, पानी बोतल, ज्योमेट्री बाक्स, लन्च बाक्स, लन्च पैकेट, सेलीब्रेशन पैक चाकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, महिला थानाध्यक्ष मंजू यादव, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक रचना कटियार सहित प्रधानाचार्य और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बाढ़ व कटान पीड़ित परिवारों के लिए सपा ने उठाई आवाज


प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देते सपा पदाधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचे। सभी ने बाढ़ तथा कटान से बेघर हुए लोगों को आवास दिलाने और भेड़िया के हमले में घायल परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामहर्ष यादव की अगुवाई में मंगलवार को दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हुए कहा कि महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िए के हमले हो रहे हैं। लेकिन वन विभाग इसको नकार रहा है, जिसके चलते पीड़ित परिवारों को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक महसी क्षेत्र में एक माह पूर्व बाढ़ और कटान में कई ग्रामीणों के मकान गिर गए हैं लेकिन पत्रों को भ्रष्ट अधिकारी आवास का लाभ नहीं दे रहा है। सभी ने सर्च अभियान चलाकर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए भेड़िया को पकड़वाने जिले के तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार को बंद करवाने, थानों से वसूली बंद करवाने और पीड़ितों की रिपोर्ट तत्काल लिखे जाने की मांग की प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा, पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिप सदस्य सुंदर लाल बाजपेई, शैलेश सिंह शैलू समेत अन्य मौजूद रहे।

### छात्राओं ने मनाया दशहरा पर्व


विभिन्न स्वरूपों में मौजूद छात्राएं और शिक्षक।

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के बालिका विहान विद्यालय में मंगलवार को छात्राओं ने दशहरा पर्व मनाया। भगवान राम और रावण बन छात्राओं ने वाहवाही लूटी। दुर्गा के साथ जिले में दहशरा की धूम है। अवकाश से पूर्व स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शहर के हुजूरपुर मार्ग पर स्थित आवासीय बालिका विद्यालय में मंगलवार को दहशरा पर्व मनाया गया। दशहरा पर्व पर बिहान आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चों ने रामायण पर आधारित विभिन्न झांकियां निकाली गई। मुख्य अतिथि लायंस क्लब की संध्या गोयल रही। जिनका स्वागत वार्डन ने गमला देकर किया। वार्डन द्वारा बच्चों को रामायण से जुड़ी सभी बातें बताई गई। दशहरा पर्व क्यों मनाया जाता है, इसके बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में भगवान राम प्रिया पांडे, सीता दीपशिखा, लक्ष्मण दीक्षा, रावण नंदिनी व अन्य बच्चे रामायण पर आधारित नाटक का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद, श्रद्धा रैकवार प्रियंका, भू रन प्रभा, निधि मिश्रा, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

### उपद्रवियों ने टेम्पो और पंपिंग सेट में लगाई आग, तोड़फोड़

**भगवानपुर, बहराइच, अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करेहना के मजरा माधवपुरवा गांव निवासी बीयर दुकान के मुनीम गिरधारी लाल मिश्रा (45) का शव गांव के तालाब में सोमवार सुबह मिला था। भाई और पुत्र प्रशांत मिश्रा ने गांव निवासी शकील, रईस, मुस्तकीम, जुबेर समेत अन्य पर मवेशी हांकने के विरोध में अगवा कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शाम को ही छह लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद बहुसंख्यक समाज के लोगों ने शाम को उपद्रव मचाया। सभी ने गांव निवासी शकील का टेम्पो और पंपिंग सेट जला दिया। वसीम का पंपिंग सेट, हनीफ के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। इसको देखते हुए थाने की भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। हल्का दरोगा अशोक कुमार पासवान ने बताया कि सिर्फ एक टेम्पो जलाया गया है। स्थिति सामान्य है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

### यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल ने देखी सरकारी स्कूल की गुणवत्ता

**बहराइच,अमृत विचार।** यूनिसेफ के प्रतिनिधि मंडल ने जरवल विकास खंड में स्थित विद्यालय का निरीक्षण कर पठन पाठन व्यवस्था देखी। प्रतिनिधिमंडल ने जरवल विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रिठौढा, आदमपुर, अठईसा, बरवलिया एंव संविलियन विद्यालय मुस्तफाबाद विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिला बेसिक शिक्षा आशीष कुमार सिंह ने बताया किगत पिछले सत्र में यूनिसेफ़ तथा एनसीईआरटी के द्वारा जिले में पूर्व संकेत प्रणाली अर्थात जो बच्चे विद्यालय मे अध्ययनरत थे और किन्ही कारणवश बीच में पढ़ाई छोड़ देते थे,उनको चिन्हित कर शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु कार्यक्रम शुरू की गयी थी वह कार्यक्रम सफल रहा।

## भाजपा नेता ने कराया कन्या का विवाह

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** रेवलियां में नवरात्र पर हर बार की भांति इस वर्ष भी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सचित सिंह ने एक कन्या का विवाह कराया। राधा संग अरुण नैयर का रीति रिवाज से विवाह हुआ। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री सिंह विगत 16 वर्षो से शारदीय नवरात्र पर एक निर्धन कन्या का विवाह कराते हैं और खर्च वहन करते हैं। बरात का स्वागत उग्रसेन सिंह, निशांत मौर्या प्रधान कटका गुडडू मौर्या, बंशीलाल साहू, ध्रुव सिंह, बुधराम ने किया। वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, घनश्याम सिंह पंचराज वर्मा, अनिल वर्मा आदि थे।

# कांग्रेस ने प्रभावित 22 लोगों को दी 10-10 हजार की मदद

महसी, बहराइच

**अमृत विचार।** प्रदेश कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी प्रभारी अरशद खुर्शीद और प्रदेश संगठन प्रभारी दिनेश सिंह आए ने कांग्रेस भवन में प्रभावित 22 लोगों को 10- 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

प्रशासन द्वारा खलिहान की जमीन पर बनाए गए 23 भवन गिरवा दिये गये हैं। 23 परिवारों के 129 लोग सड़क पर आ गए थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने घटनास्थल का मुआयना किया था। उनके आदेश के बाद इन ग्रामीणों में आर्थिक सहायता भेजी गई। जिसमें बेघर 22 परिवारों को 10-10 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, जनरल सेक्रेटरी व बहराइच अरशद खुर्शीद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, महिला अध्यक्ष कमल सोनी, कांग्रेस नेत्री गीतासिंह, राघवेंद्र त्रिवेदी, समेत तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे कांग्रेस द्वारा असलम, कमाल, जमाल इंदु, शमीम शहजादी जाफरी समीर तकरीबन 22 लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## दबंगों ने पूरे परिवार को पीटा, दो गंभीर

**बहराइच, अमृत विचार।** बशीरगंज चौकी के निकट राजू निगम रहते हैं। मंगलवार सुबह तेज आवाज में कुछ लोग डीजे बजा रहे थे। इसकी शिकायत पड़ोसी ने की। लेकिन दबंगों ने समझा कि शिकायत राजू निगम ने कर दी। इससे दबंग लोग नाराज हो गए। दबंग सुबह सात बजे राजू निगम के घर में घुस गए। परिवार के लोगों को पीटा। महिलाओं से अभद्रता की। पीड़ित लोगों ने चौकी और कोतवाली में सूचना दी, लेकिन एक घंटे तक न चौकी इंचार्ज पहुंचे और न ही कोतवाल। जिससे दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। कुछ देर बाद डायल 112 की पुलिस पहुंची। दबंगों के हमले में शुभम निगम समेत तीन लोग घायल हो गए।

# आंगन में घुसकर वन्यजीव ने बालिका पर किया हमला

संवाददाता, महसी, बहराइच


वन्यजीव के हमले में घायल बालिका।

**अमृत विचार।** महसी इलाके में एक बार फिर वन्यजीव ने हमला कर बालिका को घायल कर दिया है। बालिका को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डीएफओ ने जिला अस्पताल पहुंच कर घायल का हाल जाना। उन्होंने इसे कुत्ते का हमला बताया। परिजन भेड़िया का हमला बता रहे हैं।

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गरेठी गुरुदत्त सिंह गांव निवासी अंजू देवी (7) पुत्री राम पाल सोमवार को मां के साथ घर के आंगन में सो रही थी। रात 11.30 बजे आंगन में एक वन्यजीव पहुंचा। उसने बालिका को दबोच लिया। इसके बाद उसे बाहर ले जाने लगा। इस पर बालिका ने शोर मचाया। मां और परिवार के अन्य लोग दौड़े। सभी ने शोर मचाया तो वन्यजीव बालिका को छोड़ कर भाग गया। बालिका को पिता राम पाल ने सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**टला गतिरोध** जुआ खेलते पकड़े गये युवक की इलाज के दौरान मौत का मामला, परिजनों का आरोप पुलिस पिटाई से गयी जान

# एएसपी के आश्वासन पर माने परिजन, दफन किया शव

संवाददाता, बहराइच


शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा में जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा दक्षिणी निवासी एक युवक बीती तीन अक्टूबर को जुआ खेलते पकड़ा गया था। जिसकी लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। परिवार के लोगों ने एसओजी टीम पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग को लेकर घर के सामने ही प्रदर्शन किया। बिना केस दर्ज किए सभी शव का अंतिम संस्कार न करने की बात कही। अपर पुलिस अधीक्षक नगर और नगर मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर सभी ने धरना खत्म कर दिया। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

कोतवाली नगर इलाके के नाजिरपुरा में जिला पंचायत सदस्य की बेकरी में चल रहे जुए को एसपी द्वारा गठित टीम ने पकड़ा था। मौके से जिला पंचायत सदस्य की पत्नी सहित 12 जुआरी गिरफ्तार हुए थे। इनमें पुलिस ने तीन अक्तूबर को गुदड़ी मोहल्ला निवासी हनीफ उर्फ शानू समेत 12 लोगों को नाजिरपुरा में जिला पंचायत सदस्य चुन्न उर्फ गोगे की फैक्टरी में जुआ खेलते समय पकड़ा था। शुक्रवार को उसकी जमानत होने के बाद हालत बिगडऩे पर अस्पातल में भर्ती कराया गया था, जहां से परिजन उसे लखनऊ स्थित अस्पताल ले गए थे। सोमवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गुदड़ी मोहल्ले में चर्चा है कि पुलिस हिरासत में उसकी पिटाई हुई थी, जिसके चलते हाथ टूट गया था और पेट में अंदरुनी चोटें आयी थी, हालत बिगडऩे पर परिजन लखनऊ लेकर गए थे, जहां उसकी मौत हो गई। मौत से मां नफीसा, पिता नसीम, पत्नी दीपिका का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार को शव लेकर परिवार के लोग घर पहुंचे। सभी एसओजी टीम पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग करते हुए धरना शुरू कर दिया। केस दर्ज किए बिना शव का अंतिम संस्कार न करने की बात कही। मोहल्ले में शाम को नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने मांगें मानते हुए ज्ञापन भी लिया। इसके बाद भी लोग शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। इसके बाद रात आठ बजे अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा पहुंचे। उन्होंने लिखित आश्वासन दिया। साथ ही जांच के बाद कार्रवाई की बात कही। इस पर परिवार के लोग शव का अंतिम संस्कार किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परिवार के लोगों की बात मान ली गई है।

## जीत पर कांग्रेस ने मनायी खुशी

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** जम्मू कश्मीर में कांग्रेस एवं नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की पूर्ण बहुमत मिलने पर कांग्रेस नेता विनय सिंह ने क्षेत्र के सुल्ताना माफी में कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकरर खुशी का इजहार किया। इस दौरान सिंह ने कहा कि हरियाणा में कमियों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने हरियाणा से विधायक विनेश फोगाट की जीत को सत्य की जीत बताया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता इशारत खान एडवोकेट, मूलचन्द राव, लालजी गिरि, पवनगोस्वामी, ननके गोस्वामी, दुर्गेश सिंह, फूलचन्द गोस्वामी, सोनू गिरि, दीप नरायण मौर्य सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्व वसूली में कमी पाए जाने पर दो निलंबित

▸▸ बुलंदशहर के अधीक्षण अभियंता रामबाबू व मेरठ के उप खंड अधिकारी पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजस्व वसूली में कमी पाए जाने व बिजली चोरी रोकने में लापरवाही के आरोप में बुलंदशहर के अधीक्षण अभियंता रामबाबू व मेरठ के उप खंड अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अध्यक्ष ने कई मुख्य अभियंताओं से लेकर अधीक्षण अभियंता तक को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने चेतावनी के साथ-साथ प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष मंगलवार को शक्ति भवन में राजस्व वसूली की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि असिस्टेड बिलिंग, नेवर पेड उपभोक्ता, राजस्व वसूली, मीटर खराब होने के प्रकरण, 10 किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं पर शत-प्रतिशत डबल मीटरिंग, बिजली चोरी रोकने, सही बिलिंग, झटपट व निवेश मित्र के तहत बिजली कनेक्शन व बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए चली आरडीएसएस योजना के तहत सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए केंद्र सरकार से मिले धन का सदुपयोग करते हुए लक्ष्य प्राप्त किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि हमें सभी उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल समय से उपलब्ध कराना है, इसलिए मीटर रीडिंग सही ढ़ग से होना चाहिए। सभी अधिकारी-कर्मचारी मीटर रीडर के जरिए लिए गए बिलों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करें, ताकि उपभोक्ताओं को सही बिल ससमय से मिल सकें।

**हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्तिः** कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की बिजली आपूर्ति हर हाल में दुरुस्त की जाए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहतर रहे। स्थानीय दोषों को कम से कम समय में ठीक किया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त न हों, इस पर पूरा ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर अधिक लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त होगा तो सम्बन्धित अवर अभियंता व लाइनमैन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजनेस प्लान 2024-25 के कार्य तत्काल शुरू किए जाएं, ताकि गर्मी के दिनों में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों व भवनों के साथ-साथ कारखानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए।



मंगलवार को शक्ति भवन में राजस्व वसूली की समीक्षा करते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल।

### नई बिजली दरों के निर्धारण की प्रक्रिया अंतिम चरण में

प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। राज्य विद्युत नियामक आयोग विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं की दरों को अंतिम रूप देने में लगा है। इस माह दरों के घोषित होने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से दरों को बढ़ाने के बजाय घटाने पर जोर दिया जा रहा है।

# शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों का बढ़ सकता है मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ अमृत विचार : उप्र. के 1.40 लाख शिक्षामित्रों, 25 हजार अनुदेशकों और रसोइयों को दीपावली से पहले मानदेय बढ़ोतरी की खुशखबरी मिल सकती है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के साथ विभिन्न संगठनों की बैठक में इस पर सकारात्मक सहमति बनी है। मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसका प्रस्ताव मुख्यमंत्री के सामने रखा जाना है। इस संबंध में विचार-विमर्श के लिए मंगलवार को एक बैठक विधानसभा स्थित राज्य मंत्री, बेसिक शिक्षा विभाग ( स्वतंत्र प्रभार ) के कार्यालय में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार संगठनों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। साथी इनके मानदेय बढ़ाने के संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनके समक्ष इस विषय को रखा जाएगा। इसके अलावा मंत्री संदीप ने शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों की भूमिका को भी सराहा।

# रोजगार के लिए संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। इधर-उधर भटकने के बजाय अब युवा रोजगार की सूचना घर बैठे पा सकेंगे। इसके लिए बेरोजगार युवाओं को जिला सेवायोजन विभाग के संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के दौरान अपनी शैक्षिक योग्यता सहित कौशल संबंधित डिग्री का विवरण भी दर्ज करना होगा, जिससे निजी कंपनियां युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी का ऑफर दे सकें।

सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से लगने वाले रोजगार मेलों को अब ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बेरोजगार युवाओं का संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराने के बाद सेवायोजन विभाग की तरफ से आयोजित रोजगार मेले की सूचना युवाओं को उनके मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी पर दी जाएगी। रोजगार मेले में कंपनी के अधिकारी संबंधित युवक से इंटरव्यू लेकर उनके कौशल आधारित रोजगार मुहैया कराएंगे।

जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने वाले युवाओं को पहले संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा जिले में संचालित शिक्षण संस्थाओं को भी अपना पंजीकरण संगम पोर्टल पर कराना होगा। पंजीकरण में शिक्षण संस्थाओं में युवाओं की संख्या व संचालित कोर्स आदि का विवरण दर्ज करना होगा। ताकि सेवायोजन विभाग को पहले ही पासआउट होने वाले युवाओं का आंकड़ा मिल सके।

# पीड़ितों को न्याय दिलाने में उदासीन रवैया अपनाने वाले अफसर होंगे दंडित

▸▸ एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में उदासीन रवैया अपनाने वाले अफसर दंडित होंगे। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान आयोग में उपस्थित न होने वाले अफसरों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अनुसूचित वर्ग के लोगों को शासन से अनुमन्य सुविधाओं का लाभ हर हाल में सुनिश्चित कराने को कहा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप छात्रवृत्ति के साथ ही सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोग के सदस्यों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि अमेठी हत्या प्रकरण में कार्रवाई से आयोग संतुष्ट है। मुख्यमंत्री ने स्वयं इस घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर परिजन से मुलाकात कर पुलिस की कार्रवाई की समीक्षा की व त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों पर आयोग सतर्क नजर रख रहा है। आयोग के सदस्य स्वयं मौके पर पहुंचकर घटनाओं के तह तक पहुंचेंगे, ताकि सही जानकारी मिल सके। जांच के बाद दोष पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कुंभ मेला सुरक्षा में 15 पीपीएस अधिकारी तैनात

अमृत विचार, लखनऊ : कुंभ मेला की सुरक्षा को देखते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को 15 पीपीएस अधिकारियों की तैनाती की है। डीजीपी मुख्यालय से जारी सूची में तीन अपर पुलिस अधीक्षक और 12 डिप्टी एसपी की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार को जारी सूची के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्विवेदी, विशाल यादव व दुर्गा प्रसाद तिवारी को कुंभ मेला से संबंद्ध किया गया है। वहीं, डिप्टी एसपी विनोद कुमार, प्रकाश राम आर्या, अभिषेक यादव, हर्ष कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह यादव, रंजीत यादव, रजनीश कुमार यादव, महिपाल सिंह, विनोद कुमार दुबे, विजय प्रताप यादव-2, पवन कुमार-2 और विजय मल्ल सिंह यादव की तैनाती की गई है।

# वायरल बुखार में भी कम हो रही प्लेटलेट्स

▸▸ जिला मेमोरियल व संयुक्त जिला चिकित्सालय की ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** डेंगू ही नहीं अब वायरल बुखार में भी प्लेटलेट्स कम होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता और बढ़ गई है। जिला मेमोरियल व संयुक्त जिला चिकित्सालय की पैथोलॉजी लैब में जांच के बाद मरीजों में ऐसी समस्या देखने को मिल रही है।

पहले केवल डेंगू पाजिटिव मरीजों में ही प्लेटलेट्स की कमी आती थी, लेकिन अब वायरल और मौसमी बुखार से पीड़ित लोगों में भी प्लेटलेट्स कम होने की समस्या देखने को मिल रही हैं। जिन्हें बुखार के साथ खांसी, जुकाम और सांस लेने में दिक्कत हैं, उनकी जांच करने पर प्लेटलेट्स काफी कम आ रही हैं। जिला मेमोरियल चिकित्सालय के जनरल फिजीशियन डॉ. ऋषि श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य व्यक्ति में 1.50 लाख प्लेटलेट्स होते हैं। वहीं इस समय जो वायरल बुखार वाले मरीज आ रहे हैं, जांच के बाद पाया गया है कि उनकी प्लेटलेट्स 80 से 90 हजार के बीच में रहती है। ऐसे में यह साफ है कि अब वायरल बुखार में भी प्लेटलेट्स कम देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अगर सिर और गले में दर्द, खांसी जुकाम, बुखार और भूख न लगने की शिकायत है तो तुरंत डॉक्टर को आकर दिखाएं। बदलते मौसम में खानपान का विशेष ध्यान रखें।

जिला मेमोरियल अस्पताल में औसतन वायरल बुखार के 40 मरीजों में से 15 में प्लेटलेट्स कम की समस्या आ रही है। इसी सप्ताह प्लेटलेट्स कम वाले मरीज काफी संख्या में आए हैं। हालांकि बुधवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण ओपीडी बंद था, लेकिन सोमवार व मंगलवार के आंकड़ों के अनुसार वायरल बुखार से पीड़ित मरीज में प्लेटलेट्स की कमी पाई गई है।

**ताजे फल और पौष्टिक आहार का करें सेवन :** जनरल फिजीशियन डाक्टर गिरधर चौहान के अनुसार बारिश में पनपने वाले मच्छर के काटने से जो बुखार होता है, उसमें प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है। ऐसे में लोगों को मच्छरों से बचना चाहिए। घर के आसपास साफ-सफाई रखें। दूषित पानी जमा न होने दें। ताजे फल व विटामिन सी वाले खाद्य पदार्थों व पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए।

# पैथोलॉजी में युवती से छेड़छाड़, केस दर्ज

**गैंड़ास बुजुर्ग, अमृत विचारः** पैथोलॉजी मे जांच करने गई युवती के साथ संचालक ने छेड़छाड़ किया। युवती छेड़छाड़ का विरोध करते व शोर मचाते हुए बाहर निकली और मामले की शिकायत गैड़ास थाने में दर्ज कराई। छेड़छाड़ मामले में पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना रेहरा बाजार क्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि वह 4 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12 बजे धुसवा इटईरामपुर बाजार में एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने गई थी। वहां पर मौजूद उतरौला निवासी अल्ट्रासाउंड संचालक गोपाल श्रीवास्तव ने युवती से छेड़खानी करने लगा। युवती द्वारा शोर करने पर वह वहां से चला गया लेकिन जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गया। थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मां कात्यायनी के दर्शन को पंडालों में उमड़े भक्त

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** आस्था के महापर्व शारदीय नवरात्र में छठवें दिन मां कात्यायनी की आराधना की गई। नगर के सिटी पैलेस स्थित मां काली मंदिर, शक्तिपीठ मां पाटेश्वेरी, बिजलीपुर मंदिर, सम्मय माता मंदिर धुसाह समेत विभिन्न मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शारदीय नवरात्रि के छठे दिन माता कात्यायनी की पूजा की गई। माता कात्यायनी शांति और सुख-समृद्धि की देवी हैं। भक्तों ने मां से मानसिक शांति और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। देवीपाटन शक्तिपीठ और बिजलेश्वरी देवी मंदिर बिजलीपुर में भी श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में दर्शन किया। भक्तों ने माता कात्यायनी की पूजा करने के लिए विशेष तैयारी की है। भक्तों ने पूजा स्थलों पर माता कात्यायनी की तस्वीरें लगाकर सिंदूर, चंदन, फूल, और फल अर्पित किया। भक्तों का मानना ही कि मां कात्यायनी की पूजा से मानसिक शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह पूजा जीवन में सुख और समृद्धि की वृद्धि के लिए भी होती है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सजे दुर्गा पूजा पंडालों पर भक्तों ने मां की आरती उतारी। समूचा वातावरण मां भगवती के जयकारों व देवी गीतों से गुंजायमान रहा। आदि शक्ति मां काली एवं शिव दरबार के व्यवस्थापक अखलेश पाठक ने बताया कि मां कात्यायनी की पूजा से भक्तों को शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह पूजा हमें अपने जीवन में सुख और समृद्धि की वृद्धि के लिए प्रेरित करती है। नवरात्र के मद्देनजर सफाई, पेयजल व सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।



नगर के नई बस्ती मोहल्ले में स्थित पूजा पंडाल में मां दुर्गा का दर्शन करते श्रद्धालु। अमृत विचार



देवीपाटन शक्तिपीठ में मां पाटेश्वरी का दर्शन करते भक्त। अमृत विचार

# नवजात की मौत के मामले में आया नया मोड़

संवाददाता,उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचारः** उतरौला के रजा नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में प्रसूता आफरीन के पिता, अब्दुल सलाम निवासी पिपरा रामचंदर ने कोतवाली उतरौला में पति और ससुरालवालों के खिलाफ प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि पति फिरोज और उसके परिवार की दहेज की मांगों और शारीरिक प्रताड़ना ने उनकी बेटी की हालत बिगाड़ दी, जिससे नवजात की मौत हो गई।शिकायतकर्ता के अनुसार आफरीन की शादी दो साल पहले फिरोज पुत्र गामा, निवासी करगहिया, से हुई थी। शादी के बाद से ही फिरोज और उसके परिवार वाले आफरीन पर एक लाख रुपये दहेज की मांग का दबाव बना रहे थे। जब उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आफरीन को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।अब्दुल सलाम ने बताया कि आफरीन की तबीयत बिगड़ने के बावजूद उसके पति फिरोज ने उसे अस्पताल में भर्ती कराने से इनकार कर दिया और उसे घर ले जाने का निर्णय लिया, जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। गंभीर हालत में दोबारा अस्पताल में भर्ती कराने पर आफरीन ने मृत बच्चे को जन्म दिया।प्रसूता के पिता ने उसके पति पर आरोप लगाया कि प्रसव के बाद फिरोज और उसके परिवार ने आफरीन को अस्पताल में छोड़ दिया और फिर वापस नहीं लौटे। बच्चे के शव का अंतिम संस्कार आफरीन की मां शाहीन बानो द्वारा किया गया। अब्दुल सलाम ने यह भी दावा किया कि अगर फिरोज समय पर उचित इलाज के लिए सहमत होते, तो उनके पोते की जान बचाई जा सकती थी।प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतें मिली हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है।



नवजात की मौत पर दुख जताते प्रसूता के परिजन। अमृत विचार

# पालिका अध्यक्ष व डॉक्टरों की बैठक में समस्या और समाधान पर हुई चर्चा



नगर पालिका सभागार में डॉक्टरों के साथ बैठक करते अध्यक्ष। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार।** आदर्श नगरपालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने नगर के सभी प्राइवेट डाक्टरों को नगर पालिका सभागार में आमंत्रित कर समस्याओं को सुनकर समाधान किया।सभी प्राइवेट अस्पतालों से 2018 के बजाय 2022-23 से लाइसेंसिंग शुल्क लेने के निर्देश दिया गया। जिस पर सभी ने सहमति देते हुए नगर में किसी भी प्रकार के समस्या को निस्तारण के लिए हर सम्भव प्रयास में सभी का सहयोग करने का आश्वासन दिया। उक्त अवसर डा.देवेश चन्द्र श्रीवास्तव,डा.जुबैर अहमद,डॉ.के के राना,डॉ.प्रांजल त्रिपाठी,डॉ.असलम खा,डॉ.आशीष सिंह,डॉ.प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,डा.अब्दुल कयूम.डा.मनीष सिंह,डॉ.जाहिद खान,डॉ.वाई पी गुप्ता,डा.ए के भट्ट, डा.सतीष सिंह,डा. ऋषि राज सिंह,डॉ.प्रदीप कुमार,डा. मुकेश श्रीवास्तव,डा.सालिम सिद्दीकी,डॉ. अभिषेक उपाध्याय,डॉ.एफ रहमान,डा. अफजाल अहमद,डा.अनवर अहमद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### योगी आज शहर में, देवीपाटन मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे

**बलरामपुर, अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम 3:45 बजे रिजर्व पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां से वह सीधे 4:00 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ शाम 5 बजे तक विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। कलेक्ट्रेट से शाम 5 बजे मुख्यमंत्री निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना होंगे। मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री शाम 6 बजे कार द्वारा देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर पहुंचेंगे।शक्तिपीठ में रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्रिम गंतव्य के लिए रवाना होंगे।

### मथुरा की टीम नगर को कराएगी बंदरों से मुक्त

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्शनगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि नगर में उत्पाती बन्दरों का आतंक बढ़ता जा रहा था, जिसके कारण आये दिन आम जनमानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। वर्षों से इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी थी। पहली बार डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा ठोस कदम अपनाते हुए जनहित में नगर सीमान्तरर्गत उत्पाती बन्दरों को पकड़वाकर अन्यत्र जंगलों में छोड़े जाने के लिए जनपद मथुरा वृंदावन की अनुभवी एवं विशेषज्ञ टीम को कार्यादेश दिया गया है। तत्काल प्रभाव से नगर पालिका सीमा अंतर्गत उत्पाती बंदरों को पखड़कर नियंत्रण करते हुए यह टीम बंदरों को जंगलों में छोड़ेगी जिससे जनमानस को इस समस्या से निजात मिलेगी।

### नवीनीकरण न होने पर नर्सिंग होम सीज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर के आदेश के क्रम में डॉक्टर संजय चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला एवम निजी प्रतिष्ठान पटल सहायक, निरीक्षण टीम के द्वारा रजा नर्सिंग होम उतरौला के द्वारा 2023-24,2024-25 नर्सिंग होम का नवीनीकरण ना कराए जाने के कारण मंगलवार को सीज कर दिया है।

### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने मांगा जन सहयोग

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** थाना कोतवाली उतरौला की पुलिस ने फरार और वांछित अभियुक्त मोहम्मद शमी पुत्र हफीजुल्ला, निवासी ग्राम विरदा बनियाबारी, की गिरफ्तारी के लिए जनता से सहयोग की अपील की है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज है और वह फरार चल रहा है। न्यायालय ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी कर दिया है, और धारा 84 बीएनएस के अंतर्गत उसकी फरारी की उद्घोषणा की गई है। जनता से अपील की गई है कि यदि किसी को आरोपी के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो तुरंत निम्नलिखित मोबाइल नंबरों पर संपर्क करें। विवेचक प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे 9454403031, अतिरिक्त संपर्क 9839247564 सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उचित इनाम भी दिया जाएगा।

### स्टेट हाईवे के बीच गड्ढा बना दुर्घटना का सबब

**गौराचौराहा बलरामपुर अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बेलहा- जैतापुर स्टेट हाईवे के बीच परसा गांव के निकट गड्ढा हो गया है।यह गड्ढा राहगीरों के लिए दुर्घटना का सबब बन गया है।आए दिन इस गड्ढे में फंसकर लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रवासी अनूप तिवारी, सतीश जायसवाल, गुलशन श्रीवास्तव, विजय पांडेय, कमलेश यादव, नरेंद्र वर्मा व राहुल शुक्ला का कहना है कि रात के समय यह गड्ढा राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। अचानक लोग गड्ढे में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं।खासकर बाइक सवारों को काफी परेशानी हो रही है। इन लोगों ने लोग निर्माण विभाग से सड़क के बीच बने गड्ढे को भरवाने की मांग की है।



स्टेट हाईवे के बीच बना गड्ढा।

### डॉ.रवि ने पेरिस में प्रस्तुत किए शोध पत्र

**बलरामपुर अमृत विचार।** शहर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक, डॉ. रवि सिंह, ने 3 से 5 अक्टूबर को स्पेन के सेविल शहर में आयोजित विश्व होम्योपैथिक सम्मेलन में दो बीमारियों "हिरस्स्चप्रंग डिजीस, व सीएसएफ राइनोरिया" पर साक्ष्य आधारित शोधपत्र प्रस्तुत किए जिन्हें भरपूर सराहना मिली। इन दोनों बीमारियों में पूर्व के केवल सर्जरी द्वारा ही निदान संभव था। स्वदेश लौटने पर डॉ. रवि ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यह सम्मेलन हर वर्ष अलग-अलग देशों में लिगा मेडिकोरम द्वारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष कांग्रेस में 60 देशों के चिकित्सकों ने भाग लिया डॉ. रवि पहले भी दुबई, मॉस्को, इस्तांबुल, बैंकॉक, काठमांडू, नई दिल्ली, भोपाल, बेंगलुरु, पटना, इंदौर, औरंगाबाद, कन्याकुमारी, कोलकाता, दार्जिलिंग, पंचकुला और अन्य स्थानों पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने अलग अलग शोधपत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। शहर के चिकित्सकों और मित्रों ने डॉ. रवि जिले का मान बढ़ाने के लिए बधाई दी है



स्पेन में शोध पत्र प्रस्तुत करते डॉ. रवि।

# 151 कन्याओं का हुआ पूजन



पैर धोकर कन्या का पूजन करते सेवा भारती, स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता ।

**बलरामपुर अमृत विचार।** नवरात्र के पवित्र अवसर पर केशव उद्यान, रमना पार्क, के प्रांगण में भव्य कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती के तत्वावधान में 151 कन्याओं के पैर धोकर चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संघ के सह प्रांत प्रचारक संजय, विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल, जिला प्रचारक जितेंद्र, विभाग सेवा प्रमुख श्याम सुंदर ने मां की प्रतिमा पर भोग लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कन्या पूजन कार्यक्रम में कन्याओं को आमंत्रित कर उनकी पूजा की गई। कन्याओं को उपहार के साथ-साथ उनके पैर धोए गए और चुनरी भेंट की गई और उन्हें भोजन कराया गया। लोगों ने कन्या पूजन के माध्यम से देवी के नौ रूपों की आराधना और अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना की। इस अवसर पर विभाग मार्ग प्रमुख नीलमणि, नगर प्रचारक रणवीर, सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष बीडी जयसवाल, जिला कार्यवाह किरीट मणि, ओमप्रकाश मिश्रा सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रभु राम के वनवास का मंचन देख भावुक हुए दर्शक

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** श्रीश्री108 सत्य प्रचारिणी रामलीला समिति द्वारा नगर के रामलीला मैदान में चल रहे 5वें दिन राम वन गमन, दशरथ मरण, चित्रकूट में राम भरत मिलन का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि स्वयंवर के बाद जब राम-लक्ष्मण अयोध्या पहुंचते हैं, तो पूरे राज्य में खुशियां मनाई जाती हैं। राजा दशरथ श्री राम को अयोध्या का राजकाज देने घोषणा करते हैं यह बात सुनकर अयोध्यावासी खुश हो जाते हैं कि राम उनके राजा बनने वाले हैं। जब यह बात कैकेयी की दासी मंथरा को पता चलती है तो वह कैकेयी से राजा दशरथ से दो वर मांगने को कहती है। पूर्व में दिए गए वचन राजा दशरथ से कैकेयी दो वर मांग लेती है। पहले में वह राम को 14 वर्ष का वनवास, दूसरे में भरत को अयोध्या का राजा बनाने को कहती हैं। राजा दशरथ कैकेयी को बहुत मनाते हैं, मगर कैकेयी नहीं मानतीं। जब श्रीराम को यह बात पता चलता है कि माता कैकेई ने भरत के लिए राज्य अभिषेक और उनके लिए 14 वर्ष का वनवास मांगा है तो वह सहर्ष तैयार हो जाते हैं। इसके बाद राम लक्ष्मण सीता तीनों सन्यासी की वेशभूषा में राजा दशरथ एवं तीनों माताओ से आज्ञा लेकर वन के लिए प्रस्थान करते हैं। वन जाने की बात जब अयोध्या वासियों को पता चलती है तो रोते हुए कहते हैं कि हे राम अयोध्या छोड़कर मत जाओ.... यह दृश्य देखकर मौजूद दर्शक भी भावुक हो गये। उधर श्रीराम वनवास लीला के दौरान राम- लक्ष्मण और सीता जी सरयू के किनारे जाते हैं और वहां केवट से अपनी नाव में बैठाकर सरयू पार कराने को कहते है। भगवान राम सरयू पार कर चित्रकूट पहुंच जाते हैं। राजा निषाद राज जब अपने दूतों के द्वारा अयोध्या नरेश महाराज दशरथ के पुत्र श्री राम के आने की सूचना पाते हैं। यह सुधिगुहं निषाद जब पाई। मुदित लिए प्रिय बंधु बुलाई। वे अपने दरबारियों और मंत्री के साथ श्रीराम के स्वागत के लिए अपने दरबार से चल देते हैं। राम भक्त ले चला रे राम की निशानी... लीला मंचन देखकर उपस्थित दर्शक भाव विभोर हो गए।



वनवास के लिए प्रस्थान करते प्रभु श्री राम, लक्ष्मण व माता सीता। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परस्वानां च हरणं परदाराभिमर्शनम्।
सुहृदामतिशङ्का च त्रयो दोषाः क्षयावहाः॥

दूसरों के धन का अपहरण, पर स्त्री के साथ संसर्ग और अपने हितैषी मित्रों के प्रति घोर अविश्वास ये तीनों दोष जीवन का नाश करने वाले हैं।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण मुद्दा

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से स्वास्थ्य का मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए स्वास्थ्य के विषय को कतई हल्के से नहीं लिया जा सकता है। भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश अभी भी बहुत अधिक नहीं हो रहा है। यही वजह है कि हाल-फिलहाल में भारत की स्वास्थ्य नीति में यह ऐसा मुद्दा बनकर उभरा है, जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमान जारी किए हैं। अनुमानों के मुताबिक सकल घरेलू उत्पाद में स्वास्थ्य में सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 1.13 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 1.84 प्रतिशत हो गई। जबकि सामान्य सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 3.94 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 6.12 प्रतिशत हो गई। यह वृद्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता (विशेष रूप से कोविड-19 महामारी की प्रतिक्रिया में) को दर्शाती है। सरकारी स्वास्थ्य खर्च के जो आंकड़े जारी किए गए हैं, वो बताते हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाया गया है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस दौरान सरकारी स्वास्थ्य खर्च (जीएचई) 28.6 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। जीएचई का लगातार बढ़ना भारत की स्वास्थ्य नीति के लिहाज से उपलब्धि है।

गौरतलब है कि सरकारों की तरफ से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जो भी खर्च किया जाता है, उसका लगभग दो-तिहाई हिस्सा राज्य सरकारों द्वारा और एक-तिहाई हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया गया है। बढ़ते सरकारी स्वास्थ्य व्यय, कम होते जेब खर्च और बढ़ते सामाजिक सुरक्षा व्यय प्रमुख संकेतक एक लचीली और समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का संकेत देते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को लगातार सुधारना है, तो स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता एवं लोगों के लिए आवास उपलब्ध कराने पर ध्यान दिए जाने और इसके लिए पूंजीगत खर्च को बढ़ाने की जरूरत है। राज्यों की सरकारें एवं केंद्र सरकार इस बात पर जोर दें कि देश में सरकारी स्वास्थ्य खर्च में गिरावट नहीं आए। जाहिर है कि ऐसा होने पर ही भारत 2025 तक स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को जीडीपी के 2.5 प्रतिशत तक पहुंचाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल कर सकता है। ऐसा होने पर भारत की सफलता से दुनिया के विकासशील देश सबक लेंगे और भारत द्वारा उठाए गए कदमों को अपने यहां लागू करेंगे। स्पष्ट है कि अगर इस तरह की कोशिशें कामयाब होती हैं तो भारत पूरी दुनिया के सामने एक उदाहरण बनकर उभरेगा।

# जम्मू-कश्मीर: चुनाव परिणामों के निहितार्थ



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं।

खस्ताहाल सड़कें, बदहाल साफ-सफाई, बिजली-पानी की अनियमित आपूर्ति, आवागमन में असुविधा और अव्यवस्था के अलावा शिक्षा और सेहत की बुनियादी सुविधाओं का अभाव जन सामान्य को हर समय उद्वेलित करता है। राजनीतिक तौर पर अवसर मिलने पर नागरिक अपने मताधिकार से इन सुविधाओं की उपलब्धता, निरंतरता और गुणवत्ता पर अपनी सहमति-असहमति प्रकट करता है।

दस साल बाद जम्मू-कश्मीर की 63.88 प्रतिशत यानी दो तिहाई आबादी का जनादेश इसे जाहिर करता है। नतीजे बता रहे हैं कि 5 अगस्त 2019 के बाद बहुप्रचारित नए जम्मू-कश्मीर में सब कुछ नहीं बदला। पुरानी रियासत में सियासत का दो दशक पुराना दौर जारी है। सरकारों और सत्ता को भ्रम हो सकता है, लेकिन जनता मतदान के समय उचित फैसला करती है। अनुच्छेद 370 और 35 ए, पत्थरबाजों की रिहाई, जनसुरक्षा अधिनियम (पीएसए) खत्म करने, सशस्त्र बल विशेषाधिकार (अफस्पा) की वापसी, पाकिस्तान से बातचीत-व्यापार, पीओके का भारत में विलय जैसे राजनीतिक विमर्श के मुद्दे जनहित के कारक नहीं बन पाए। केंद्र सरकार, भाजपा, अंतर्राष्ट्रीय जगत, उपराज्यपाल और अलग-अलग गठबंधन करने वाले सियासी सूरमाओं के लिए स्थिर और स्पष्ट संदेश है।

जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं। सहूलियतें चाहिए तो निर्णायक जनादेश जरूरी है। अन्यथा जनता से जुड़ी नीतियों को नजरअंदाज करने का खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। कश्मीर घाटी में लोगों ने कारोबार और कैरियर की कश्मकश के बावजूद जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टर संगठन को तवज्जो देने के बजाय नेशनल कांफ्रेंस पर ज्यादा भरोसा जताया। दूसरी ओर जम्मू की जनता की जद्दोजहद ने भी भाजपा को चुनाव की जंग नहीं जीतने दी। लोग जानते हैं कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद से उपराज्यपाल के नेतृत्व में जो व्यवस्था चल रही थी, उसके पीछे दिशा-निर्देश केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के ही रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को शिकस्त देने के लिए बारामुला से निर्दलीय सांसद शेख रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी और प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के बीच कराए गए समझौते का असर कश्मीर में ही नहीं पड़ा। भाजपा ने कश्मीर घाटी की 47 में से 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। जम्मू क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पीपुल्स आजाद पार्टी के सदर गुलाम नबी आजाद और जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के संस्थापक अल्ताफ बुखारी के साथ पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन की चुनाव के समय अनदेखी भी भाजपा को भारी पड़ गई।

पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था।

90 सदस्य वाली विधानसभा में बहुमत के लिए अवाम को भाजपा के नारों, दावों और संकल्प पर विश्वास नहीं हुआ। उन्हें लगा कि सारा प्रचार राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय छवि बनाने के लिए है। औद्योगिक विस्तार के लिए पूंजी निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर खर्च के आंकड़े अविश्वसनीय और अवास्तविक हैं। राज्य का दर्जा छीने जाने की कसक तो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तक है। इसकी संवेदनशीलता को ऐसे समझा जा सकता है कि चुनाव नतीजे आने से एक दिन पहले 7 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में दो महीने में राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध के साथ बताया गया है कि अनुच्छेद-370 खत्म करने की वैधता पर अंतिम फैसले के 11 महीने बाद भी सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के बाद भी केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया।

2014 के विधानसभा चुनाव में पहली बार सर्वाधिक 25 सीटें जीतने वाली भाजपा ने 28 सीटें हासिल करने वाली जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर दो बार सरकार बनाई थी। इसके बाद तीसरी बार केंद्र में मंत्री जितेंद्र सिंह और सांसद जुगल किशोर ने आम लोगों की सुनवाई नहीं की। यही कारण रहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ जम्मू संभाग की दो ही सीट पर चुनाव लड़ने के बाद वोटों के प्रतिशत में बड़ी गिरावट आई। पार्टी से इसे समझने में देर हो गई। पूरी ताकत झोंकने के बाद भी भाजपा 2014 की स्थिति में सुधार नहीं कर पाई। भाजपा और मौजूदा केंद्र सरकार दुनिया को कभी भी यह नहीं बता पाएगी कि उसे 370 हटाने का क्या सिला मिला है? केंद्र सरकार ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद विदेशी दलों को घाटी में घुमाया था। 16 देशों के प्रतिनिधियों को चुनाव भी दिखाया। बेमेल सरकार में शामिल होने का नुकसान महबूबा मुफ्ती को भी हुआ, बेटी इलतिजा मुफ्ती परंपरागत सीट से हार गई।

पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था। फिर भी प्रशासन से वे जनहित के काम ज्यादा नहीं करा पाए। तंत्र पर नियंत्रण में बाहरी लोगों को महत्व, हस्तक्षेप और उनके नीति-नियमों ने भी जनता को पार्टी और प्रशासन के प्रति बेरुखी बरतने के लिए मजबूर कर दिया। 25 लाख युवाओं की अनदेखी और बेरोजगारी के साथ-साथ बेवजह के बयानों ने भी भाजपा की बात बिगाड़ दी। आम आदमी को नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के दावे ज्यादा भरोसेमंद लगे। एक तरह से अगले पांच साल उन्होंने चुनाव की घोषणा से पहले ही विपक्ष को देने का मन बना लिया था। सत्ता पक्ष इसे परख नहीं पाया। स्थानीय कद्दावर नेताओं को टिकट न देने का प्रयोग किया गया। बाद में चुनाव का प्रबंधन भी दिल्ली से आयातित नेताओं के हाथ में आ गया। टिकट वितरण में मनमानी के साथ ही आर्थिक लाभ लेकर प्रत्याशी बनाने की बातें भी छिपी नहीं रह पाईं।

बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी छोटी-छोटी बातें कैसे बड़ा निर्णय करवा देती हैं, जम्मू-कश्मीर में यह साबित हो गया। केंद्र सरकार और भाजपा के सुरक्षा, स्थिरता, विकास, अनुच्छेद 370 हटाने, राजनीतिक आरक्षण, राज्य के दर्जे की बहाली का वादा जैसे बड़े मुद्दे, बड़े दावे, बड़े वादे सब एक झटके में ध्वस्त हो गए। मतदाताओं ने एक ऐसे गठबंधन को सरकार बनाने का अवसर दे दिया, जिस पर देश विरोधी, पाकिस्तान परस्त, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। पहले दौर में मतदान के आगाज से ही परिणाम का अंदाज लग गया था कि अंजाम क्या हो सकता है। व्यवस्था बदलने के लिए युवाओं में ज्यादा जोश दिखा। नौकरशाही के प्रति आक्रोश दिखा।

आकलन है कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कि चिंगारी कहीं न कहीं दबी हुई है। बोल नहीं रहे थे, क्योंकि डर अधिक था। भय का आतंक इस कदर हावी रहा कि उन्होंने गली-मोहल्ले, गांव-कस्बों की बुनियादी समस्या उठाने से भी गुरेज किया। विधानसभा चुनाव में उन्हें इन मुश्किलात से सामना करने का साहस मिला। उन्होंने त्रिशंकु विधानसभा बनाने के लिए भाजपा द्वारा अवामी इत्तेहाद पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के साथ अघोषित गठबंधन को तरजीह नहीं दी। मतदाताओं को मतदान के समय ही मालूम था कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को उनके स्पष्ट जनादेश से पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली में विलंब होगा। फिर भी उन्होंने भयमुक्त होने को प्राथमिकता दी।

## प्रसंगवश

# सांस्कृतिक और सांगीतिक विरासत

इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य, धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं।

इन दिनों देशभर में रामलीलाओं की धूम है। अलग-अलग स्थानों पर भिन्न-भिन्न बोली-भाषाओं और शैलियों में श्रीराम की लीला का मंचन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। उत्तराखंड भी इससे अलग नहीं है, परंतु कुछ बातें हैं, जो यहां के रामलीला मंचन को अन्य स्थानों से अलग ही नहीं वरन विशिष्ट बनाती हैं।

रामलीला एक सांस्कृतिक विरासत है, क्योंकि इसमें न केवल धार्मिक आस्था और परंपराएं जुड़ी हैं, बल्कि यह कला, संगीत, नाटक और सामुदायिक जीवन के गहरे आयामों को समेटे हुए है। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होने वाला रामलीला का मंचन अनेक तरह के वैशिष्ट्य लिए हुए है और इसे न केवल सांस्कृतिक धरोहर माना जाता है, बल्कि इसे संरक्षित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। कुमाऊंनी रामलीला की शैली कालांतर में इतनी लोकप्रिय हुई कि अल्मोड़ा नैनीताल से निकलकर आज न केवल गढ़वाल और तराई सहित संपूर्ण उत्तराखंड वरन उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों तक भी इसका प्रसार हो गया है। इस शैली में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र को बिना किसी विशेष परिवर्तन के, गेय नाटक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। हालांकि अब कुछ मंचों पर पद्य संवादों के स्थान पर गद्य संवादों (डायलॉग) का भी काफी प्रयोग होने लगा है, परंतु अधिकतर बड़े मंचों पर इसे मूल स्वरूप में ही प्रस्तुत किया जाता है। कुमाऊंनी रामलीला में पारंपरिक संगीत और लोक धुनों से अधिक शास्त्रीय राग आधारित धुनों का प्रयोग होता है, जो क्षेत्रीय संगीत शैली का हिस्सा हैं।



मोहन चंद्र पाठक
रामनगर

इसका संगीत अत्यंत विविधता लिए हुए है। तालों और धुनों का संयोजन इतना विशिष्ट और शोधपरक है कि न केवल भिन्न परिस्थितियों के लिए भावानुरूप रागों का चयन कर धुनें बनाई गई हैं। साथ ही धुनों के संयोजन में पात्रों का भी विचार किया गया है। जैसे कि राक्षसी चौपाई जो कि आक्रामकता लिए हुए होती हैं उसकी धुनें कल्याणी जैसे रागों पर आधारित हैं जबकि राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि पात्रों की चौपाइयों के लिए खम्माच जैसे कोमल भाव लिए रागो का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त भी राग देस, खम्माच, बिहाग, जैजैवंती, भैरवी, मांड, बागेश्वरी आदि लगभग सभी प्रचलित रागों का प्रयोग रामलीला की धुनों के संयोजन में किया गया है। विशेष बात यह है कि ये धुनें अत्यंत प्रभावी होने के साथ ही सरलता लिए हुए होती हैं। यही कारण है कि कुमाऊं क्षेत्र में रामलीला मंचन से जुड़े कलाकार इस संपूर्ण प्रक्रिया में अनायास ही शास्त्रीय संगीत की आधारभूत जानकारी पा जाते हैं और फिर इसके लगभग ठीक कुछ समय बाद में कुमाऊंनी होलियों के गायन की महफिलों का दौर आरंभ हो जाता है और यहां पर सहभागिता से स्वर और ताल की यह प्रारंभिक जानकारी और अधिक पुष्ट होती है। अन्य स्थानों की भांति ही कुमाऊंनी रामलीला में भी तबला, हारमोनियम और ढोलक आदि पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग होता है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक वेशभूषा और अलंकरण से इसका एक विशेष सांस्कृतिक रूप उभरता है। गांव या कस्बे के लोग इसमें विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करते हैं और हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में इसमें शामिल होता है।

इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य, धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं। रामायण की कथाएं लोगों को धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं और बच्चों से लेकर बड़ों तक को इन मूल्यों के बारे में शिक्षा मिलती है। रामलीला का आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी देखा जाता है। कुल मिलाकर, कुमाऊंनी रामलीला एक धार्मिक नाटक तो है ही साथ ही यह समाज को एकजुट रखने, सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने और अगली पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर हस्तांतरित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसीलिए यह न केवल कुमाऊं, बल्कि पूरे भारत की एक अनमोल सांस्कृतिक विरासत है।

# आम आदमी और समाज का इतिहास



संजय वर्मा
इंदौर

अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे।

अमृतसर के पार्टीशन म्यूजियम में एक छोटा सा कोना सिंध के विस्थापितों को मिला है। यहां एक खत रखा है। खत 1948 के शुरुआती दिनों में एक पिता ने अपने बेटे को लिखा है, जो भारत गया है ताकि अपने परिवार को बुला सके। पिता ने खत में उस समय के शहर और समाज के हालात लिखे हैं। खत पढ़ते हुए, लफ्जों के दरम्यान फैली बेचैनी और उस समय के सामाजिक ताने-बाने में हो रहे बदलाव आप तक पहुंचते हैं। सोचिए क्या उस पिता को पता था कि एक दिन उसका एक मामूली खत इतिहास का एक दस्तावेज बन जाएगा?

आज हम जिन चीजों को मामूली समझकर फेंक देते हैं क्या पता कुछ बरसों दशकों बाद इतिहास उनका क्या मोल लगाएगा? इंसान के उलट चीजें समय के साथ पुरानी नहीं ताकतवर हो जाती हैं। सोचिए अगर आपके घर पर दादा का लिखा कोई खत आपको विरासत में मिला होता, जिसमें पानीपत की लड़ाई का जिक्र कुछ इस तरह होता, आदरणीय चाचा जी, आगे समाचार यह है कि इस बार गेहूं की बुवाई में देर हो जाएगी, क्योंकि हमारे पड़ोस के खेत में पानीपत की तीसरी लड़ाई चल रही है।

ये खत इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इतिहास की किताबों में तो बस राजे महाराजाओं की जीवनियां हैं। आम आदमी और समाज का इतिहास तो पुराने संदूकों में रखे खतों, फोटुओं, कपड़ों गहनों और पुराने बर्तनों में पर छपा है, जिसे सहेजना और अगली पीढ़ी को सौंपना हमारी जिम्मेदारी है। अगर इस बात को माने तो हम सब अपनी तरह से इतिहास के क्लर्क हैं, पृथ्वी नामक इस अजायबघर के क्यूरेटर हैं। क्या आपको अपनी इस जिम्मेदारी का एहसास है? मैं कुछ समय पहले हरिद्वार गया था। वहां हमारे खानदानी पंडा जी ने एक बड़ी बेलनाकार पोथी में एक बहुत पुराना पीला कागज दिखाया जिस पर मेरे पिताजी के हस्ताक्षर थे। मैं बचपन से अपने पिता को लगातार फाइलों पर साइन करते देखा था। इतना ज्यादा कि मुझे उनके हस्ताक्षर उनकी शक्ल से भी ज्यादा याद हैं।

मैंने उस सर्पिलाकर रास्ते पर अपनी उंगली उसी रास्ते चलाई जिस तरह उनका पेन चला था। मुझे लगा मैंने उन्हें छुआ। मेरा मन भीगा, तृप्त हुआ। पंडा जी सबके लिए पुरोहित होने के नाते पूज्य हैं, पर मुझ नास्तिक ने उन्हें अपने परिवार के इतिहासकार के रूप में प्रणाम किया दक्षिणा दी। मनुष्य स्मृतियों के सहारे जीता है। स्मृतियों के बिना हम कुछ भी नहीं! डीमेंसिया नाम की बीमारी में आदमी की याददाश्त चली जाती है, फिर उसके हाथ-पैर सर धड़ सब कुछ वही होते हैं, पर फिर भी वह आदमी वह नहीं होता कुछ और हो जाता है। मतलब आदमी और घास-फूस में बस स्मृतियों भर का फर्क है। सोचिए अगर किसी समाज की स्मृतियां चली जाएं तो वह कैसा होगा? इसलिए ही हर आक्रांता पराजित देश के पुस्तकालय में आग लगाता है। उसकी स्मृतियों को मिटाता है। पिछले दिनों मैंने गोवा में एक पुर्तगाली घर का म्यूजियम देखा, जिसमें उन्होंने पुराने पुर्तगाली जीवन के तौर तरीके दिखाए हैं। यूरोप वालों ने हर बड़े वैज्ञानिकों, चिंतकों यहां तक की घटनाओं के लिए अलग-अलग म्यूजियम बनाए हैं। इंग्लैंड के लिवरपूल में मैंने एक पूरा म्यूजियम सिर्फ गुलाम प्रथा पर देखा था।

अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे। फिलहाल के लिए इस दिवाली की सफाई में निकली पुरानी चीजों को फेंकने से पहले देखिएगा। शायद कोई चीज आप अपनी अगली पीढ़ी को सौंपने के लिए सहेजना चाहें।

## सोशल फोरम

# सपनों का कंगाल सौदागर

मैं कालिकट विश्वविद्यालय जाने के मार्ग में बेंगलुरु एक दिन के लिए रुक गया। मुझे नतिनी से मिलना था। एयरपोर्ट से डेढ़ घंटा दूर एक आईटी हब के पास उसके फ्लैट में जाना था, जहां वह अपनी एक फ्रैंड के साथ रहती है और जॉब करती है। बैंगलुरु इतनी दूर-दूर तक फैल गया है। बहुत ऊंचे नहीं, पर तकनीकी कहारों के चमत्कृत करने वाले आकर्षक कार्यभवन हैं। सुंदर सड़कें हैं। मॉल हैं। फैशन है, पर सड़कों पर एक भी जगह राजनीतिक प्रचार वाले वैसे होर्डिंग, कटआउट नहीं हैं, जैसे दिल्ली, पटना, लखनऊ, कोलकाता में कदम-कदम पर दिखते हैं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जैसे-जैसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बाजार का विस्तार होगा, टेक्नोलॉजी की लोकप्रियता बढ़ेगी और मोबाइल में नए-नए ऐप आएंगे, लोगों के जीवन से अवकाश के घंटे घटते जाएंगे, उनकी राजनीति में दिलचस्पी घटती जाएगी? क्या अब राजनीति सिर्फ भरपूर अवकाश वालों या निठ्ठल्लों का कारोबार होकर रह जाएगी? अब सामान्यतः लोगों की प्रवृत्ति ही भिन्न है, दुनिया को बदलने की जगह खुद को सुखी और समृद्ध बनाओ। दुनिया बदलने वाले बीच रास्ते में ही सो चुके हैं। ऐसे भी राजसत्ता पर बाजारसत्ता इतनी हावी होती जा रही है, बल्कि राजसत्ता व्यापारियों की इतनी गुलाम होती जा रही है कि टीवी के न्यूज चैनल तथा होर्डिंगों कटआउटों में जितनी राजनीतिक हलचल दिखाई दे। वस्तुतः लोग राजनीति से धीरे-धीरे उदासीन होते जा रहे हैं, जो चिंताजनक है।

अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में राजनीतिक समाचारों और अखबारों के प्रति उत्सुकता पहले से काफी घटी है। भारत में वकीलों, शिक्षकों, परंपरागत दफ्तर बाबुओं और अवकाश प्राप्त सज्जनों को छोड़ दें तो खासकर नौजवान अब राजनीतिक समाचारों में दिलचस्पी नहीं लेते। वे इस चिंता में होते हैं कि कैसे जल्दी अमीर बनें। सुबह से रात तक की उनकी भागदौड़ या व्यस्तता भी उन्हें राजनीतिक बयानबाजियों के प्रति बेखबर रखती है। सोचने की जरूरत है, क्या उच्च टेक्नोलॉजी से सुसज्जित बाजार ने राजनीति को पिछवाड़े में फेंक दिया है। क्या अब राजनीति सपनों का एक कंगाल सौदागर है?

-फेसबुक वॉल से

# कांशीराम की बहुजन वैचारिकी



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात कर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है।

कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से सरकारें बना करती थीं। साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का असर राजनीति से लेकर उत्तर प्रदेश भी अछूता नहीं था, लेकिन राजनीतिक दबदबा तो कांग्रेसियों का ही था। कांग्रेस के साथ सभी धर्म और जाति के लोग थे। देश की आजादी के लिए आंदोलन और देश की स्वतंत्र जनता कांग्रेस का अहसान मानती थी। स्वतंत्रता से पहले भी और बाद भी तेज हवाओं में भी पारखी दृष्टि रखने वाले भी थे, उन्हीं में से एक नाम है मान्यवर कांशीराम का, जो कि वैज्ञानिक की सरकारी नौकरी छोड़ समाज विज्ञानी बन गए।

कांशीराम की पारखी नजरों ने देखा कि देश पर राज करने वाले बहुजनों के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। न राजनीति में, न नौकरी व शिक्षा में। तब वे चुनौती बनकर उभरे और नारा दिया, "वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा"। "जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी"। जैसे नारों ने, सत्ताधारियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। पिछड़े दलित साथ होने लगे। सरकारी नौकर आंबेडकर के नारे को मान पे बैक टू सोसाइटी यानी मान्यवर साहब को आर्थिक मजबूती प्रदान करने लगे। तब जन्म हुआ बहुजन राजनीति का आंबेडकर के सपने को साकार किया। कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सरकारें बनाई और पूरे देश के वंचितों के मन में राजा बनने की ललक पैदा की। बिहार और तमिलनाडु में जरूर समाजवाद और पेरियार की राजनीति का असर पहले आ गया था। बाकी हिंदी प्रदेशों से लेकर पंजाब तक बहुजन वैचारिकी प्रसारित होने लगी। अब मान्यवर कांशीराम साहब केवल बहुजन समाज पार्टी के ही नहीं अन्य दलों में भी पोस्टर बैनरों में दिखते थे और बल्कि भाषणों में भी सुने जाते थे। मान्यवर कांशीराम के नाम पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम की स्थापना करने वाले अतिशीघ्र ही सफलता पा गए और संसद में प्रवेश पा गए। संसद में चन्द्रशेखर आजाद ने शपथ ग्रहण के दौरान बुद्ध, फुले, आंबेडकर और कांशीराम जी को कोड कर बहुजन वैचारिकी की बाते भी की।



इसी प्रकार राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बातकर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है। सामाजिक परिवर्तन और बहुजन राजनीति के सृजनकर्ता मान्यवर कांशीराम 9 अक्टूबर 2006 को दुनिया को अलविदा कह गए, लेकिन बहुजन राजनीति के केंद्र में सदा जिंदा रहेंगे।

# विकसित भारत की जीत

हरियाणा में जनता जीती है, राज्य जीता है, राष्ट्र जीता है, क्योंकि वहां धर्म, जाति, जाट या नान जाट से इतर राज्य और राष्ट्र के लिए वोट डाला गया। हरियाणा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया कि दस साल का भाजपा का कुशासन, जातीय जनगणना, संविधान खतरे में है, आरक्षण खत्म हो जाएगा, भाजपा सांप्रदायिक पार्टी है जैसे विपक्ष के अनर्गल आरोपों के बदले हरियाणा की जनता ने भाजपा को विकसित भारत के संकल्प के लिए वोट दिया है।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

भाजपा ने इस बार पिछली बार से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्म कर इस बात को पुख्ता किया है कि यदि आप देश, प्रदेश और जनहित में व्यापक निर्णय लेते हैं तब नया भारत आपकी बात को समझकर बग़ैर प्रतिबद्धताओं के निष्पक्ष निर्णय करता है। चुनावी विश्लेषण देखकर महसूस हुआ कि जाट, नान जाट, दलित, मुसलमान, अग्निवीर इत्यादि से हटकर हरियाणा के लिए वोट देकर विकसित भारत के संकल्प को मज़बूत किया है। चुनाव के दौरान जीवन की सबसे बेहतरीन जलेबी खाकर पैक कराकर ले जाने और जलेबी की फैक्ट्री लगाकर एक-एक फैक्ट्री में पचास-पचास हज़ार लोगों को नौकरी देने वाला जुमला भी नहीं चला। कांग्रेसी नेताओं की अंदरघात और भाजपा के नेतृत्व ने एकजुट व एकनिष्ठ होकर यह चमत्कार कर दिखाया है। भाजपा पर हरियाणा की जनता ने विश्वास किया है। एक बार फिर से कांग्रेस प्रवक्ताओं ने अपनी और अपनी पार्टी की खिल्ली उड़ाई, रुदाली की, जब भाजपा की विजय पर कहते सुने गए कि लोकतंत्र हार गया, ईवीएम जीत गया, निर्वाचन आयोग जीत गया, पत्रकारों ने भाजपा को जिता दिया, सेफोलॉजिस्ट ने खेलकर दिया।

कांग्रेस सभी को इस हार के लिए दोष दे रही है। इन्हें नहीं दिख रहा कि विभाजनकारी नीतियां, देश को जातियों, धर्मों, भाषा के आधार पर बंटना राष्ट्र को मंजूर नहीं है। कांग्रेसियों का भ्रष्टाचार, विदेशी शक्तियों से मदद, जेहादियों के आतंक पर चुप्पी का जवाब हरियाणा की जनता ने दे ही दिया है।

## एक नजर

### आप सांसद संजय सिंह के केस में सुनवाई 24 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आदर्श चुनाव आचार संहिता और महामारी अधिनियम का उल्लंघन करने के मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत 13 पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान 13 अप्रैल 2021 को हसनपुर में आम आदमी पार्टी की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम पत्नी मक़सूद अंसारी के पक्ष में जनसभा करने का आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार ने केस दर्ज कराया था।

### बाइक व पैसा छीनने का आरोप, दी तहरीर

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी अशोक ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सोमवार की शाम वह पांडेयबाबा बाजार से घर जा रहा था। अभी वह चका पुरवे के मुर्गी फार्म के पास पहुंचा ही था कि कादीपुर कोतवाली के आलापुर गांव निवासी सोनू यादव ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ रोक लिया। आरोप है कि सोनू ने पिस्टल सटाकर गाली देते हुए बाइक व जेब से बीस हजार की नकदी छीन ली और भाग गए। थानाध्यक्ष तरुण कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### डोडा सीट पर जीत पर आप ने मनाया जश्न

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी द्वारा जम्मू कश्मीर की डोडा सीट पर जीत दर्ज करने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। इसी क्रम में कादीपुर में आप के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश चंद्र गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रामसूरत शर्मा एडवोकेट महासचिव डॉ. लालजी मौर्य, कोषाध्यक्ष अरुण आदि मौजूद रहे।

# अंडा व्यापारी की गोली मारकर हत्या, सड़क जामकर प्रदर्शन

**सुलतानपुर अमृत विचार:** मंगलवार की देर शाम बाजार से घर जा रहे अंडा व्यापारी को अज्ञात बाइक सवारों ने गोली मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी। घटनास्थल पर एसपी सोमेन बर्मा समेत कई पुलिस अधिकारी पहुंचे हैं।

दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर बाजार निवासी लल्लू अग्रहरि 45 वर्ष पुत्र त्रिलोकी दुकान से घर जा रहा था। अभी वह मोतिगरपुर मोड़ पर पहुंचा ही था कि चार बाइकों पर आए बदमाशों ने उसको गोली मार दी। बाइक सवार मोतिगरपुर की तरफ भाग निकले। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सौ बेड अस्पताल बिरसिंहपुर ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर एसपी सोमेन बर्मा समेत कादीपुर सीओ विनय गौतम, दोस्तपुर, मोतिगरपुर व जयसिंहपुर की पुलिस मौजूद हैं। लोगों की माने तो लल्लू को पुरानी रंजिश के चलते गोली मारी गई है।

# ट्रेन की तरह अब निगम की बसों की दिखेगी लोकेशन

## स्टेशन पर एलईडी तो बसों में लगाया जा रहा है जीपीएस सिस्टम

**अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अब और हाईटेक हो रहा है। किस रूट की कौन सी बस कहा है, स्टेशन कब पहुंचेगी इसके जानकारी के लिए बसों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। निगम ने इस कार्य के कार्यदायी संस्था को नामित कर काम शुरु कर दिया है।


स्टेशन पर लगी एलईडी स्क्रीन।


बस स्टेशन पर खड़ीं रोडवेज बसें। अमृत विचार

जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज स्टेशन पर कार्यदायी संस्था द्वारा एलईडी स्क्रीन लगा दी गई है। वहीं, कुछ बसों में जीपीएस सिस्टम भी लगा दिया गया है। अन्य बसों में जीपीएस सिस्टम लगाने की प्रक्रिया चल रही है। साथ बसों के मॉनिटर करने के लिए उपकरण भी लगाए जा रहे हैं।

> मुख्यालय से बसों के संचालन के रूट का डेटा मांगा गया था जो कि भेज दिया गया है। सभी उपकरण आ गए है। बची हुई बसों में जल्द ही जीपीएस लग जाएगा। -**विनोद शुक्ला**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक

### क्या मिलेगी सहूलियत

जिस तरह से ट्रेन यात्री मोबाइल फोन से ट्रेन की लोकेशन ट्रेस कर अपने गंतव्य स्थल तक चले जाते हैं। अगर ट्रेन लेट है तो इसकी जानकारी उन्हें मिल जाती हैं। उसी तरह परिवहन निगम की बसों में सफर करने वाले यात्रियों को आने वाले बस के बारे में जानकारी मिल जाएगी।

### कितनी बसों में अभी तक लगा है जीपीएस

निगम के पास अपनी 72 बसे हैं, जिनमें लंबी दूरी तय करने वाली 42 बसों में जीपीएस सिस्टम लगा दिया गया है। वहीं, निगम के पास 60 अनुबंधित बस है, जिनमें अभी जीपीएस सिस्टम नहीं लग पाया है। इन बसों में भी निगम ही जीपीएस लगवाएगा।

# मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में दिखाना आसान नहीं

## अव्यवस्था के चलते बुजुर्ग व महिला मरीज चिकित्सक तक पहुंचने में और हो रहे बीमार

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल को स्वशासी राज्य मेडिकल कालेज में तो अपग्रेड कर दिया गया, लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। मेडिकल कालेज के गेट पर पहुंचते ही मरीज और तीमारदार अव्यवस्थाओं का दंश झेलना शुरू कर देते हैं। गेट से जाम मिलना शुरू हो जाता है। अंदर पहुंचने पर पर्ची बनाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने तक धक्का मुक्की का शिकार होना पड़ता है।

कई मरीजों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि सुबह आठ बजे से आए हैं, लेकिन 12 बजे तक डॉक्टर को दिखा नहीं पाए है। गेट पर लोग इतने बेतरतीब खड़े हैं कि अंदर घुस पाना मुश्किल हो रहा। कभी-कभी इतना जाम रहता है कि गेट से ओपीडी तक पहुंचने में लोगों को पैदल भी जाना काफी मुश्किल होता है। मरीजों को ओपीडी पर्ची बनवाने व डॉक्टर को दिखाने के बाद धूप में दवा लेने के लिए काफी देर लाइन में लगना मरीजों की मजबूरी हो गई है। यही नहीं ओपीडी गेट पर लोग इतने बेतरतीब खड़े रहते हैं कि लोगों को अंदर घुस पाना मुश्किल हो जाता है। बुजुर्ग मरीज व सीरियस पेसेन्ट तो काफी देर तक अंदर पहुंच ही नहीं पाते है। उन्हें भीड़ खत्म होने का इंतजार करना


ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने के लिए धक्का-मुक्की करते मरीज व तीमारदार।

पड़ता है, उसके बाद दिखा पाते हैं।

कुड़वार से आए रामकुमार ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे नाक कान गला ओपीडी के पास पहुंच गए, लेकिन डॉक्टर के पहुंचते ही लोग गेट पर इतने बेतरतीब खड़े हो गए कि अंदर ही नहीं घुस पाए। 12 बजे के बाद उनका किसी तरह नंबर आया है तो धूप में एक घंटे खड़े होने के बाद दवा मिली। इसी तरह बंधुआकला से दिखाने आई सलमा बानो ने बताया कि उन्हें पैर में दर्द था, दिखाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी तो दिखा पाई।

### डिजिटल एक्सरे हुई मशीन खराब

**सुलतानपुर :** मेडिकल कालेज में एक्सरे कराना निशुल्क है, लेकिन मशीन खराब है। इसकी नोटिस लगा दी गई है। लेकिन कब तक बनेगी इसे बताने वाला कोई नहीं है। दूर दराज से आए मरीज बाहर से एक्सरे कराने को मजबूर हो रहे हैं।

सीएमएस डॉ. एसके गोयल ने बताया कि व्यवस्था सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। वायरल का प्रकोप है। इन दिनों करीब तीन हजार मरीज प्रतिदिन ओपीडी में चिकित्सकों को दिखाने के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे हैं।

# पुलिस पर हमला करने पर दंपति के खिलाफ केस दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली नगर क्षेत्र में सरकारी आदेश के अनुपालन के दौरान पुलिस और अधिकारियों पर हमला होने का मामला सामने आया है।

अमीन ओम प्रकाश सिंह जो जनपद न्यायालय सुलतानपुर में तैनात हैं। सिविल जज के आदेश पर डिक्री शुदा जमीन का कब्जा दिलाने के लिए पुलिस बल के साथ मोहल्ला मेजरगंज में पहुंचे। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक जैसे ही वे आदेश का पालन कराने लगे। आरोपित रवि कुमार और उनकी पत्नी सीमा ने अचानक ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। उन्होंने पुलिस बल के साथ हाथापाई करने का भी प्रयास किया, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों पर काबू पाया और उन्हें मौके से हटा दिया गया। इस दौरान रूपेश कुमार सिंह, डिक्रीदार, और अली अफजल भी मौके पर मौजूद रहे। अमीन ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश का अनुपालन कराते हुए आखिरकार रूपेश कुमार सिंह को जमीन का कब्जा दिलाया गया। घटना के बाद पुलिस ने रवि कुमार और उनकी पत्नी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस पर हमला करने की तहरीर दी है। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चर्चित अशफाक अहमद हत्याकांड में हुई बहस

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** जगदीशपुर कस्बे में छह साल पूर्व दिन दहाड़े हुई अशफाक अहमद की हत्या के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस की कार्रवाई हुई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया बहस पूरी न होने के कारण बुधवार को भी मामले में बहस जिला जज की अदालत में होगी। जिला जज की अदालत ने सफाई साक्ष्य की कार्रवाई के बाद बहस की कार्रवाई जारी है। एडीजीसी मनोज दूबे के मुताबिक अमेठी के जगदीशपुर कस्बे विजया बैंक के सामने 30 जनवरी 2018 को बम व गोली मारकर अशफाक की हत्या कर दी गई थी। घटना में कई लोग घायल हुए थे। हत्याकांड में जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश विक्रम व सतई सहित कई आरोपी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद दिन प्रतिदिन मामले की सुनवाई चल रही है।

### महिला आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर

थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के इमामदीन का पुरवा में छह माह पूर्व हसीन अहमद पर जानलेवा हमला करने के मामले में न्यायाधीश राकेश पांडेय ने महिला आरोपी शहनाज बानो की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। शहनाज व सलमान पर कोतवाली देहात नकराही के मोबीन अहमद ने आरोप लगाया है कि बीती 11 अप्रैल को उसका भतीजा हसीन अहमद बहन के घर ईद मिलने गया था। आरोपी ने सह-आरोपी के साथ मिलकर हसीन अहमद पर लोहे की सरिया और धारदार हथियार से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाव पक्ष के वकील इमरान हुसैन ने आरोपी को निर्दोष बताते हुए यह तर्क दिया कि वह केवल परेशान करने के उद्देश्य से झूठे मुकदमे में फंसाई गई है। कोर्ट ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद महिला आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

### अधिवक्ता हत्याकांड में नहीं हुई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में मंगलवार को अभियोजन गवाह के न आने के कारण सुनवाई टल गई। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 21 अक्टूबर नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

# हत्या के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**▸▸ अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया जेल**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अमेठी जिले के बेनीपुर में दो माह पूर्व मकसूद हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी रियाजुद्दीन उर्फ पप्पू को अमेठी पुलिस ने गिरफ्तार कर सीजेएम कोर्ट में मंगलवार को पेश किया। सीजेएम नवनीत सिंह ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में 22 अक्टूबर तक के लिए जेल भेज दिया।

अभियोजन के मुताबिक बीती 30 अगस्त को अमेठी कोतवाली के बेनीपुर गांव निवासी तराना बेगम ने गांव के ही हकीमुद्दीन, रियाजुद्दीन उर्फ पप्पू समेत 14 के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य आरोप में केस दर्ज कराया था। आरोप है कि दरवाजे पर बैठे उनके ससुर कमल शाह देवरा मोहम्मद राणा वी मकसूद राणा और सास सायरा भानु पर आरोपियों ने लाठी डंडा हुआ फरसों से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें चारों को गंभीर चोटें आई थी। दूसरे दिन लखनऊ में दौरान इलाज मकसूद राना की मौत हो गई थी। पुलिस ने फरार चल रहे रियाजुद्दीन उर्फ पप्पू को अंतू रोड से गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त फरसा बरामद कर लिया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप



शहर के एक होटल में प्रेसवार्ता करते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूपेश शुक्ल। अमृत विचार

### भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने रूपेश शुक्ल

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** 24 वर्षों तक भारतीय किसान यूनियन अम्बावत गुट से जुड़े किसान नेता रूपेश शुक्ला ने साथियों के साथ बीते दिनों टिकैत गुट की सदस्यता ग्रहण की थी। विगत दिनों राकेश टिकैत ने जिले में जनसभा भी रूपेश शुक्ला के आयोजित कार्यक्रम में की थी। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी अवध क्षेत्र रूपेश शुक्ला ने निजी होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुझे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तो विनोद मिश्रा को प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य उत्तर प्रदेश, राम प्रसाद तिवारी प्रदेश महासचिव, रमेश दूबे संगठन सचिव, नवल किशोर मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता, रमेश शर्मा प्रदेश सचिव, राम शिरोमणि मिश्रा उपाध्यक्ष अयोध्या मंडल की जिम्मेदारी केंद्रीय कार्यालय ने सौंपी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि कुछ फर्जी संगठन किसानों का शोषण कर अधिकारियों की जी हजूरी कर रहे हैं। संगठन ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। जयसिंहपुर तहसीलदार के तानाशाही रवैया के चलते बुधवार से तहसील परिसर में अनवरत धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जब तक कोई विधिक कार्यवाही नहीं होती हैं तब तक कार्यकर्ता संघर्ष करते रहेंगे।

### एजेंसी देने के नाम पर ठग लिए 48 लाख, केस दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** साइबर पुलिस डाल-डाल तो ठग पात-पात चल रहे हैं। जन जागरूकता के बाद भी लोग ठगों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई लुटा रहे हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के मेजरगंज चौक निवासी राजेंद्र प्रसाद जायसवाल ने साइबर थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि महाराष्ट्र स्थित टाटा जूडियो ट्रेंट लिमिडेट कुछ कर्मचारियों ने फर्जी वेबसाइट बना एजेंसी देने की बात कही। साथ ही बताया गया है कि अगर आप एजेंसी ले लेते हैं तो लाखो में कमाओगे। साथ ही वेबसाइट का लिंक भेज जांच पड़ताल की बात कही। उक्त लोगों ने झांसे में लेकर उससे 48 लाख ले लिया। पैसा देने के बाद एजेंसी के लिए कोई जानकारी नहीं मिली तो पड़ताल करने पर ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने ठगी से संबंधित सभी दस्तावेज पुलिस को सौप विधिक कार्यवाही की मांग की है। साइबर थाना प्रभारी प्रवीन कुमार यादव ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### सुविधाओं से लैस अनमोल हॉस्पिटल की हुई शुरुआत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के अमहट स्थित अत्य आधुनिक सुविधाओं से लैस अनमोल हॉस्पिटल का मंगलवार को प्रसिद्ध सर्जन डॉ. एसके सोनी के माता एवं पिता ने शुभारंभ किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एके सिंह, वरिष्ठ फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विजय बहादुर, डॉ सुभाष चन्द्र, डॉ जेपी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ शुभारंभ। जनपद के वरिष्ठ एवं प्रसिद्ध नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष चंद्र का बुके देकर अस्पताल के निदेशक डॉ एसके सोनी ने स्वागत किया। स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में यह अस्पताल आम जनमानस की सेवा में आगे बढ़े। मंच का सफल संचालन डॉ सत्येंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया।


हॉस्पिटल का उद्घाटन करते डा. सोनी के माता-पिता।

### दो हज़ार छात्रों को किया गया प्रशिक्षित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** संयुक्त राष्ट्र साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अवसर पर इंटीग्रल विश्वविद्यालय में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के लंभुआ तसहील के निवासी व साइबर फाउंडेशन के वरिष्ठ विशेषज्ञ नितिन पांडेय ने हजारों छात्रों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया। नितिन पाण्डेय ने छात्रों को साइबर सुरक्षा की अहमियत बताते हुए कहा की विशेष रूप से अपने परिवार के डिजिटल उपकरणों की सुरक्षा के बारे बताना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने सभी सॉफ़्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट रखने की सलाह दी। संदिग्ध लिंक या विज्ञापनों पर क्लिक करने के खतरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अक्सर बच्चे साइबर सुरक्षा के महत्व को न समझने के कारण पासवर्ड साझा कर लेते हैं जिससे गंभीर सुरक्षा जोखिम हो सकता है। उन्होंने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अपील की।

# सामने जा रहे ट्रक में पीछे से घुसा कोरियर वाहन

**▸▸ यूपीडा टीम ने चालक व क्लीनर को सीएचसी में कराया भर्ती**

**धनपतगंज, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कोलकाता से जयपुर जा रही कोरियर ट्रक सामने जा रहे एक दूसरी ट्रक से टकरा गई। जोरदार टक्कर में कोरियर ट्रक का केबिन वाला भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक तथा क्लीनर दोनों गम्भीर रुप से चोटिल हो गए।

पूर्वांचल ऐक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 113.3 मझवारा गांव के निकट कोलकाता से जयपुर जा रहा एक कोरियर ट्रक मंगलवार भोर में सामने जा रहे दूसरे ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। भीषण टक्कर में कोरियर वाहन की केबिन के परखच्चे उड़ गये। जिसमें गाड़ी चला रहे राजकुमार निवासी फिरोजाबाद तथा क्लीनर प्रदीप कुमार निवासी इटावा को गम्भीर चोट लगी। जिन्हें ओपीडा एम्बुलेंस से कूरेभार सीएचसी पर इलाज के लिये भेजा गया। दुर्घटना ग्रस्त वाहन में कोरियर की बोरियां लदी थी, जिन्हें जयपुर ले जाया जा रहा था। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि विधिक कार्यवाही के साथ जांच की जा रही है।

# बच्चों ने किया ताइक्वांडो का प्रदर्शन

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** अमीना बानो ताइक्वांडो अकादमी का पुलिस लाइन में बीते दिनों हुई प्रतियोगिता का परिणाम आने पर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का नेतृत्व गोल्ड मेडलिस्ट ताइक्वांडो खिलाड़ी अमीना बानो ने किया था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन-अर्चन के बाद छोटे-छोटे बच्चों ने अपना ताइक्वांडो हुनर दिखाकर सबका दिल जीत लिया।

बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बल्दीराय व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों के अंदर छुपी


पुलिस लाइन ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करती अमीना बानो।

**● खेल प्रतियोगिता से खिलाड़ियों का होता है विकास : शिव कुमार सिंह**

प्रतिभा को उजागर होने का मौका मिलता है। साथ ही खेल नियमों के प्रति सम्मान एवं खिलाड़ियों में उच्च भावना का संचार होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज सौरभ मिश्र विनम्र ने की। कार्यक्रम का आयोजन गोल्ड मेडलिस्ट ताइक्वांडो अमीना बानो ने किया था। अमीना ने बताया कि खेल के माध्यम से न केवल सामाजिक कुरीतियों को दूर किया जा सकता है बल्कि इससे परस्पर एकता की भावना भी मजबूत होती है। हमारी अकादमी के द्वारा निरंतर इस प्रकार की आयोजन होते रहते हैं।

# 60 लीटर कच्ची शराब पकड़ी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** मंगलवार को आबकारी निरीक्षक जयसिंहपुर डा. संजय कुमार उपाध्याय मोतिगरपुर थाना के उपनिरीक्षक बुद्धि लाल द्वारा संयुक्त रूप कार्यवाही की गई। आबकारी टीम व पुलिस की संयुक्त टीम ने मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के खैरहा व दियरा में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। दबिश के दौरान आबकारी निरीक्षक ने 60 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए मौके पर मिले छह क्विंटल लहन नष्ट कराया। साथ ही शराब कारोबारियों की भट्टियों को भी नष्ट कराया। वहीं, तीन लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया।

**आस्था** | पारा बाजार, बल्दीराय, देहली बाजार, बाघौना, गोविंदपुर, हलियापुर व भवानीगढ़ में सजे देवी पंडालों में पहुंचीं मां दुर्गा की मूर्तियां

# बल्दीराय में ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत आज से

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के पूजा पंडालों में मंगलवार को देवी प्रतिमाएं पहुंच गई। बुधवार से पंडालों में महोत्सव का शुभारंभ हो जाएगा। इसके बाद लगातार सप्ताह भर मां आदिशक्ति के जयकारे लगेंगे।

बल्दीराय क्षेत्र के सभी पंडालों में प्रतिमाएं पहुंच गई हैं। बुधवार से दुर्गा पूजा महोत्सव क्षेत्र के पारा बाजार, बल्दीराय, बहुरांवा, वल्लीपुर, देहली बाजार, बाघौना, गोविंदपुर, हलियापुर, भवानीगढ़ प्रमुख बाजारों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पंडालों में पूजा पाठ के


मां वैष्णो दुर्गा पूजा समिति देहली के पंडाल में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा।

बाद लोगों के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। जूनियर चौराहा स्थित मां वैष्णो दुर्गा पूजा समिति के रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि यहां पूजन अर्चन प्रतिपदा के दिन कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना होती है। अष्टमी को दुर्गा प्रतिमा के नेत्र पूजा विधि विधान से होने के बाद पट्टी खुलती हैं। सरदार पांडेय ने बताया कि मंगलवार को पंडाल में पहुंच गई, बुधवार से शुरू हो जाएगा दुर्गा पूजा। पूर्णिमा को प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

### शहर के निकास व प्रवेश स्थल पर कैमरे के साथ मुस्तैद रहेगी डायल 112 की टीम

**संवाददाता, सुलतानपुर :** दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान प्रवेश व निकासी पर चार पहिया डायल 112 के चार वाहन तो वहीं शहर में 15 दो पहिया डायल 112 की पुलिस कर्मी कैमरे के साथ सुबह आठ बजे से रात के 12 बजे तक एलर्ट रहेंगे। एलर्ट पुलिस कर्मी दुर्गापूजा महोत्सव में अराजकता फैलाने वाले अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखेंगे। अराजकता फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई भी की जायेगी।

ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। मेले में कोई भी अगर किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाता है तो उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दंडित किया जायेगा। एसपी के निर्देश पर डायल 112 प्रभारी के नेतृत्व में चिन्हित स्थलों पर डायल 112 के वाहन खड़े रहेंगे। सुबह आठ बजे से रात 12 बजे तक पीआरबी 2822 राहुल चौराहे पर तो पीआरबी 2829 चुनहा, पीआरबी 6095 अमहट तो पीआरबी 6087 गोलाघाट नदी के आस पास तैनात रहेगी। इतना ही नहीं डायल 112 के 15 दो पहिया वाहन का स्थान शहर के अंदर चिन्हित किया गया है। सभी डायल 112 के पुलिसकर्मी बाडी आर्म कैमरे से लैस होंगे। बताते चलें कि जिले में डायल 112 के नए 24 स्कार्पियो तो पहले की 26 डायल 112 के चार पहिया वाहन है। वहीं, दो पहिया के नए सात तो 11 पुराने दो पहिया वाहन संचालित है।

...नई आईं 24 स्कार्पियो में से आठ में कैमरे लगे हैं, शेष में कैमरा नहीं है। फिलहाल डायल 112 के पुलिसकर्मी 68 बाडी आर्म कैमरे से लैस होंगे।

**- शैलेंद्र कुमार भारती, डायल 112 प्रभारी सुलतानपुर**

## एक नजर

### सांसद ने की तीन दिवसीय रैली की शुरुआत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शोहरतगढ ग्रामीण स्टेडियम में तीन दिवसीय 31 वीं जनपदस्तरीय रैली की। इसमें मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने हरी झण्डी दिखाकर रैली की शुरुआत की। वहीं सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि बच्चे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो उनकी हरसम्भव मदद की जाएगी जिससे वे अपने जिले का नाम रोशन कर सकें। कई स्कूलों के छात्रों ने कार्यक्रम मे हिस्सा लिया।

### डीएम से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ निस्तारण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। दीनानाथ निवासी ग्राम कपिया मिश्र ने न्याय पाने के लिए जिलाधिकारी को 3 सितंबर को ही प्रार्थना पत्र दिया था किंतु कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि घर के सामने गांव की नाली का पानी उनके दरवाजे के सामने आ रहा है। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका हैं। दीनानाथ ने बीती 3 सितंबर को जिलाधिकारी से समस्या बताई थी किंतु कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को पुन: डीएम से न्याय की गुहार लगाई।

### वांछित के घर चस्पा कराई गयी नोटिस

सुबेहा,बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बली गेरावां गांव में एक शातिर के घर पर न्यायालय पर हाजिर न होने पर कुर्की की नोटिस चस्पा कराई गई। इस गांव का संजय पुत्र महेश धोबी पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा है। उपनिरीक्षक सुभाष यादव के नेतृत्व में आज सुबेहा पुलिस ने अभियुक्त के घर जाकर 28 दिन के भीतर अभियुक्त को न्यायालय में हाजिर होने अथवा चल अचल संपत्ति को कुर्की करने की नोटिस चस्पा कर मुनादी करायी।

# महाकाली मंदिर में बही भजनों की बयार

## शारदीय नवरात्र की पंचमी पर आयोजित दीपोत्सव में श्रद्धालुओं ने उत्साह से लिया भाग

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



कलाकार को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र की पंचमी को मां वटवासिनी गालापुर महाकाली मन्दिर में आयोजित दीपोत्सव, देवी जागरण व फलाहार कार्यक्रम श्रद्धा-भक्ति व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, कमिश्नर बस्ती मण्डल अखिलेश सिंह, एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित, कन्हैया पासवान, कुंवर धनुर्धर सिंह, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, विनोद बाबा ने दीप जलाकर की। भगवती जागरण की शुरुआत मां के पूजन के साथ गणेश वंदना से हुई। श्रवण सुल्तानपुरी, अंशिका लहरी, अजय उजाला, अमरमणि, राजन पाण्डेय रत्न के द्वारा प्रस्तुत भजनों से देर रात तक सभी भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। श्रवण सुल्तानपुरी के भजनों, अनिल चंद्रा ग्रुप के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत महिषासुर वध, मां शेरावाली, शंकर भगवान पार्वती जी, गणेश जी, मां काली, हनुमान जी के रुद्र रूप आदि की भव्य झांकी, राधा कृष्ण जी का मयूर नृत्य और श्री राम जी का भव्य दरबार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में ढोलक पर अयोध्या प्रसाद, कीबोर्ड पर निलेश, ऑक्टोपैड पर सुफल व साउंड पर रंजीत व दिलीप, दुर्गेश आदि थे। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व माता की चुनरी भेंटकर सम्मानित किया। आयोजक समिति धर्म रक्षा मंच के लोगों को बधाई देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान फलाहार व प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने भारी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। उपवास रखने वाले लोगों के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई थी।

## जीत का जश्न



सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ पटाखे जलाकर व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की शानदार जीत पीएम मोदी व भाजपा की उत्कृष्ट विकास नीतियों का नतीजा है। इस मौके पर जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो विकास पांडेय वत्स, सभासद धनंजय सहाय, मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोधी, फूलचंद जायसवाल, सौरभ त्रिपाठी, अनुराग श्रीवास्तव, विक्की रस्तोगी, पंकज जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने डीसीएम के केबिन से उड़ाये 5 लाख

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। इटवा थाना क्षेत्र कस्बे में बीते सोमवार की सुबह डीसीएम के केबिन में रखे पांच लाख रुपये बदमाशों ने पार कर दिये। घटना के समय चालक पीछे के पहियों की जांच कर रहा था। ड्राइवर ने थाने पर सूचना दी कि एक व्यापारी से 5 लाख रुपए भुगतान लेकर डीसीएम के आगे डिग्गी में रखे थे और जब गाड़ी रोक कर पीछे गाड़ी को देखने उतरा तो अज्ञात बदमाशों ने डीसीएम में रखें आगे 5 लाख रूपया लूटकर चंपत हो गए। लूट की घटना इटवा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। सीओ इटवा का कहना है कि जांच कराने के बाद यह मामला लूट का नहीं लग रहा है अलबत्ता पैसा चोरी होने का लग रहा है। फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है और मामला शीघ्र ही खुलकर सामने आ जाएगा। घटना के 2 घंटे बाद अशोक सोनी अपनी मोटरसाइकिल खड़ा करके दुकान पर गए थे कि डिक्की में रखी लगभग डेढ़ किलो चांदी चोरों ने पार कर दी। पुलिस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची और जांच की।

# समय से पूरा करायें पीएमश्री विद्यालयों का निर्माण : डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने की। डीएम ने पीएमश्री स्कूल में आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की समीक्षा की। पीएमश्री स्कूल में निर्माण कार्यों की प्रगति कम होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समय से व गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति एवं जिन भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें हैण्डओवर कराकर संचालित कराने का निर्देश डीएम ने दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि थर्ड पार्टी की सत्यापन आख्या प्रत्येक बिन्दुओं पर स्पष्ट आने के पश्चात हैण्डओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। बैठक में बाल वाटिका के निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि। सभी अध्यापक विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षण कार्य तथा सभी अभिलेखों को समय से अपडेट करें। बच्चों के नामांकन के सापेक्ष बच्चो की उपस्थिति भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजीकृत छात्रों को डीबीटी के माध्यम से स्कूल ड्रेस, जूता मोजा आदि खरीदने के लिए अभिभावकों को जागरूक करें। सभी बच्चों के पास प्रत्येक दशा में स्कूल ड्रेस, जूता मोजा उपलब्ध होना चाहिए नहीं तो संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी और प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। डीएम ने स्कूल ड्रेस के साथ बच्चो की फोटो अपलोड कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही छात्रों का आधार सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया।

इसके अलावा विद्यालयों के पुनर्निर्माण की प्रगति, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि की प्रगति, निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा, स्वीकृत नवीन निर्माण कार्य की प्रगति, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्कूलों में बेंच, पेयजल, बाउन्ड्रीवाल, शौचालय आदि पूर्ण होना चाहिए। यू-डायस पोर्टल पर 100 प्रतिशत फीडिंग पूर्ण कराने का भी डीएम ने निर्देश दिया। इसके अलावा कन्वर्जन कास्ट एवं रसोइयों के मानदेय, जिला टास्क फोर्स के स्थिति की समीक्षा की गयी।

बैठक में सीडीओ जयेन्द्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। विकास खण्ड बर्डपुर के महदेईयां गांव मे मंगलवार को आरोह फाउंडेशन की तरफ से वित्तीय साक्षरता सामूहिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अग्रणी जिला प्रबन्धक रवि कुमार सिन्हा एवं नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
इसमें बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताये गए और जरूरी टोल फ्री नंबर के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन योजना, कृषि ऋण आदि विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने बताया कि वित्तीय साक्षरता जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी से बचने के लिए जरूरी टोल फ्री नंबर हैं उनका प्रयोग करें। नाबार्ड जिला विकास प्रबन्धक ने कृषि ऋण के बारे में जानकारी दी। वित्तीय सलाहकार ने बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान वजहुल कमर, रितेश कुमार, मुन्ने खान, अब्दुल हलीम, आकाश, प्रिया आदि मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं : सीडीओ

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने विकास खण्ड बांसी के ग्राम पंचायत चेतिया में कंपोजिट विद्यालय में निर्माणाधीन एमडीएम शेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एमडीएम शेड की नींव का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सीडीओ ने तकनीकी सहायक को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी कुमार कार्तिकेय मिश्र, बांसी, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नसों से जुड़ी समस्या है वैरिकोज वेंस

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर



डॉ. एसके जायसवाल।

अमृत विचार। वैरिकोज वेंस नसों से जुड़ी समस्या है। यह कई कारणों से हो सकती है। ये बातें डॉ. सुनीता मेमोरियल हॉस्पिटल एण्ड फ्रेक्चर क्लीनिक के फिजीशियन एण्ड सर्जन डॉ. एसके जायसवाल ने कहीं।
उन्होंने कहा कि वैरिकोज वेंस या स्पाइडर वेंस कई कारणों से हो सकती है। अगर आपको यह समस्या है, तो कुछ कामों को करने से बचें वरना आपकी मुश्किल बढ़ सकती है। वेरिकोज वेंस के बारे में काफी लोग नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा कि आपने कुछ लोगों के हाथ, पैर, एड़ी, पंजे या टखनों में नीली नसें या नसों के गुच्छे देखे होंगे। ये वेरिकोज वेंस होती हैं। इन्हें स्पाइडर वेंस भी कहा जाता है। यह समस्या पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है। आमतौर पर इनसे कोई खतरा नहीं होता है। लेकिन, कई बार ये मुश्किल खड़ी कर सकती हैं। इनकी वजह से कई बार, टांगों में खून की सप्लाई पर असर होता है। कई बार इनमें दर्द और जलन भी होती है। अगर आपको यह समस्या है, तो आपको कुछ कामों को पूरी तरह से अवॉइड करना चाहिए।

### वेरिकोज वेंस होने पर न करें ये काम

- अगर आपको वेरिकोज वेंस की समस्या है, तो ज्यादा देर तक बिल्कुल खड़े न रहें। इससे आपकी दिक्कत बढ़ सकती है। ज्यादा देर खड़े रहने के कारण नसों में खून जमने लगता है, इससे नसों पर अधिक दबाव पड़ता है।
- वेरिकोज वेंस होने पर आप भारी वजन न उठायें। दरअसल, भारी वजन उठाने से नसों पर दबाव पड़ता है और इससे नसों में खिंचाव पैदा होता है। इसकी वजह से नसें कमजोर होने लगती हैं। ऐसा नहीं है कि आप बिल्कुल वजन नहीं उठा सकते लेकिन अधिक भारी चीजों को उठाने से बचें।
- महिलाएं हाईहील्स वाले सैंडिल न पहनें। इससे रक्त प्रवाह बाधित होता है और नसों पर दबाव पड़ता है।

## सार-संक्षेप

### हादसे में डांस क्लासेज के निदेशक की मौत



सिद्धार्थनगर अमृत विचार। तेज वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार स्टेट अप डांस क्लासेज के निदेशक मेराज अहमद धानी बाजार-गोरखपुर मार्ग के पास गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मेराज अहमद ने दम तोड़ दिया। मेराज अहमद मिलनसार व्यक्ति थे। लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। फोटो नंबर 1

### बदहाली का शिकार है आयुष्मान आरोग्य केंद्र

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। खेसरहा विकास क्षेत्र के ग्राम सभा एकडेंगवा में बना आयुष्मान आरोग्य सेंटर बदहाली का शिकार है। सेंटर पर जाने वाले मार्ग पर जलनिकासी की व्यवस्था न होने से लोगों को कीचड़ से होकर आना-जाना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन कश्यप ने बताया कि 30-40 मरीज प्रत्येक दिन इलाज कराने के लिए यहां आते हैं। गांव के बद्री प्रसाद, महेंद्र मिश्रा, कृष्णमणि, विनोद मणि, त्रिपाठी राजेंद्र, मारकंडे आदि ने मार्ग को दुरुस्त कराने के साथ जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार का कहना है कि शीघ्र ही मिट्टी डालकर मार्ग को चलने लायक बना दिया जाएगा, ताकि मरीजों को कोई परेशानी न हो।

### प्रशिक्षण पूरा करने वाले बंदियों को दिये प्रमाणपत्र

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शिव नाडर फाउण्डेशन द्वारा जिला कारागार में शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अन्तर्गत 120 दिवस का प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत बंदियों को सर्टिफिकेट एवं नये शैक्षिक पाठ्यक्रम हेतु किट वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने की। उन्होंने बंदियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए ऐसी अन्य योजनाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षा प्राप्त कर चुके 30 बंदियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र वितरित किया तथा साथ ही नये इनरोल्ड बंदियों को स्मार्ट क्लास हेतु डिजिटल कंटेन्ट और लर्नर किट वितरित की गयी। इस कार्यक्रम में कारापाल अरुण कुमार कुशवाहा, उपकारापाल मुकेश प्रकाश, संस्था के प्रतिनिधि जिला समन्वयक कार्तिकेय पाण्डेय व अन्य कारागारकर्मी उपस्थित रहे।

### बाढ़ पीड़ितों को वितरित की गयी राहत किट



बाढ़ पीड़ितों को राहत किट वितरित करती प्रशासन की टीम। अमृत विचार

गोरखपुर, अमृत विचार। हथिया नक्षत्र में लगातार हुई बारिश से सदर तहसील के 25 गांव बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए। प्रभावित ग्रामीणों को प्रशासन की ओर से राहत किट वितरित की गयी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के निर्देशन में सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह, तहसीलदार न्यायिक विकास कुमार, नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे, नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन, विधायक ग्रामीण विपिन सिंह की मौजूदगी में प्रभावित गांवों में राहत सामग्री वितरित की गयी। शेरगढ़ में 520, बहरामपुर में 600, हरैया में 70, खिरवनिया में 600, सिहोरवा सानी में 85, कलानी बुजुर्ग, जोतफरसही, मिलोरही, भगडा पाण्डेय में 895, बहरामपुर में 800, नरहरपुर अतरौलिगा में 110, सेन्दु बेन्दुली, मंझरिया, अजवनिया में 865, जोतबडहरा में 300, बलुईगाडा में 300, झरवा चकरा, सोयम, सेमरा देवी प्रसाद में 900, रोहुआ में 50 बाढ़ राहत सामग्री किट वितरित की गयी।

### आज से चलेगी पाटलिपुत्र-छपरा पूजा विशेष ट्रेन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा 05297/05298 पाटलिपुत्र-छपरा-पाटलिपुत्र पूजा विशेष गाड़ी का संचालन पाटलिपुत्र तथा छपरा से 9 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक 84 फेरों के लिए किया जायेगा। 05297 पाटलिपुत्र-छपरा पूजा विशेष गाड़ी 9 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक पाटलिपुत्र से 08.15 बजे प्रस्थान कर दीघा ब्रिज हाल्ट से 08.22 बजे, भरपुरा पहलेजाघाट से 08.39 बजे, परमानन्दपुर से 08.51 बजे, नया गांव से 08.58 बजे, सीतलपुर से 09.06 बजे, दिघवारा से 09.15 बजे, अवतार नगर से 09.24 बजे, बड़ा गोपाल से 09.41 बजे, गोल्डिनगंज से 10.07 बजे तथा छपरा कचहरी से 10.31 बजे छूटकर छपरा 10.50 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05298 छपरा-पाटलिपुत्र पूजा विशेष गाड़ी 9 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक छपरा से 15.20 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 15.29 बजे, गोल्डिनगंज से 15.49 बजे, बड़ा गोपाल से 16.01 बजे, अवतार नगर से 16.11 बजे, दिघवारा से 16.20 बजे, सीतलपुर से 16.27 बजे, नया गांव से 16.34 बजे, परमानन्दपुर से 16.44 बजे, भरपुरा पहलेजाघाट से 17.31 बजे तथा दीघा ब्रिज हाल्ट से 17.42 बजे छूटकर पाटलिपुत्र 17.55 बजे पहुंचेगी। यह गाड़ी मेमू रेक से चलायी जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# मखाना की खेती को प्रोत्साहन दे रही सरकार



संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। किसानों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने मखाना की खेती के लिए किसानों को अनुदान देने की व्यवस्था बनाई है। इसके लिए सरकार का विशेष ध्यान मखाना की सर्वाधिक खेती करने वाले बिहार के मिथिलांचल के समतुल्य जलवायु वाले पूर्वांचल पर है। सरकार ने पूर्वांचल के 14 जिलों में अनुदान पर मखाना की खेती के लिए लक्ष्य तय कर दिया है।

इसमें गोरखपुर मंडल के देवरिया जिले में बीते साल से मखाना की खेती शुरू हो गई है जबकि मंडल के तीन अन्य जिलों गोरखपुर, महाराजगंज और कुशीनगर को कुल 33 हेक्टेयर में मखाना की खेती कराने का लक्ष्य दिया गया है। वैज्ञानिक अध्ययन में पाया गया है कि गोरखपुर मंडल की जलवायु में मिथिला जैसी उत्पादकता देने का सामर्थ्य है। मखाना की खेती ऐसी जगहों के लिए अधिक उपयुक्त हैं जहां खेतों में काफी पानी जमा रहता है। गोरखपुर मंडल में तालाबों की पर्याप्त संख्या तो है ही मंडल के कई ब्लॉक ऐसे हैं जहां लो लैंड एरिया में बारिश का पानी खेतों में काफी समय तक भरा रहता है। जाहिर सी बात है कि इन खेतों के किसान मखाना की खेती अपनाकर मालामाल हो सकते हैं। सरकार की तरफ से मखाना खेती के लिए अनुदान की व्यवस्था भी इसी मंशा से की गई है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। गोरखपुर मंडल के देवरिया जिले में मखाना की खेती का प्रयोग गत वर्ष ही शुरू हो चुका है। यहां के कई प्रगतिशील किसान और मत्स्यपालक राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा से मखाना का बीज मंगाकर खेती कर रहे हैं। इस तरह देवरिया मखाना खेती की शुरुआत करने वाला पूर्वांचल का पहला जिला बन चुका है। इस साल देवरिया में करीब पांच हेक्टेयर रकबे में मखाना की फसल तैयार है। अब सरकार मंडल के अन्य जिलों के किसानों को भी इससे जोड़ने में जुट गई है। मसलन देवरिया के बगल में कुशीनगर जिले में 13 हेक्टेयर रकबे में मखाना की खेती कराने का लक्ष्य मिला है। इसमें से अबतक 8 हेक्टेयर से अधिक रकबे में खेती करने के लिए 16 किसानों का प्रस्ताव उद्यान विभाग ने मंजूर भी कर लिया है। गोरखपुर में 10 हेक्टेयर रकबे में मखाना की खेती कराने का उद्यान विभाग को दिया गया है। राजकीय उद्यान के अधीक्षक पारसनाथ बताते हैं कि कुल लक्ष्य में 20 प्रतिशत से यानी गोरखपुर में 2 हेक्टेयर रकबे में मखाना की खेती के लिए अनुसूचित जाति के किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 8 हेक्टेयर रकबा सामान्य वर्ग के किसानों के लिए लक्षित है। इसी तरह महराजगंज जिले में भी उद्यान विभाग को 10 हेक्टेयर में मखाना की खेती कराने का लक्ष्य शासन से मिला है।

# छात्रों को दिलायी गयी सड़क सुरक्षा की शपथ

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रोड सेफ्टी क्लब की तरफ से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी धनंजय पाण्डेय ने सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं को बचाया जा सकता है। रोड पर चलते समय दोपहिया वाहन चालक हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की आदत डालें। मोड़ पर इंडिकेटर और हॉर्न का प्रयोग अवश्य करें। आपकी लापरवाही से कोई व्यक्ति या जानवर घायल या असमय मृत्यु के काल में समा सकता है। स्वयं भी सुरक्षित रहें और औरों को भी सुरक्षित रखें। नोडल अधिकारी ने बताया कि रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत एक सप्ताह तक विविध कार्यक्रमों यथा निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में प्रमुख रूप से संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. अखिलेश दुबे, सहित सभी विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**स्वच्छता पखवाड़ा** पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों में स्वच्छ परिसर, कार्यस्थल एवं आवासीय परिसर थीम पर चला कार्यक्रम

# रेलवे स्टेशन परिसरों में चला स्वच्छता अभियान, रोपे गये पौधे



स्टेशन परिसर में सफाई करता कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय,गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, स्वच्छता पखवाड़ा के आठवें दिन मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ परिसर कार्यस्थल एवं आवासीय परिसर' थीम के अन्तर्गत लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों के विभिन्न कार्यालयों, प्रतीक्षालयों, रेलवे आवासों एवं स्टेशन परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अन्तर्गत लखनऊ मंडल में स्वच्छ परिसर थीम के तहत लखनऊ में कोचिंग डिपो, रेलवे विद्यालयों, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, रेलवे अस्पतालों, गोंडा गुड्स डिपो, गोंडा, बादशाहनगर एवं ऐशबाग स्थित रेलवे कॉलोनियों, प्रतीक्षालयों, रिटायरिंग रूमों, बस्ती एवं मनकापुर सहित विभिन्न स्टेशनों के स्टेशन परिसरों तथा गोरखपुर न्यू कोचिंग डिपो, लॉबी सहित आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की गई तथा पौधरोपण किया गया।

इसी क्रम में, वाराणसी मंडल में स्वच्छ परिसर थीम के तहत आजमगढ़, छपरा, भटनी, देवरिया सदर, बलिया, गाजीपुर सिटी, सीवान, बनारस, मऊ, प्रयागराज रामबाग, सलेमपुर, राजातालाब आदि स्टेशनों पर स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के दौरान कार्यालयों, प्रतीक्षालयों, रेलवे आवासों एवं स्टेशन परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पौधारोपण किया गया। कॉलोनी वासियों एवं कर्मचारियों को सूखे एवं गीले कचरे के निस्तारण के लिये जागरूक किया गया तथा श्रमदान एवं स्वच्छता रैली निकाल कर यात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। स्वच्छ परिसर थीम के अन्तर्गत इज्जतनगर मंडल में लालकुआं, काठगोदाम, फर्रुखाबाद, बरेली सिटी, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट आदि स्टेशनों पर कार्यालयों, प्रतीक्षालयों, विश्रामालयों, रेलवे आवासों, रेलवे सुरक्षा बल पोस्टों, रेलवे अस्पतालों एवं स्टेशन परिसरों में गहन साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, इज्जतनगर में पौधारोपण किया गया तथा विभिन्न स्टेशनों पर श्रमदान किया गया।

मथुरा कैंट एवं लालकुआं स्टेशनों पर जागरूकता हेतु स्वच्छता रैली निकाली गई। स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत 9 अक्टूबर को 'स्वच्छ आहार' थीम के तहत मुख्यालय एवं मंडलों में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## एक नजर

### आग लगने से लाखों का नुकसान

**कुशीनगर, अमृत विचार :** हाटा के मुख्य बाजार में बीते सोमवार को रात बीनू रौनियार के कॉस्मेटिक गोदाम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। वहीं गैस सिलेंडर फटने से आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान परिवार व आस पास के लोगों ने शोर मचाया मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी और आग बुझाने में जुटे रहे। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची तब तक लोगों ने आग पर काबू पा लिया। दुकानदार की मानें तो इस अगलगी की घटना में लाखों का सामान जल कर खाक हो गया।

### हरियाणा में तीसरी बार सरकार बना भाजपा ने रचा इतिहास

**बस्ती, अमृत विचार :** मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के पश्चात अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला का समिति नितेश शर्मा ने कहा कि हरियाणा में फिर एक बार नीतियों की जीत हुई है। भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं मतदाता बधाई के असली हकदार हैं। प्रेस को जारी बयान में भाजपा नेता नितेश शर्मा ने कहा कि विपक्ष लगातार झूठ फैलाने का काम कर रही थी। लेकिन हरियाणा की सम्मानित जनता ने उनके झूठ को सिरे से नकार दिया। कहा कि भाजपा सरकार की जो काम करने की नीतियां और उपलब्धियां हैं। उस ओर हरियाणा की जनता ने अपना मुहर लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि हरियाणा में किसी पार्टी की तीसरी बार सरकार नहीं बनी थी। भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाकर नया इतिहास रचेगी।


नितेश शर्मा।

### मरीजों के प्राथमिक उपचार की दी गई जानकारी

**बस्ती, अमृत विचार।** ध्वज शिष्टाचार के साथ शुरू हुआ शिविर का दूसरा दिवस, उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि तीन दिवसीय गाइड शिविर के दूसरे दिन प्रतिभागियों को सर्व प्रथम बीपी सिक्स के व्यायाम शिविर के प्रशिक्षको के देख रेख में करवाया गया। वह डायट परिसर में साऊँघाट विकास क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस की शुरुआत ध्वजारोहण द्वारा कर रहे थे, लीडर ट्रेनर सत्या पाण्डेय, लीडर ट्रेनर कुलदीप सिंह, विद्यालय की गाइड कैप्टन गीता पाल ने प्रतिभागियों को गाँठ, बन्धन, लैसिंग, बिना बर्तन भोजन बनाना, प्राथमिक सहायता, टेंट पिचिंग, स्ट्रेचर बनाना, पट्टी बांधने की तरीके आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# कोटे की दुकान निलंबित करने की मांग, ग्रामीणों का तहसील में प्रदर्शन

## दो महीने से चल रहा विवाद, तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक ने कराया शांत


हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाते तहसीलदार और पूर्ति निरीक्षक।


सड़क जाम कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र के ग्राम बैजनाथपुर में प्रधान और कोटेदार के बीच कोटे की दुकान को लेकर पिछले दो महीने से संघर्ष चल रहा है। कोटे की दुकान की जांच भी हुई लेकिन प्रधान पक्ष अविलंब कोटे की दुकान को निलंबित करवाने के लिए लगा हुआ है। मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने कोटा निलंबित करने की मांग की। काफी देर तक हंगामा किया। तहसीलदार और पूर्ति निरीक्षक के समझाने के बाद मामला शांत हुआ।

तहसील क्षेत्र के बैजनाथपुर में कोटेदार और प्रधान पक्ष में बीते दिनों जमकर मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों से दर्जनों लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था। पूर्ति निरीक्षक सौरभ गोस्वामी ने 18 सितंबर को कोटे की दुकान की जांच किया। जिसमें 9 सदस्यीय सतर्कता समिति में लेखपाल आदि का बयान भी दर्ज किया।

लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट में नियमानुसार कोटा वितरण की बात कही है। उसके बाद भी प्रधान पक्ष के लोग कोटे की दुकान निलंबित कराने की मांग पर अड़े हुए हैं। पूर्ति निरीक्षक का कहना है कि नियमानुसार नोटिस प्राप्त करने के एक माह बाद ही कोई कार्रवाई की जा सकती है। जांच रिपोर्ट को उच्चाधिकारियों के समक्ष भेज दिया गया है। उनका निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद भी ग्रामीण मंगलवार को तहसील पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किए। उनका कहना था कि तत्काल कोटेदार को निलंबित किया जाय। पूर्ति निरीक्षक और तहसीलदार ने हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझा कर मामला शांत करा दिया।

## उप निबंधन कार्यालय निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**धनघटा, संतकबीरनगर अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र के गागरगाड़ में उप निबंधन कार्यालय निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने धनघटा चौराहे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जिसके चलते चारों तरफ की सड़कों पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। पुलिस प्रशासन के काफी देर तक समझाने के बाद ग्रामीण वापस लौटे। बताते चलें कि धनघटा तहसील क्षेत्र के गागरगाड़ में उप निबंधन कार्यालय बनवाने के लिए स्थानीय निवासी सुभाष चंद्र गुप्ता ने अपनी निजी भूमि दान में दी है। भूमि पर उप निबंधन कार्यालय बनवाने के लिए टेंडर भी कर दिया गया है। जब निर्माण कार्य शुरू कराने का समय आया तो अधिवक्ता तहसील परिसर में ही उप निबंधन कार्यालय बनवाने की मांग करने लगे। जिसको लेकर अधिवक्ताओं से विवाद महीनो से चल रहा है। इसी मामले को लेकर ग्रामीणों ने धनघटा चौराहे पर मंगलवार को जाम लगा दिया और गागरगाड़ में चिन्हित की गई जमीन पर ही उप निबंधन कार्यालय बनवाने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर निर्धारित स्थान पर उप निबंधन कार्यालय नहीं बनवाया गया तो हम लोग बड़ा आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे।

# जिलाधिकारी ने बांटे बालिकाओं को उपहार

संवाददाता, संतकबीरनगर


छात्रा को उपहार स्वरूप स्कूल बैग प्रदान करते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मंगलवार को महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के लिए, शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में लाभार्थियों से संवाद किया। संवाद कार्यक्रम मे कुल 29 लाभार्थियों के साथ उनके परिजन भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को उपहार स्वरूप बैग, टिफिन, पानी की बोतल, चॉकलेट समेत तमाम उपहार वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### हरियाणा के बाद यूपी में भी हैट्रिक लगायेगी भाजपाः सर्वेश त्रिपाठी

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने हरियाणा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को वहां की जनता ने तीसरी बार सरकार बनाने के लिए चुना है उसी तरह 2027 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में भी उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को तीसरी बार सरकार बनाने का मौका देगी। लोगों का विश्वास केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रति पूरी तरह से कायम है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन चुका है। आज किसान, नौजवान महिलाएं और व्यापारी सभी तबके के लोग खुशहाल हैं।



### जनसुनवाई में कुशीनगर का प्रदेश में पहला रैंक

**कुशीनगर :** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस कार्यालय में आईजीआरएस (जनसुनवाई) में जनपद कुशीनगर का प्रदेश में प्रथम स्थान आने पर आईजीआरएस सेल में नियुक्त आईजीआरएस सेल प्र0नि0 अनिल कुमार यादव, का0 आलोक प्रताप सिंह, का0 राजेन्द्र सिंह यादव, का0 ज्ञानेन्द्र मिश्रा, का0 अक्षय कुमार चौधरी, का0 भीम राव व उमाशंकर यादव को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद कुशीनगर के सभी थानो को भी प्रथम रैंक प्राप्त हुआ।

## सार-संक्षेप

### संजय कॉलोनी में समस्याओं से जूझ रहे लोग

**बस्ती, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद भी जनपद के अधिकारी जन समस्याओं व सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। इसकी बानगी ब्लॉक साऊंघाट अंतर्गत ग्राम सभा महुडर स्थित संजय कॉलोनी है। जहां टूटी सड़कें, कूड़े से पटी नालियां, गंदगी में पनपते मच्छर, जगह-जगह कूड़े का ढेर, सरकारी अथवा गैर सरकारी जमीनों पर कब्जे और छुट्टा मवेशियों के सड़कों पर घूमते झुंड इसके प्रमाण हैं। कॉलोनी के बीच ही प्रसिद्ध शिरडी साई मंदिर, माता मंदिर, शिव मंदिर तथा प्रसिद्ध करमुआ बाबा का स्थान है। इन मंदिरों के चारों तरफ गंदगी और भारी जल जमाव सदैव बना रहता है। इस कॉलोनी में प्रवेश करते ही लोगों को कॉलोनी के अंदर की स्थिति का अंदाजा हो जाता है। क्योंकि मुख्य प्रवेश द्वार पर ही खुला गड्ढा आपके लिए खतरा बनकर नजर आ जाएगा। इसके बाद आगे पूरी सड़क पर 2 फीट तक गंदा पानी भरा मिलेगा। बीडीओ मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि संजय कॉलोनी में पानी निकासी न होने के कारण स्थिति खराब है। यदि पंपिंग सेट लगा कर पानी निकल भी दिया जाए तो फिर बारिश होने पर जल जमाव हो जाएगा। बरसात के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा, निरीक्षण कराया जाएगा।


ब्लॉक साऊंघाट अंतर्गत ग्राम सभा महुडर स्थित संजय कॉलोनी की बदहाल सड़क।

### मिनी सचिवालय से गायब रहते हैं सहायक पंचायत

**बस्ती, अमृत विचार।** सोनहा थाना के क्षेत्र पंचायत सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम पंचायत पिटाउट में मिनी सचिवालय पर सहायक पंचायत बराबर उपस्थित नहीं रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वह सीएचसी अमरौली शुमाली परिसर के निकट मेडिकल स्टोर चलाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आम जनता को योजनाओं का जानकारी नहीं हो पाती है। ग्राम पंचायत के आम जनता को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत सहायक से लाभार्थियों को आनलाइन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। ब्लाक सल्टौआ गोपालपुर के बीडीओ अनिल कुमार यादव ने बताया कि मिनी सचिवालय पर सहायक पंचायत उपस्थित नहीं रहते हैं। इसकी जांच करवाकर विभागीय लिखा पढ़ी की जायेगी। ग्राम प्रधान रवीन्द्र चौधरी ने बताया कि पंचायत सहायक को मिनी सचिवालय पर उपस्थित रहने की हिदायत दी गई है।

### जुआरी व सट्टा गैंग के 18 अभियुक्त गिरफ्तार

**कुशीनगर, अमृत विचार :** कप्तानगंज थाना पुलिस व स्वाट टीम ने क्षेत्र में छापेमारी कर जुआ व सट्टा गैंग के 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कप्तानगंज रेलवे ढाला के नहर की पटरी के पास से कुल 18 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से कुल 6,42000 रुपये नगद, 18 मोबाइल, 4 अदद चार पहिया वाहन, एक अदद मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पिंटू उर्फ इश्वरचन्द्र जायसवाल निवासी फुटहवा ईनार थाना चौरीचौरा जनपद गोरखपुर के पास से एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व पांच अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये अभियुक्तों का संगठित गैंग है, जो जनपद कुशीनगर, गोरखपुर, महराजगंज आदि जनपदों में पैसों का सट्टा लगाकर जुआ खेलते हैं। जिसमें अभियुक्त पिंटू जायसवाल उर्फ ईश्वरचन्द्र जायसवाल का एक विस्तृत अपराधिक इतिहास है। इसके खिलाफ कई जनपदों में 10 से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। वहीं इस्तेयाक उर्फ बब्लू निवासी साकिन सपहा कुशीनगर, नजीर शाह निवासी धुरिया कोट थाना सेवरही कुशीनगर, मुकेश मिश्रा निवासी सामपुर पकवाईनार थाना कसया कुशीनगर ,सत्येन्द्र यादव निवासी साकिन धुरियाकोट थाना सेवरही कुशीनगर, श्यामसुन्दर यादव निवासी साकिन नेता सूरहुरवा थाना कोतवाली महराजगंज जनपद महराजगंज, सच्चिदानन्द निवासी नेता सुरहुरवा थाना कोतवाली महराजगंज जनपद महराजगंज, राकेश यादव निवासी ग्राम सिघावट थाना पिपराइच गोरखपुर सहित कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा 20 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।

### हरियाणा में जीत, बस्ती में भाजपा ने बांटी मिठाई

**बस्ती, अमृत विचार।** हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने पर बस्ती भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र के नेतृत्व में लोगों ने लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। कार्यकर्ताओ को शुभकामनाएं देते हुए पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने से प्रदेश का समूचित विकास होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से हरियाणा में भाजपा ने इतिहास रचते हुए विपक्षी दलों का सुपड़ा साफ कर दिया है। 1966 में हरियाणा के गठन के बाद पहली बार कोई पार्टी तीसरी बार सरकार बना रही है।

# युवक ने चोरी की साइकिल तोड़ने के लिए रेलवे ट्रैक पर रखी थी, गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय स्थित गायत्री मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर बीते 5 अक्टूबर की सुबह साबरमती एक्सप्रेस के सामने साइकिल रखकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि साइकिल को ट्रैक पर तोड़ने के लिए रखा था। साइकिल दो भागों में टूट जाती तो उसे कबाड़ीवाले को बेचने में आसानी हो जाती। उससे मिलने वाली रकम से उसका दो-तीन दिन का शराब पीने का खर्च निकल जाता।


पकड़ा गया अभियुक्त।

एडिशनल एसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बीते 5 अक्टूबर को रेलवे ट्रैक पर साबरमती एक्सप्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए इंजन के सामने साइकिल रखी गई थी। हालांकि लोको पायलट की सतर्कता के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के बाद लोको पायलट द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बस्ती पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की दोपहर प्रवीण चौहान पुत्र रामनाथ चौहान निवासी ग्राम सिंघोड़ा थाना बेलघाट जिला गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त ने बताया कि वह शराब पीने का आदी है। 5 अक्टूबर को उसने एक पुरानी साइकिल चोरी कर सुबह के समय साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के आगे रख दी थी। जिससे कि वह साइकिल टुकड़ों में बंट जाए और उसे आसानी से बेच सके। ट्रेन के चले जाने के बाद दोपहर में साइकिल को ढूंढने आया था। इसी दौरान पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। एएसपी ने बताया अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# शिकायतों के निस्तारण में संतकबीरनगर अव्वल

संवाददाता, संतकबीरनगर


सत्यजीत गुप्ता, पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में संतकबीरनगर पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गए हैं कि थाने पर पहुंचने वाले पीड़ितों के साथ अच्छा तालमेल और उनके साथ अच्छा व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभय पक्ष के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें। बताते चलें कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है। जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य होता है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जांच के लु जांचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष और गुणवत्ता परक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाती है। आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सहकर्मियों को बधाई देते हुए आगे और बेहतर करने का आह्वान किया है।

# सिंचाई बंधु की मासिक बैठक का आयोजन


सिंचाई बन्धु की बैठक करते विभागीय अधिकारी।

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** शासन के निर्देश के अनुपालन में उपाध्यक्ष सिंचाई बंधु उपेन्द्र नाथ तिवारी की अध्यक्षता में जनपद संतकबीरनगर की सिंचाई बंधु की बैठक मंगलवार को सरयू नहर कालोनी खलीलाबाद के फील्ड हास्टल में सम्पन्न हुई। बैठक में शासन द्वारा निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं और कृषकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में शैलेन्द्र कुमार मिश्र, राजकुमार त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, जीशान रिजवी डीसी मनरेगा, गुलाबचन्द, दीनदयाल दूबे, डा. एस.के. चौधरी, प्रदीप कुमार साहू, बद्री प्रसाद, गौतम कुमार सिंह, अर्जुन प्रसाद समेत सम्बन्धित विभागों के तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रामलीला के मंच पर अश्लील डांस से रोष

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नवरात्र और दुर्गा पूजा पर्व के दौरान आयोजित रामलीला के मंचन से लोगों में धार्मिक आस्था मजबूत होती रही है। ऐसे मंचन से लोग धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत होते हैं। लेकिन इन दिनों हो रही रामलीला में बार बालाओं के डांस और फूहड़पन से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बखिरा नगर पंचायत के एक मोहल्ले में आयोजित रामलीला में ऐसा नजारा देखने को मिला है। इससे धार्मिक लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस पर अविलंब रोक लगाने की मांग किया है।

# हरियाणा की जीत पर भाजपा में जश्न

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर


हरियाणा की जीत पर जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत, विचार।** हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना में भाजपा की लगातार तीसरी बार सफलता पर भाजपाइयों ने लोहरैया चौराहे पर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

धनघटा विधानसभा क्षेत्र के लोहरैया चौराहे पर हरियाणा की जीत पर जश्न मनाते हुए भाजपा के जिला महामंत्री गणेश पांडेय ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के सभी प्रदेशों में भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है। विरोधी लगातार परास्त हो रहे हैं लेकिन वे अनर्गल प्रलाप करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उसी की देन है कि भाजपा का जनाधार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। विपक्षी दलों की साजिशों को नकारते हुए हरियाणा की जनता ने भाजपा के प्रति विश्वास जताते हुए लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की ऐतिहासिक सफलता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की चुनावी सभाओं का भी बड़ा योगदान है। श्री पाण्डेय ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। हरियाणा की तरह ही 2027 में उत्तर प्रदेश में भी योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।

**प्रतियोगिता** — माध्यमिक विद्यालयों की 68वीं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का रहा जलवा

# प्रदेश स्तरीय कुश्ती में साक्षी पाल को मिला पहला स्थान

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** माध्यमिक विद्यालयों की 68 वीं प्रदेशीय माध्यमिक कुश्ती प्रतियोगिता में संतकबीर आचार्य रामबिलास इंटर कॉलेज मगहर की छात्रा साक्षी पाल ने प्रथम और अनुज पासवान ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अपने विद्यालय के साथ ही पूरे जनपद और बस्ती मण्डल को गौरवान्वित किया है। प्रदेश में प्रथम स्थान पर रही साक्षी पाल अब प्रदेश की टीम से नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश का नेतृत्व करती नजर आएंगी। मगहर के विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में सफलता की कीर्तिमान स्थापित करने वाले होनहार छात्रों को विद्यालय परिवार ने स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने के साथ ही उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।


विजेता छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर राकेश सिंह और खेल शिक्षक महेंद्र यादव ने बताया कि 29 सितम्बर से तीन अक्टूबर के बीच रिजनल स्टेडियम गोरखपुर में आयोजित माध्यमिक विद्यालयों की कुश्ती प्रतियोगिता में 75 जनपदों के 18 मण्डलों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें संतकबीर आचार्य रामबिलास इंटर कालेज की छात्रा धनघटा तहसील क्षेत्र के ग्राम दुधरा कला निवासी छात्रा साक्षी पाल ने 50 किलो भार वर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जो प्रदेश की टीम का नेतृत्व करते हुए माध्यमिक विद्यालयों की कुश्ती प्रतियोगिता में नेशनल स्तर पर खेलती नजर आएंगी इसी तरह विद्यालय के ही छात्र अनुज पासवान हरदी जनपद गोरखपुर के निवासी अनुज पासवान ने 65 किलो भार वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया है सेमीफाइनल में चोट लग जाने के बावजूद खेल जारी रखते हुए उसने तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्रों के इस बड़ी सफलता पर विद्यालय प्रबन्धक कबीर चौरा के महंत विचार दास, महेन्द्र यादव, मुकेश यादव, अनिल वर्मा, गौरव प्रताप यादव, विरेन्द्र यादव, प्रमोद गुप्ता, राम कुमार वर्मा, रामकुंवर मौर्य, बृजलाल, आशुतोष सिंह, निसार खान, सम्पूर्णानंद त्रिपाठी, वेद प्रकाश, संतोष कुमार, बगीश पाण्डेय, जितेन्द्र भारती, मोहम्मद दीन, दिनेश कुमार, अष्टभुजा चौधरी, महेश्वर सिंह, सिद्धराज, नागेन्द्र कुमार, परमानंद यादव आदि शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बधाई दिया है।

# पडरौना में हुए बवाल में पुलिस ने अब तक 33 लोगों को भेजा जेल

संवाददाता कुशीनगर

फॉलोअप

**अमृत विचार:** पडरौना से रवीन्द्रनगर दुर्गाप्रतिमा ले जाते समय सोमवार को छावनी में दुर्गा प्रतिमा पर पथराव व श्रद्धालुओं से मार-पीट, गाली-गलौज और अभद्रता के घटना के बाद इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पूरी रात अभियान चलाया जिसमे अब-तक कुल 28 लोगों को जेल के साथ 5 को बाल संरक्षण में भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया घटना में संलिप्त हुए अन्य अभियुक्तों की वीडियो फुटेज व अन्य साक्ष्यो से चिन्हित कर पुलिस कार्यवाही में जुटी हैं। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। पडरौना नगर के छावनी में असमाजिक तत्वों द्वारा किया गया पथराव कही न कही स्थानीय पुलिस की घोर लापरवाही व चूक का परिणाम है। नवरात्र पर्व शुरू होने के बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा न तो किसी देवी मंदिरों व संवेदनशील क्षेत्र और पांडालो के सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया गया और न ही दुर्गा प्रतिमा आयोजन समिति के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस की पीस कमेटी की बैठक जिले में महज औपचारिकता बन कर रह गई है। हालांकि कि घटना की सूचना मिलने के बाद पडरौना कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुचकर मोर्चा संभाल लिया और प्रदर्शन कर रहे आक्रोशित युवको समझा-बुझाकर शांत कराने में जुट गई। मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस ने देर शाम तक घटना में शामिल 10 लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद रातभर सर्च आपरेशन चलाकर कुल 33 लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें पांच नाबालिग और तीन महिलाएं शामिल है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,875 |
| सोना रवा | 77,725 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,300 |
| चांदी (999) | 92,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# चुनाव के नतीजों से बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 585 अंक चढ़ा

## छह दिनों से जारी गिरावट पर लगी रोक, निफ्टी ने भी 217 अंक की बनाई बढ़त

- सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार को मिली मजबूती

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में छह दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 585 अंक चढ़ गया। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 584.81 अंक यानी 0.72% की बढ़त के साथ 81,634.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 713.28 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 217.40 अंक यानी 0.88% की तेजी के साथ 25,013.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा मोटर्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### एग्जिट पोल के उलट नतीजों से पड़ा सकारात्मक असर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि गिरावट के बाद निफ्टी-50 को 25,800 के स्तर पर समर्थन मिला। एग्जिट पोल के उलट सत्तारूढ़ दल के लिए अच्छे नतीजों से घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। बाजार प्रतिभागियों की नजर बुधवार को पेश होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर भी है। मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप 1.86 प्रतिशत जबकि स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.51 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,59,50,926.21 करोड़ रुपये पहुंच गया। स्टॉकबॉक्स में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेया रणदिवे ने कहा कि निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया में जारी संकट के साथ विधानसभा चुनावों के नतीजों से प्रभावित हुई।

# सेंसेक्स: भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक

सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक है, जो भारत की 30 बड़ी और महत्वपूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रदर्शन को मापता है। यह फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करता है, जहां सार्वजनिक रूप से ट्रेड होने वाले शेयरों का मूल्यांकन होता है। सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और निवेशकों की धारणाओं को प्रतिबिंबित करता है। वैश्विक बाजारों, सरकारी नीतियों, ब्याज दरों और वित्तीय घटनाओं से इसमें उतार–चढ़ाव होता है। इसे भारतीय शेयर बाजार की दिशा का प्रमुख संकेतक माना जाता है और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण गाइड है। आइए इसके बारे में जाने...

### सेंसेक्स कैसे काम करता है

**शेयरों का चयन :** सेंसेक्स में शामिल कंपनियों का चयन कुछ मापदंडों के आधार पर किया जाता है, जैसे :

**बाज़ार पूंजीकरण :** कंपनियों का मूल्यांकन उनके कुल शेयरों की कीमत के आधार पर किया जाता है।

**लिक्विडिटी :** कंपनियों के शेयरों का कितनी बार कारोबार होता है, यानी उनकी तरलता।

**सेक्टर विविधता :** सेंसेक्स में विभिन्न क्षेत्रों से कंपनियां होती है ताकि यह अर्थव्यवस्था के व्यापक हिस्से को प्रदर्शित कर सके।

**फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन :** सेंसेक्स का मूल्य फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति पर आधारित है। इसका मतलब है कि केवल उन शेयरों का मूल्यांकन किया जाता है जो जनता के लिए खुले होते हैं और जो प्रमोटर्स या सरकारी संस्थाओं द्वारा होल्ड नहीं किए गए हैं।

**बदलाव और उतार–चढ़ाव :** सेंसेक्स का अंक कंपनियों के शेयरों की कीमतों में होने वाले बदलाव से ऊपर–नीचे होता है। यदि शेयरों की कीमतें बढ़ती हैं, तो सेंसेक्स ऊपर और गिरती हैं तो नीचे जाएगा।

**आर्थिक और वैश्विक कारकों का प्रभाव :** सेंसेक्स पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं का गहरा प्रभाव होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था, सरकारी नीतियों, बजट, ब्याज दरों में बदलाव, वैश्विक बाजारों की स्थिति और अन्य घटनाओं का प्रभाव सेंसेक्स पर पड़ता है।

**समय के साथ समायोजन :** समय–समय पर सेंसेक्स की कंपनियों की सूची बदलती रहती है। अगर कोई कंपनी अधिक प्रदर्शन नहीं कर रही है या मार्केट कैप घट रहा है, तो उसे सेंसेक्स से बाहर किया जाता है और दूसरी स्थिर कंपनी को शामिल किया जाता है।




### सेंसेक्स को क्यों देखा जाता है?

**निवेशकों के लिए गाइड :** सेंसेक्स निवेशकों के लिए एक प्रमुख संकेतक होता है कि वे शेयर बाजार में निवेश के समय और उसकी स्थिति का आकलन कैसे करें।

**आर्थिक स्वास्थ्य का पैमाना :** सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह दर्शाता है कि कंपनियों के शेयरों की कीमतें समग्र रूप से बढ़ रही हैं या गिर रही हैं।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों का मापन :** इसमें शामिल कंपनियां अपनी फील्ड की प्रमुख कंपनियां होती हैं, जो भारतीय बाजार के बड़े हिस्से को कवर करती हैं।

## ऋण पात्रता निर्धारण मानक हुए और सख्त

**मुंबई।** सूक्ष्म वित्त उद्योग के स्व-नियामकीय निकाय एमफिन ने मंगलवार को कहा कि उसने कर्जदारों के अत्यधिक कर्ज में डूबे होने से जुड़ी चिंताओं के बीच सदस्यों के लिए ऋण पात्रता निर्धारण संबंधी दिशानिर्देशों को सख्त किया है। सूक्ष्म वित्त उद्योग नेटवर्क (एमफिन) ने कहा कि दिशानिर्देश ऋण देने में मौजूदा चुनौतियों का ध्यान रखते हैं, जिसमें ऋणदाता को पुराने कर्जों या बुलेट पुनर्भुगतान के मामले में भी एक घर से होने वाली निकासी का आंकड़ा नहीं मिल पाता है। सूक्ष्म ऋण देने वाले संस्थान कर्ज देते समय अलग तौर-तरीके अपना रहे हैं।

## आठ शहरों में आवासीय बिक्री में पांच प्रतिशत की गिरावट

- प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट की जारी

**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में आवासीय बिक्री में नई पेशकश में कमी तथा कीमतों में तेजी से पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट ब्रोकरेज मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने भारत के आवासीय बाजार पर मंगलवार को रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट जारी की। प्रॉपटाइगर ऑस्ट्रेलिया की आरईए समूह का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व है।

रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर में कुल 96,544 इकाइयां बेची गईं, जो 2023 में 1,01,221 इकाइयों से 5% कम है। शीर्ष आठ शहरों में कीमतों में 20% की वृद्धि हुई। केवल दिल्ली (एनसीआर) में मकानों की बिक्री बढ़ी है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री 29% है। अहमदाबाद में 9%, बेंगलुरू में 11%, चेन्नई में 8%, हैदराबाद में 19% और कोलकाता में बिक्री 22% घटी है।

## एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन का भारत करेगा उत्पादन

**नई दिल्ली।** भारत 2040 तक 80 लाख से एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन करने की क्षमता पा लेगा लेकिन इसके लिए उसे 70-85 अरब डॉलर निवेश की जरूरत होगी। सलाहकार फर्म डेलॉयट इंडिया की तरफ से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 80 लाख-एक करोड़ टन एसएएफ का उत्पादन देश की अनुमानित मांग को पार कर जाएगा। 2040 में विमानन ईंधन में 15% एसएएफ का मिश्रण के अनुरूप 45 लाख टन की जरूरत होगी।

## एनएच पर कई सुविधाएं देने वाली हमसफर नीति की शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया शुभारंभ, स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी मिलेंगी सुविधाएं

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को हमसफर नीति की शुरुआत की जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवे - एनएच ) पर स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। हमसफर नीति' में एनएच के किनारे स्थित पेट्रोल पंप स्टेशनों पर स्वच्छ शौचालय, शिशु देखभाल कक्ष, व्हीलचेयर के लिए प्रावधान, ईवी चार्जिंग स्टेशन, पार्किंग स्थल और ठहरने की सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

मंत्रालय ने कहा कि यह नीति राजमार्ग का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आनंददायक अनुभव प्रदान करेगी। यह नीति उद्यमियों को सशक्त बनाएगी, रोजगार पैदा करेगी और सेवा प्रदाताओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाएगी। गडकरी ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमसफर ब्रांड देश के विश्वस्तरीय राजमार्ग नेटवर्क पर यात्रियों और चालकों के लिए अत्यधिक सुरक्षा और आराम का पर्याय बन जाएगा।

## चाय निर्यात 23.79% बढ़ा 14.45 करोड़ किलो पहुंचा

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात इस साल जनवरी से जुलाई के बीच सालाना आधार पर 23.79% बढ़कर 14.45 करोड़ किलो हो गया। चाय बोर्ड के अनुसार, 2023 इसी अवधि में निर्यात 11.67 करोड़ किलो रहा था। निर्यात से प्राप्ति 2024 के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 264.96 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 256.37 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पामलूर गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में नक्सलियों के कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को रविवार को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### जीएसटी धोखाधड़ी में पत्रकार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को गुजरात के प्रमुख समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार को जीएसटी धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अजीत राजियन ने बताया कि गहन पूछताछ के बाद मंगलवार सुबह अपराध शाखा ने पत्रकार महेश लांगा को गिरफ्तार किया। केंद्रीय जीएसटी को महेश लांगा की पत्नी और पिता के नाम पर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके फर्जी फर्मों में कुछ संदिग्ध लेनदेन का पता चला था।

### वांगचुक को प्रदर्शन की अनुमति पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर–मंतर या अन्य स्थान पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति के मुद्दे पर बुधवार को सुनवाई करेगा। याचिका मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार गेडेला के समक्ष तत्काल सुनवाई को उल्लेख हुआ लेकिन पीठ ने बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# हरियाणा में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हुई हार

## कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ दिया करार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ करार देते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मौजूदा हालात में हरियाणा के परिणाम को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हरियाणा का अध्याय अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जगह-जगह से शिकायतें आई हैं और इनके बारे निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जाएगा।

रमेश ने दावा किया कि हमसे जीत छीनी गई है आज जो नतीजे आए हैं, वो जमीनी हकीकत के अनुसार नहीं हैं यह परिणाम लोक भावना के खिलाफ है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि हरियाणा में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार हुई है। उन्होंने कहा कि ये नतीजे अप्रत्याशित और जमीनी हकीकत से दूर हैं। खेड़ा ने कहा कि जम्मू कश्मीर की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम को गठबंधन की जीत बताते हुए कहा है कि मतदाताओं ने भाजपा के चुनाव जीतने के तिकड़म को धत्ता बताया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश तथा प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा के चुनाव परिणाम जमीनी हकीकत तथा जनता की भावनाओं के प्रतिकूल हैं। उन्होंने कहा कि हिसार, नारनोल सहित कई जिलों से शिकायतें मिली हैं कि जिन ईवीएम की बैटरी 99% थीं उन क्षेत्रों में पार्टी की हार हुई है और जिन क्षेत्रों में बैटरी 50-60% थी वहां कांग्रेस जीती है। बैटरी की शिकायत सुबह हुई थी।



पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और पवन खेड़ा।

- जगह-जगह की शिकायतों से निर्वाचन आयोग को कराया जाएगा अवगत

### निर्वाचन आयोग ने कहा: कांग्रेस के आरोप बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अद्यतन करने में देरी के उनके बेबुनियाद आरोप को साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ नहीं है। आयोग ने पार्टी के आरोपों को गैर–जिम्मेदाराना, निराधार और अनुचित दुर्भावनापूर्ण विमर्श को गुप्त रूप से विश्वसनीयता प्रदान करने का प्रयास करार दिया। इससे पहले कांग्रेस ने आयोग की वेबसाइट पर हरियाणा के चुनाव नतीजे अद्यतन करने में विलंब का आरोप लगाते हुए आयोग का रुख किया और कहा कि अधिकारियों को सही आंकड़ों के साथ वेबसाइट अद्यतन करने के लिए निर्देश जारी किए जाएं ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण विमर्श का मुकाबला किया जा सके। रमेश ने आयोग को पत्र लिखकर यह शिकायत की है। रमेश ने पत्र में कहा कि सुबह 9 से 11 बजे के बीच, वेबसाइट पर परिणामों को अद्यतन करने की गति काफी धीमी थी।

## हरियाणा में पार्टी की हार निराशाजनक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार को निराशाजनक करार दिया और कहा कि पार्टी को उन लोगों की पहचान करनी चाहिए, जिन्होंने उसे (पार्टी को) सत्ता में लाने के प्रयासों को विफल किया। उन्होंने कहा कि अब नए सिरे से सोचना होगा और चीजें जैसी चल रही हैं, वैसी नहीं चलेंगी। सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कहा कि नतीजे निराशाजनक हैं। हमारे कार्यकर्त्ता निराश हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को उन लोगों की पहचान करनी चाहिए, जिन्होंने 10 साल बाद पार्टी को सत्ता में लाने के प्रयासों को विफल कर दिया।



## कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट ने चुनावी मैदान में दी सबको पटखनी

**जींद (हरियाणा)।** ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में सबको पटखनी देते हुए जीत हासिल की है। कांग्रेस उम्मीदवार फोगाट ने मंगलवार को जुलाना विधानसभा सीट से चुनाव जीत लिया और भाजपा के योगेश कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया। ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद भारत लौटने पर विनेश ने खेल से सन्यास लेने का ऐलान कर राजनीति का दामन थाम लिया। विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विनेश कांग्रेस में शामिल हुईं और पार्टी ने जुलाना से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। जुलाना विनेश फोगाट का ससुराल है।



कभी अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे और कभी पीछे हुईं विनेश को कुल 65,080 मत मिले, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेश को 59,065 मत मिले। आप प्रत्याशी कविता दलाल केवल 1,280 मत ही पा सकीं। इंडियन नेशनल लोकदल और बसपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र लाठर ने 10,152 मत और जननायक जनता पार्टी से विधायक रहे अमरजीत ढांडा 2,477 मत पा सके।

# कश्मीर घाटी में लोकतंत्र फिर से हुआ जीवित : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा-लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने, सबसे अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जताया आभार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में भाजपा को अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जनता का आभार जताते हुए मंगलवार को कहा कि कश्मीर घाटी में अब लोकतंत्र फिर से जीवित हुआ है, क्योंकि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने हैं।

उन्होंने इस बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया और कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। उन्होंने चुनाव परिणाम आने के बाद एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मोदी ने जनता से वादा किया था कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष है कि 80 के दशक से आतंकवाद के आने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतना पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव देखा और बढ़-चढ़कर चुनाव में हिस्सा लिया।

## निर्णायक नतीजों से सबक ले केंद्र सरकार : महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के निर्णायक फैसले से सबक लेना चाहिए और आगामी नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उसकी जीत पर बधाई दी और कहा कि उनकी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि अगर स्पष्ट जनादेश नहीं होगा तो कुछ अनिष्ट होगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने कहा कि केंद्र को फैसले से सबक लेना चाहिए और सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।



## भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रमुख रैना नौशेरा सीट से हारे

जम्मू, एजेंसी

- रैना नेकां के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हारे

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में मंगलवार को 29 सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना राजौरी जिले की नौशेरा सीट पर जीत दर्ज करने में विफल रहे। रैना ने कहा कि उन्होंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, रैना को 27,250 वोट मिले और वह नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हार गए। चौधरी को 35,069 मत मिले। रैना ने कहा कि मैंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है। मैं उनके समर्थन के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं। रैना ने भाजपा को समर्थन देने के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ने रिकॉर्ड 29 सीट पर विजय के साथ अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। हम मतदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र की हार से हमें झटका लगा है।

## बडगाम के बाद उमर गांदरबल से भी जीते

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पार्टी के गढ़ गांदरबल से मंगलवार को जीत हासिल की। अब्दुल्ला ने पीडीपी के बशीर अहमद मीर को 10 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने बडगाम सीट से भी 18,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। गांदरबल में अब्दुल्ला को 32,727 वोट मिले और मीर को 10,574 वोट के अंतर से हराया। मीर को 22,153 मत मिले। नेकां नेता ने 2008 में भी गांदरबल सीट जीती थी और जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

## इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 46 लाख रुपये ठगे

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला से 46 लाख रुपये ठग लिये। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला को पिछले माह फोन किया और खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। ठग ने महिला को झांसा दिया कि नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त, आतंकी गतिविधियों और धन शोधन में एक व्यक्ति ने उसके बैंक खाते का दुरुपयोग किया है और मिलीभगत पर उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ है। ठगों ने वीडियो कॉल से महिला को डिजिटल अरेस्ट कर पांच दिन तक फर्जी पूछताछ की। महिला को धमकी दी कि अगर उसने गिरोह के बताए खातों में रकम नहीं भेजी, तो उसे और उसकी संतानों को खतरा है। घबराई महिला ने 46 लाख गिरोह के बताए बैंक खातों में दो किस्तों में भेज दिए।

## अलवर में नकली खाद के 500 कट्टा बरामद

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के विजय मंदिर पुलिस थाना अंतर्गत झाडोली गांव में मंगलवार को 500 कट्टा नकली खाद बरामद हुई। बरामद खाद उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से आई थी और बिल्टी देखने पर इसकी दर प्रति बैग 120 रुपये थी। इसकी डिलीवरी पाटन मेवान में ताहिर को देनी थी। यह ताहिर ही यहां से इलाके में किसानों को बेचता है। कृषि अधिकारी सहायक निदेशक राजगढ़ अलवर में कार्यरत बृजेन्द्र गोयम ने इसकी रिपोर्ट सात अक्टूबर को सूचना दर्ज कराई थी।

## कुलतली मामला : ग्रामीणों ने पुलिस वाहन में की तोड़फोड़

कोलकाता, एजेंसी

- ट्यूशन से घर लौट रही चौथी कक्षा की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हुई थी हत्या

प. बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में 10 साल की बच्ची का शव अंतिम संस्कार को उसके गांव ले जाने पर ग्रामीणों ने पुलिस के वाहन को घेर लिया। इस दौरान प्रदर्शन करते हुए उसमें तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पांच अक्टूबर को चौथी कक्षा की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई जब वह ट्यूशन से घर लौट रही है। पीड़िता का शव काटापुकुड़ के शवगृह में रखा था। पोस्टमार्टम कराकर बच्ची का शव लाने के बाद ग्रामीणों ने कुलतली के कृपाखली मोड़ पर धरना दिया, जिनमें महिलाएं थीं। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार सुबह शव के साथ महिषमारी पुलिस चौकी तक मार्च निकालने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने रोक दिया। लोग शव श्मशान घाट ले गए, लेकिन कुछ लोग सड़क बाधित करने पहुंचे और यह प्रदर्शन हिंसक हो गया।

## दीपावली पर आतिशबाजियों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में दीपावली के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से गुप्त रूप से आयातित आतिशबाजी, अनधिकृत निर्माण एवं अवैध बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शिमला के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजित भारद्वाज ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया गत वर्षों में यह देखने को मिला है की अवैध पटाखों के निर्माण के दौरान अनेक दुर्घटनाएं हुई है जिसमें कई लोगों की मृत्यु अथवा घायल हुए है। इसके साथ अवैध तरीके से पटाखों का आयात होने की खबरें भी मिलती है जिसमे संवेदनशील रासायनिक पदार्थ शामिल होते है और जिनकी भारतीय कानून के तहत अनुमति नहीं है। भारद्वाज ने कहा कि आतिशबाजी विक्रेता द्वारा फॉर्म एलई-3 और एलई-5 में लाइसेंस की शर्तों का सख्ती से पालन किया जाना आवश्यक है।

## हरियाणा विस चुनाव में आदित्य कृष्ण व मम्मन ने दर्ज की जीत

चंडीगढ़, एजेंसी

- आदित्य ने कैथल सीट पर भाजपा विधायक लीला राम को हराया

हरियाणा विस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के कृष्ण लाल मिड्ढा और फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मम्मन खान ने अपने क्षेत्रों से मंगलवार को जीत हासिल की। चुनाव जीतने वालों में कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला भी हैं। आयोग की वेबसाइट के अनुसार, जींद से भाजपा विधायक मिड्ढा ने कांग्रेस के महावीर गुप्ता को 15,860 मतों से हराया। वहीं खान ने भाजपा के नसीम अहमद को 98,441 मतों से हराया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला ने कैथल सीट पर भाजपा विधायक लीला राम को 8,124 मतों से हराया। वहीं खरखौदा से भाजपा के पवन खरखौदा ने कांग्रेस के जयवीर सिंह को हराया। सफीदों सीट पर भाजपा के राम कुमार गौतम ने कांग्रेस के सुभाष गांगोली को हराया।

## ताज का दीदार


मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनकी बेगम साजिदा मोहम्मद ने मंगलवार को ऐतिहासिक ताजमहल का दीदार किया और 17वीं शताब्दी की वास्तुकला के इस अद्भुत नमूने को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

# राष्ट्रीय चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना जरूरी

## एयर चीफ मार्शल ने जवानों का बढ़ाया हौसला, तामबरम स्टेशन पर वायु सेना के स्थापना दिवस का आयोजन

चेन्नई, एजेंसी

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि वायु सेना को राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। वायु सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां तामबरम वायु सेना स्टेशन पर वायु सेना के 92 वें स्थापना दिवस पर कहा कि मौजूदा वैश्विक सुरक्षा स्थिति निरंतर बदल रही है और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि नयी और आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोच के साथ नवीनतम तकनीक को अपनाना आज के मल्टी-डोमेन माहौल में निर्णायक भूमिका निभाएगा। एयर चीफ मार्शल सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वायु सेना दिवस 2024 की विषय वस्तु, भारतीय वायु सेनाः सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर भारतीय वायुसेना की आकांक्षाओं को पूरी तरह से बयान करती है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हम बेहतर तकनीक के साथ अधिक सशक्त हो गए हैं और सिस्टम तथा हथियारों के इस्तेमाल के नए स्तर हासिल किए हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है।


परेड का निरीक्षण करते हुए वायु सेना प्रमुख।

### वायु सेना ने अपनी क्षमता को साबित किया

वायु सेना प्रमुख ने वायु सेना दिवस को वायु योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने, पिछले वर्ष आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने, सुधार के क्षेत्रों को पहचानने एक अवसर बताया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि वायुसेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा हमारा प्राथमिक उद्देश्य हर समय, समय पर, लक्ष्य पर हथियार से चोट करना है और इस क्षमता को फरवरी 2024 में पोखरण रेंज में मारक क्षमता प्रदर्शन अभ्यास वायु शक्ति के दौरान प्रदर्शित किया गया था।

### मित्र देशों के साथ अभ्यासों में भागीदारी बढ़ाई

एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि वायुसेना ने इस साल मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी बढ़ायी है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति का सफल आयोजन भारत के वायु योद्धाओं की क्षमता और पेशेवर अंदाज का प्रमाण है। वायुसेना प्रमुख ने पिछले एक साल में किए गए विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वायुसेना हमेशा देश और विदेश दोनों में मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए पहला कदम उठाने वाली रही है।

## एक नजर

### चिली के ईस्टर द्वीप के पास भूकंप के झटके

**हांगकांग।** चिली के ईस्टर द्वीप के दक्षिणपूर्व में मंगलवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किये गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार मध्यरात्रि के बाद 12:35 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 36.20 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 99.04 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### नौ सदस्यीय संविधान सुधार आयोग की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के संविधान की समीक्षा और मूल्यांकन करने तथा आवश्यक सुधारों की सिफारिश करने के लिए नौ सदस्यीय आयोग के गठन की घोषणा की है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, प्रमुख बांग्लादेशी-अमेरिकी प्रोफेसर अली रियाज के नेतृत्व में संविधान सुधार आयोग 90 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगा।

### उ. कोरिया ने अमेरिका को दी परमाणु हमले की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एकबार फिर चेतावनी दी है कि वह दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ संभावित संघर्ष में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। किम ने दोनों देशों पर उत्तर कोरिया को युद्ध के लिए उकसाने और कोरियाई प्रायद्वीप में दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को इस बारे में खबर दी। किम पहले भी कई बार इस तरह की धमकी दे चुके हैं।

### ओसामा के बेटे को फ्रांस नहीं देगा प्रवेश

**पेरिस।** फ्रांस के गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार उमर बिन लादेन फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में रह रहा था लेकिन फ्रांस के अधिकारियों द्वारा उसे देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद वह अक्टूबर 2023 में देश छोड़कर चला गया।

# इजराइलियों को करेंगे विस्थापित: हिजबुल्ला

## हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने दी धमकी, कहा- हमले का दायरा बढ़ाया जाएगा

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने धमकी दी है कि इजराइल के और नागरिकों को विस्थापित होना पड़ेगा क्योंकि उसका समूह इजराइल के भीतरी इलाकों को निशाना बनाते हुए रॉकेट दाग रहा है। कासिम ने मंगलवार को टेलीविजन पर जारी एक बयान में कहा कि उसके समूह की सैन्य क्षमताएं अभी भी बरकरार हैं और उसने लेबनान के एक बड़े हिस्से पर कई सप्ताह तक इजराइल के हवाई हमलों के बाद अपने वरिष्ठ कमांडरों की जगह नये कमांडर नियुक्त कर दिए हैं।

इजराइल के इन हमलों में लेबनान के शीर्ष कमान के अधिकांश सदस्य मारे गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद इजराइली सेना आगे नहीं बढ़ पाई है। इजराइली सेना ने कहा है कि अब चौथी डिवीजन जमीनी अभियान में हिस्सा ले रही है, जो पश्चिम की ओर फैल गया है। हालांकि अभियान अभी भी सीमा के साथ लगी एक संकरी पट्टी तक ही सीमित नजर आ रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि उसने हिजबुल्ला के सैकड़ों ठिकानों को निशाना बनाया है, सीमा से लगे क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया है और हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार गिराया है। दोनों पक्षों द्वारा युद्ध को लेकर किये गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करने का कोई तरीका नहीं है। कासिम ने कहा, हम सैकड़ों रॉकेट और दर्जनों ड्रोन दाग रहे हैं। बड़ी संख्या में बस्तियां और शहर हमारी जवाबी कार्रवाई के निशाने पर हैं। हमारी क्षमताएं मजबूत हैं और हमारे लड़ाके अग्रिम मोर्चे पर तैनात हैं।


इजराइल के खिलाफ विरोध जताते लोग।

### हिजबुल्लाह मुख्यालय का कमांडर मारा गया

**यरूशलम।** इजराइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि लेबनानी आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला मुख्यालय के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी हमले में मारा गया। आईडीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इजराइली वायु सेना ने बेरूत क्षेत्र में सटीक, खुफिया-आधारित हमला किया जिसमें हुसैनी मारा गया। वह हिजबुल्ला मुख्यालय में रसद की देखरेख करता था और संगठन में विभिन्न इकाइयों के बजट एवं प्रबंधन का प्रभारी था। हुसैनी ने ईरान और हिजबुल्ला के बीच हथियारों के आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उस पर हिजबुल्लाह की इकाइयों के बीच उन्नत हथियार वितरित करने, हथियारों का परिवहन एवं आवंटन की देखरेख करने की जिम्मेदारी थी।

### गाजा पट्टी में इजराइली सैनिकों को मारने का दावा किया

**गाजा।** हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने उत्तरी गाजा शहर में एक हमले में कई इजराइली सैनिकों को मारने घायल करने का दवा किया है। अल-कसम ब्रिगेड के बयान के अनुसार उसके सदस्यों ने एंटी-कार्मिक बम के माध्यम से 10 इजराइली सैनिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में काफी सैनिक हताहत हुए। बयान में यह भी कहा गया कि ब्रिगेड ने निकासी के लिए एक हेलीकॉप्टर को उतरते देखा, लेकिन घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। ब्रिगेड ने दावा किया कि उन्होंने गाजा शहर के उत्तर में तुवाम क्षेत्र में यासीन 105 मिसाइल से एक इजराइली बख्तरबंद कार्मिक वाहक को निशाना बनाया था। इजराइली सेना ने घटनाओं पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। सार्वजनिक इजराइली रेडियो ने बताया कि उत्तरी गाजा में सैन्य बलों को महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा और घायल सैनिकों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए है। अल-क़सम ब्रिगेड ने यह भी कहा कि उन्होंने 114-मिमी कैलिबर के साथ कई कम दूरी की मिसाइलों का उपयोग करके, राफा शहर के पूर्व में सैन्य सभाओं और परिचालन केंद्रों के साथ-साथ दक्षिणी इज़राइल में स्देरोट क्षेत्र को निशाना बनाया।

### हिजबुल्ला ने दागे पांच रॉकेट

**यरूशलम/बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्ला लड़ाकों ने सोमवार देर रात मध्य इजरायल पर लगभग पांच रॉकेट दागे लेकिन इससे क्षेत्र में कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासियों ने मध्य इजरायल के आसमान में विस्फोटों की आवाज़ सुनने की सूचना दी। इजराइली सेना ने कहा कि सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा लगभग पांच प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए गए थे। कई रॉकेट रोके गए, जबकि अन्य खुले इलाकों में गिरे।

# विदेशी सरकारें अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप का प्रयास कर रहीं

- अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने किया आगाह

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने सोमवार को आगाह किया कि विदेशी सरकारें इस साल होने जा रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव में अमेरिकी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने के प्रयास के तहत देशभर में प्रतिनिधि सभा और सीनेट के चुनावी मुकाबले को प्रभावित कर रही हैं। रूस और चीन ने कुछ चुनावी मुकाबलों में उम्मीदवारों की मदद करने या उन्हें नुकसान पहुंचाने के मकसद से एक अभियान शुरू किया है।

नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक कार्यालय के अधिकारी ने यह नहीं बताया कि कितने मुकाबलों पर असर डाला गया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि दोनों देशों ने ऐसे चुनावी मुकाबलों में हस्तक्षेप किया है जहां उन्हें लगता है कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा हित दांव पर हैं। अधिकारियों ने कहा कि अन्य छोटे देश भी चुनाव में हस्तक्षेप करने का प्रयास कर सकते हैं। सोमवार को विदेशी चुनाव खतरों पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, क्यूबा लगभग निश्चित रूप से ऐसे उम्मीदवारों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है जो वहां की सरकार को लगता है कि अमेरिका में उनके हितों का समर्थन करेंगे। खुफिया अधिकारियों ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट के लिए कड़े चुनावी मुकाबले के दौरान यह रिपोर्ट जारी की है। उन्होंने नाम न उजागर करने की शर्त पर पत्रकारों को बताया कि रूस और चीन के नेता अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था को अच्छी तरह समझते हैं और मानते हैं कि इस साल का करीबी चुनावी मुकाबला दुष्प्रचार के लिए अच्छी स्थितियां पैदा करता है।

### ट्रंप ने अमेरिका-इजरायल संबंधों को मजबूत बनाने का किया वादा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बने तो इजराइल और अमेरिका के बीच रिश्ते पहले से भी ज्यादा मजबूत होंगे। ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम के दौरान कहा अगर मैं राष्ट्रपति बनूंगा, तो अमेरिका एक बार फिर पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और एकजुट होगा। ट्रम्प ने कहा कि वह यहूदी देश और अमेरिकी यहूदी समुदायों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इजरायल के खिलाफ खतरों को रोकने और आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई का समर्थन करने का वादा किया।

# हमलों के बीच शांति से मनाएंगे दुर्गा पूजा

- बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध स्वरूप नहीं होंगे बड़े आयोजन

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक नेताओं का कहना है कि शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हिन्दू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए इस साल समुदाय के लोग देश में दुर्गा पूजा को शांत तरीके से मनाएंगे। नौकारियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को हसीना ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और पिछले दो माह में हिन्दू समुदाय के खिलाफ दो हजार से अधिक हमले हुए।

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) की एक समिति के सदस्य रंजन करमाकर ने बताया, इस साल हम सिर्फ दुर्गा पूजा का आयोजन कर रहे हैं और कोई समारोह नहीं होंगे। करमाकर ने कहा यह हिंदू समुदाय की ओर से विरोध का एक तरीका है और इस साल अगस्त से हमारे समुदाय पर लगातार हमलों के बाद हिंदू समुदाय के लोग किसी भी तरह के पर्व में हिस्सा लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई पूजा आयोजकों को धमकियों और जबरन वसूली के लिए कॉल की जा रही हैं। बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के अध्यक्ष वासुदेव धर ने कहा कि सरकार ने उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया है, लेकिन समुदाय ने फैसला लिया है कि वे सिर्फ दुर्गा पूजा का ही आयोजन करेंगे, लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित किसी भी प्रकार के उत्सव का आयोजन नहीं करेंगे।

### अमेरिका ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने का किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह चाहता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा हो। देश में अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले हिंदू अपना सबसे बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा मना रहे हैं। अमेरिका का यह बयान बांग्लादेश में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और अगस्त में उनके भारत चले जाने के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर बढ़ते हमलों के मद्देनजर आया है। प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, निश्चित ही, हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा होते देखना चाहते हैं। मिलर से कुछ धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू समुदाय को उनके सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा के दौरान दी जा रही धमकियों के बारे में सवाल पूछा गया था जिसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं।

## सूडान में विस्थापितों के शिविर पर गोलाबारी में सात लोगों की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशर में विस्थापित व्यक्तियों के शिविर पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के तोपखाने हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और 59 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उत्तरी दारफुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर के अनुसार, अबू शौक शिविर पर हमला दो दिनों तक चला, जिसमें रविवार को दो और सोमवार को पांच और मौतें हुईं। फोन पर बात करते हुए खतीर ने कहा कि रविवार की बमबारी में 20 लोग घायल हो गए, इसके बाद सोमवार को 39 लोग घायल हो गए। गैर-सरकारी संगठन, सूडानीज़ डॉक्टर्स नेटवर्क ने नागरिक क्षेत्रों पर गोलाबारी की निंदा की।

# चीनी सैन्य प्रशिक्षण जहाज को अनुमति पर सरकार का बचाव

- श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा- यह निर्णय कूटनीतिक संबंधों के दायरे में आता है

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के नवनियुक्त विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने मंगलवार को चीनी सैन्य प्रशिक्षण जहाज को कोलंबो आने की अनुमति देने के सरकार के कदम का बचाव करते हुए कहा कि यह निर्णय देश के कूटनीतिक संबंधों के दायरे में आता है और इस तरह की यात्राओं से कोई खतरा नहीं है।

वह चाइनीज़ पीएलए की नौसेना के प्रशिक्षण युद्धपोत पो लैंग के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे जो मंगलवार को कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा था। एक बयान में कहा गया कि यह समुद्री यात्रा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नौसैनिकों की पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाना और अन्य देशों के साथ नौसैन्य आदान-प्रदान करना है। कैबिनेट प्रवक्ता हेराथ ने कहा कि श्रीलंका सभी देशों के साथ संतुलित राजनयिक संबंध बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि चीनी सैन्य प्रशिक्षण पोत को श्रीलंका आने की अनुमति देने का सरकार का निर्णय देश की कूटनीतिक प्रतिबद्धताओं के दायरे में आता है।

### सैन्य प्रशिक्षण को अनुमति देने में खुशी होती है : हैराथ

हेराथ ने कहा हमें सैन्य प्रशिक्षण जहाजों को अनुमति देने में खुशी होती है। वे कोई खतरा पैदा नहीं करते। हमने जर्मनी और अमेरिका से सैन्य जहाजों को आते देखा है। पिछली सरकार ने श्रीलंका के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में विदेशी वैज्ञानिक अनुसंधान सर्वेक्षण जहाजों को प्रवेश की अनुमति देने पर रोक लगा दी थी।

## इमरान खान और एक मुख्यमंत्री पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के नेता एवं खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर मंगलवार को हत्या के प्रयास का एक नया मामला दर्ज किया गया। यह मामला पिछले हफ्ते यहां उनकी पार्टी द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत से जुड़ा है। राज्य की ओर से संघीय राजधानी के नून थाने में हत्या के प्रयास, आगजनी, राज्य पर हमला और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के साथ ही आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धाराओं के तहत मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान पीटीआई के संस्थापक खान और गंडापुर पर पुलिसकर्मी अब्दुल हमीद की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

# धौलागिरी पर्वत से फिसलकर पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत

- विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का था लक्ष्य

काठमांडू, एजेंसी

धौलागिरी पर्वत पर लापता हुए पांच रूसी पर्वतारोही मंगलवार को सात हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर मृत पाए गए। खोज एवं बचाव अभियान में शामिल हेली एवरेस्ट के उपाध्यक्ष मिंगमा शेरपा के अनुसार, पांचों रूसी पर्वतारोही नेपाल के शरदकालीन पर्वतारोहण सत्र के दौरान रविवार को विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का लक्ष्य लेकर चल रहे थे।

पर्वतारोहियों की पहचान अलेक्जेंडर दुशेको, ओलेग क्रुग्लोव, व्लादिमीर चिस्तिकोव, मिखाइल नोसेंको और दिमित्री शपीलेवोई के रूप में हुई है। सुबह छह बजे उच्च शिविर से रवाना होने के बाद शिखर पर चढ़ाई के प्रयास के दौरान इनका आधार शिविर से संपर्क टूट गया था। शेरपा ने बताया कि वे सभी एक रस्सी के सहारे 8,167 मीटर ऊंची चोटी की ओर बढ़ रहे थे और इस दौरान लापता हो गए। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर की मदद से 7,700 मीटर की ऊंचाई पर शवों को ढूंढा गया। नेपाल पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग ने बताया कि खराब मौसम के कारण सोमवार को बचाव कार्य को अंजाम नहीं दिया जा सका। उन्होंने बताया कि एक अन्य रूसी पर्वतारोही को हेलीकॉप्टर द्वारा आधार शिविर से बचाया गया। शवों को माउंट धौलागिरी से नीचे कब और कैसे लाया जाएगा, यह अभी तय नहीं हो सका है।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद ने दूसरी बार चुनाव जीता

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के आम चुनाव में सोमवार को राष्ट्रपति कैस सईद ने शानदार जीत हासिल करते हुए, पहले कार्यकाल के बाद सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। सईद के पहले कार्यकाल में उनके विरोधियों को जेल में डाल दिया गया था और देश की संस्थाओं में फेरबदल किया गया था, ताकि उन्हें अधिक अधिकार दिए जा सकें। उत्तर अफ्रीकी देश के स्वतंत्र चुनाव उच्च प्राधिकार ने कहा कि सईद को 90.7 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि एक दिन पहले जारी, चुनाव बाद के सर्वेक्षण एग्जिट पोल में उन्हें देश में भारी बढ़त हासिल होती दिखाई गई थी। ट्यूनिशिया को एक दशक से भी अधिक समय पहले अरब विद्रोह' का जन्मस्थान माना जाता था।

**भविष्य की तैयारी** | चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं

# चांद की धरती के लिए बनने लगे आवासीय डिजाइन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चंद्रमा पर मानव के रहने के लिए आवासीय डिजाइन बनने शुरू हो गए हैं। पृथ्वी से जुदा चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएंगे। मानव मिशन की दौड़ मे सबसे पहले अमेरिका व चीन की मुहिम चांद पर इंसान को बसाना है। चांद पर घर बसाने की कवायद के दिन नजदीक आते जा रहे हैं।

संभव है कि अगले दशक में चांद पर इंसानों की पहली बस्ती मूर्त रूप ले चुकी होगी। बड़ा प्रश्न है कि वहां किस तरह के मकान होंगे और कैसा उस धरती का रहन सहन होगा। क्योंकि पृथ्वी जैसे हालात चंद्रमा की धरती पर कतई नही होंगे। वहां सांस लेना भी आसान नही होगा और ग्रेविटी का प्रभाव भी मानव शरीर को लड़खड़ाने को मजबूर करेगा। सूर्य की किरणें रेडिसन साथ लाएंगी तो धूप वाला हिस्सा गर्मी से सताएगा। उल्काओं की मार का डर सिर पर हमेशा मंडराता रहेगा। कुल मिलाकर अथाह दुश्वारियां चांद की धरती पर वैज्ञानिकों के लिए बड़ी चुनौती होगी। दिलचस्प बात यह है कि वैज्ञानिकों को हर चुनौती मंजूर है, जिसे पार करने के लिए तैयार भी हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार चंद्रमा पर भौतिक बुनियादी ढांचा वहां किसी भी दीर्घकालिक मानव उपस्थिति के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा।

अमेरिका और चीन चंद्रमा पर मानव उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। इसकी शुरुआत टावर के रूप में गुम्बदनुमा आवास विकसित करना होगा। सौर पैनलों से लेकर संचार सारणियों तक उपकरणों के टॉवर खड़े किए जाएंगे। चंद्र गुरुत्वाकर्षण के वजन उठाने की क्षमता के अनुसार निर्माण कार्य किये जाएंगे। उत्तरी कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी और नासा के लैंगली रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं ने चांद पर निर्माण कार्यों को लेकर शोध किया है। शोध के आधार पर ही चंद्रमा पर निर्माण कार्य किए जाएंगे।



### चांद की दौड़ में नासा का आर्टेमिस सबसे आगे

नैनीताल : चंद्रमा पर मानवदल को पहुचाने के लिए नासा का मिशन आर्टेमिस सबसे आगे नज़र आता है। इस मिशन का मूल उद्देश्य मंगल पर इंसान को पहुचाना है, लेकिन इससे पहले मानव दल चांद की धरती पर उतरेगा। दरअसल चांद अंतरिक्ष के लंबे सफर में मानव का पड़ाव बनेगा, जो एक डिपो की तरह कार्य करेगा। मंगल समेत अंतरिक्ष की अन्य संभावित लंबी यात्राओं की आगे का सफर चांद के जरिए ही पूरा होगा।